CMYK

सूर्योदय : 6:47
सूर्यास्त : 5:15
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 6.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-183 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 24 दिसम्बर 2024
21 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 71,000 युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

# आज का युवा लहरा रहा परचम : पीएम

- देश भर में 45 जगह आयोजित किया गया रोजगार मेला



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भर्ती अभियान रोजगार मेला के तहत करीब 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेलों के जरिए हम लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीते एक-डेढ़ साल में करीब 10 लाख युवाओं को सरकार ने पक्की सरकारी नौकरी दी है। आज भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। वह हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा था, इस उत्सवी माहौल में, आज इस पावन दिन पर, रोजगार मेले में 51,000 युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। भारत सरकार में देश के लाखों युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरी देने का सिलसिला जारी है। भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में भी लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया गया। इनमें गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं वित्तीय सेवा शामिल हैं।

## जन केंद्रित नीति ही दुनिया को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाएं प्रेम, सद्भाव और भाईचारा सिखाती हैं और इस भावना को मजबूत बनाने के लिए सभी को काम करना जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सिर्फ जन-केंद्रित नीति जैसी भारत ने अपनाई है, 21वीं सदी की दुनिया को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। भारत के कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस द्वारा आयोजित क्रिसमस समारोह में मोदी ने कहा कि जब समाज में हिंसा फैलाने और विघटन पैदा करने की कोशिश की जाती है तो उन्हें बहुत दुख होता है। जर्मनी में क्रिसमस बाजार पर हुए हमले और श्रीलंका में 2019 ईस्टर बम विस्फोटों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि ऐसी चुनौतियों से एकसाथ मिलकर लड़ना जरूरी है।

# अनियमितताओं की जांच के लिए स्वतंत्र आयोग का होगा गठन

- यूपी पीसीएस-जे 2022 मुख्य परीक्षा विवाद
- हाईकोर्ट ने जांच का जिम्मा जस्टिस गोविंद माथुर को सौंपा



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मुख्य परीक्षा में अनियमितताओं के आरोपों की स्वतंत्र जांच के लिए सेवानिवृत्ति मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर की नियुक्ति की है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति गोविंद माथुर को इन खामियों की जांच, मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा और उम्मीदवारों की शिकायतों को हल करने का दायित्व सौंपा गया है। न्यायालय ने यूपीपीएससी को जांच पूरी होने तक परीक्षा से संबंधित सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह एवं न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने दिया है। आदेश कॉपियों से छेड़छाड़, प्रक्रियात्मक खामियां और मेरिट सूची से गलत तरीके से बाहर करने के आरोप में दाखिल श्रवण पांडेय व अन्य की याचिकाओं पर वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अहमद नकवी, अधिवक्ता शाश्वत आनंद आदि को सुनकर दिया है। श्रवण पांडेय की याचिका में आरोप है कि उनकी अंग्रेजी की उत्तर पुस्तिका से छेड़छाड़ की गई। जुलाई माह में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान गंभीर त्रुटि स्वीकार की।

## न्यूज डायरी

### पीलीभीत में मुठभेड़, तीन ढेर



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में जिला पुलिस तथा पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम के साथ सोमवार तड़के हुई मुठभेड़ में गुरुदासपुर (पंजाब) में पुलिस चौकी पर बम फेंकने वाले तीन अपराधी मारे गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अपराधियों के कब्जे से दो एके-47 राइफल तथा दो ग्लॉक पिस्तौल बरामद की गई हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने इसे पाकिस्तान प्रायोजित 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' मॉड्यूल के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी करार दिया। अपराधियों की पहचान गुरदासपुर के निवासी गुरविंदर (25), वीरेंदर सिंह (23) और जसन प्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह (18) रूप में हुई है। मुठभेड़ उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के पूरनपुर पुलिस थाना क्षेत्र में हुई।

### आठ जनवरी को होगी 39-सदस्यीय संसदीय समिति की बैठक

**नई दिल्ली।** एक देश-एक चुनाव पर 39-सदस्सीय संसदीय समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को होगी। इस बैठक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रस्ताव पर चर्चा करेगी। संसदीय सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह प्रारंभिक जानकारी देने वाली बैठक होगी। इस बैठक में अधिकारी दो महत्वपूर्ण विधेयकों के बारे में जानकारी देंगे। ये विधेयक हैं- संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र (कानून) संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों का मकसद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के लिए जरूरी बदलाव करना है। यह कदम भाजपा द्वारा लंबे समय से किए जा रहे वादे का हिस्सा है। पिछले हफ्ते इन विधेयकों को लोकसभा में पेश किया गया था। शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को इन्हें संसदीय समिति के पास भेजा गया था। इस समिति की सदस्य संख्या 31 से बढ़ाकर 39 की गई है, क्योंकि कई राजनीतिक दलों ने इसमें शामिल होने की इच्छा जताई थी।

# संसद हाथापाई मामला : हमारी ओर से नहीं हुई चूक : सीआईएसएफ

**किसी भी सांसद को हथियार लाने की नहीं दी अनुमति**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सोमवार को कहा कि पिछले हफ्ते संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सांसदों के बीच हुई झड़प में उसकी ओर से कोई चूक नहीं हुई। सीआईएसएफ संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालता है। सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक (अभियान) श्रीकांत किशोर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारी ओर से कोई चूक नहीं हुई। किसी भी सांसद को हथियार लाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि सीआईएसएफ इस घटना के बारे में कोई जांच नहीं कर रहा है।

संसद भवन में पिछले हफ्ते झड़प हुई थी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सांसदों प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए थे। यह झड़प विपक्षी सांसदों और सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों के बीच हुई थी। इस घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। जब पत्रकारों ने सीआईएसएफ से पूछा कि सांसदों ने एक-दूसरे पर धक्का देने का आरोप लगाया है, तो श्रीकांत ने कहा कि सीआईएसएफ चुप रहने का फैसला लेता है जब सम्मानीय सदस्य आरोप लगाते हैं। भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। इस प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी ने झड़प के दौरान भड़काऊ बयान दिए। सीआईएसएफ ने स्पष्ट किया कि संसद भवन में सुरक्षा के सभी नियमों का पालन किया गया था और कोई भी सुरक्षा उल्लंघन नहीं हुआ।

# शेख हसीना को वापस भेजें भारत

## बांग्लादेश की भारत से मांग : हसीना समेत पूर्व मंत्रियों के खिलाफ वारंट जारी


- तख्तापलट के बाद हसीना ने ली है भारत में पनाह

**ढाका।** बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बांग्लादेश सरकार ने आज भारत को एक राजनयिक पत्र लिख हसीना को ढाका वापस भेजने को कहा है।

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य और नागरिक अधिकारियों के खिलाफ मानव अपराध और नरसंहार के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। बता दें कि शेख हसीना 5 अगस्त से भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश में कुछ महीने पहले छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद वो देश छोड़कर भाग गई थीं, जिसके बाद उनकी सरकार गिर गई। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि हमने भारत सरकार को एक मौखिक नोट भेजा है, जिसमें कहा गया है कि बांग्लादेश न्यायिक प्रक्रिया के लिए उन्हें वापस चाहता है। इससे पहले सुबह, गृह सलाहकार जहांगीर आलम ने कहा कि उनके कार्यालय ने भारत से अपनी अपदस्थ प्रधानमंत्री के प्रत्यर्पण की सुविधा के लिए विदेश मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। आलम ने आगे कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से ही मौजूद है।

### अपहरण-देशद्रोह समेत 225 केस है दर्ज

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुताबिक विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों घायल हुए। इस मामले में हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शेख हसीना के खिलाफ 225 मामले दर्ज हैं, इनमें हत्या के 194, मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के 16 मामले, अपहरण के तीन मामले, हत्या के प्रयास के 11 मामले और 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' की रैली पर हमले के संबंध में एक मामला शामिल है।



# सरकार किसानों के उत्थान के लिए लगातार कर रही है कार्य : योगी

**जयंती**

- चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- 11 किसानों को सीएम योगी ने ट्रैक्टर की दी चाबी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

चौधरी चरण सिंह का जन्म 1902 में उत्तर प्रदेश के हापुड़ में हुआ था। उनके जन्मदिन को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। वह जुलाई 1979 से जनवरी 1980 तक देश के प्रधानमंत्री थे। पूर्व प्रधानमंत्री सिंह का निधन 1987 में हुआ। योगी ने सोमवार को यहां किसान सम्मान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस उत्तर प्रदेश में 2002 से किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा, ''चौधरी साहब कहा करते थे कि किसान गरीब होगा तो भारत अमीर नहीं हो सकता। भारत को समृद्ध बनाने के लिए अन्नदाता किसान को समृद्ध बनाना होगा। योगी ने कहा कि इसी बात को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'डबल इंजन' सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने कृषक उपहार योजना के अंतर्गत 11 कृषकों को ट्रैक्टर की चाबी दी और उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद किसानों के मुद्दों को लेकर चौधरी चरण सिंह जी का कांग्रेस के साथ मतभेद हुआ था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार किसानों को भारत के राजनीतिक एजेंडे व सरकार की प्राथमिकता बनाने का कार्य किया। उन्होंने कहा, ''2014 में मोदी ने कहा था कि हमें किसानों की आमदनी को दोगुना करना है। प्रदेश में 1996 से 2017 तक कुल 95 हजार करोड़ रुपये गन्ना किसानों के खाते में गए थे लेकिन 2017 से अब तक दो लाख 61 हजार करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है।

# दिग्गज निर्देशक श्याम बेनेगल का निधन



- चोट लगने के बाद दो दिन कोमा में थे
- 90 की उम्र में ली आखिरी सांस

**मुंबई।** मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक श्याम बेनेगल का 23 दिसंबर को शाम 6.38 बजे निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। बेनेगल से जुड़े एक करीबी सूत्र ने यह जानकारी दी कि वो दो दिन पहले अपने घर पर गिर गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

श्याम बेनेगल कथित तौर पर किडनी संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित थे। दो दिन से वे कोमा में थे और सोमवार शाम इलाज के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली। श्याम बेनेगल की बेटी पिया ने कहा कि उनके पिता और फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल का क्रोनिक किडनी रोग के कारण 90 वर्ष की उम्र में मुंबई के वॉकहार्ट अस्पताल में निधन हो गया। शाम 6.38 बजे वॉकहार्ट अस्पताल मुंबई सेंट्रल में उनका निधन हो गया। वह कई वर्षों से क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित थे, लेकिन यह बहुत खराब हो गई थी। यही उनकी मृत्यु का कारण है। श्याम बेनेगल को अंकुर, मंडी, मंथन आदि जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था, जिनमें से अधिकांश 70 या 80 के दशक के मध्य में रिलीज हुई थीं।

# पति की मर्जी के बिना बेटी के ससुराल में लंबे समय तक रहना क्रूरता : कोलकाता हाईकोर्ट

- हाईकोर्ट ने सुनाया तलाक का फैसला
- निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट ने किया खारिज



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने ससुराल में पत्नी की मित्र और उसके परिवार की लगातार मौजूदगी और वैवाहिक क्रूरता का झूठा मामला दर्ज कराने के आधार पर पति के पक्ष में तलाक का फैसला सुनाया।

न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पति के पक्ष में तलाक देने से इन्कार करने संबंधी निचली अदालत के फैसले को विकृत और त्रुटिपूर्ण करार देते हुए खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि वैवाहिक बंधन अब सुधार से परे हो चुका है। हाई कोर्ट ने 19 दिसंबर को दिए गए अपने फैसले में कहा कि अपीलकर्ता (पति) ने प्रतिवादी (पत्नी) के खिलाफ मानसिक क्रूरता का पर्याप्त मजबूत मामला दर्ज कराया है, जिससे इन आधार पर तलाक देने को उचित ठहराया जा सकता है। पीठ में न्यायमूर्ति उदय कुमार भी शामिल थे। न्यायालय ने कहा कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के कोलाघाट में पति के सरकारी आवास में उसकी आपत्ति और असहजता के बावजूद पत्नी की महिला मित्र और उसके परिवार के अन्य सदस्यों की उपस्थिति रिकॉर्ड से प्रमाणित होती है। पीठ ने कहा कि प्रतिवादी की मित्र और परिवार को पति की इच्छा के विरुद्ध उसके क्वार्टर में लगातार लंबे समय तक रखना, कभी-कभी तो स्वयं प्रतिवादी-पत्नी के वहां न होने को भी निश्चित रूप से क्रूरता माना जा सकता है।

### महिला मित्र के साथ अधिक समय बिताती है पत्नीः पति

पति के वकील ने दलील दी कि पत्नी अधिकतर समय अपनी महिला मित्र के साथ बिताती थी जो अपने आप में क्रूरता का कृत्य है। इस जोड़े की शादी 15 दिसंबर 2005 को हुई थी। पति ने 25 सितंबर 2008 को तलाक का मुकदमा दायर किया था और उसी वर्ष 27 अक्टूबर को पत्नी ने पति और उसके परिवार के खिलाफ नवद्वीप पुलिस थाने में पंजीकृत डाक से शिकायत भेजी थी।

# 5वीं-8वीं में फेल होने वाले बच्चे प्रमोट नहीं होंगे, दो महीने में दोबारा एग्जाम होगा

**केंद्र ने आरटीई नियमों में किया संशोधन**



**नई दिल्ली।** स्कूली शिक्षा में एक बड़ा बदलाव करते हुए केंद्र सरकार ने अपने द्वारा शासित स्कूलों में कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए नो-डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है, जो उन छात्रों को फेल करने की अनुमति देती है जो साल के अंत की परीक्षाओं में उत्तीर्ण नहीं हो पाते हैं। 2019 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन के बाद, कम से कम 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही दोनों कक्षाओं के लिए नो-डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है। एक गजट अधिसूचना के अनुसार, नियमित परीक्षा के आयोजन के बाद, यदि कोई बच्चा समय-समय पर अधिसूचित पदोन्नति मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे दो महीने की अवधि के भीतर अतिरिक्त निर्देश और पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है, यदि पुनः परीक्षा में बैठने वाला बच्चा फिर से पदोन्नति के मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे पांचवीं कक्षा या आठवीं कक्षा में रोक दिया जाएगा, जैसा भी मामला हो। बच्चे को रोके रखने के दौरान, कक्षा शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो बच्चे के माता-पिता का मार्गदर्शन करेगा।

# दूरसंचार कंपनियों को वॉयस कॉल और एसएमएस के जारी करने होंगे रिचार्ज पैक

**मोबाइल यूजर्स के लिए बड़ी राहत**



**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सोमवार को टैरिफ नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों को डाटा का उपयोग नहीं करने वाले ग्राहकों के लिए सिर्फ वॉयस कॉल, एसएमएस के लिए भी रिचार्ज कूपन मुहैया कराना होगा। अभी कंपनियां, इंटरनेट डाटा, वॉयस कॉल और एसएमएस रिचार्ज कूपन मुहैया कराती हैं। साथ ही ट्राई ने विशेष रिचार्ज कूपन पर 90 दिनों की सीमा को हटा दिया और इसे 365 दिनों तक बढ़ा दिया।

ट्राई ने दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (बारहवां संशोधन) विनियम, 2024 में कहा है कि सेवा प्रदाता को कम से कम एक विशेष टैरिफ वाउचर विशेष रूप से वॉयस और एसएमएस के लिए मुहैया कराना होगा। इसकी वैधता अवधि 365 दिनों से अधिक नहीं होगी। इस फैसले से उन उपभोक्ताओं को फायदा होगा जो इंटरनेट डाटा का इस्तेमाल नहीं करते हैं और केवल वॉयस कॉल व एसएमएस का उपयोग करते हैं। ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को किसी भी मूल्य के रिचार्ज वाउचर जारी करने की अनुमति दी है, लेकिन उन्हें कम से कम 10 रुपये का रिचार्ज कूपन भी जारी करना होगा। इससे पहले, नियम ने दूरसंचार ऑपरेटरों को 10 रुपये और 10 के गुणकों में टॉप-अप वाउचर जारी करने की अनुमति दी थी।

परामर्श प्रक्रिया के दौरान ट्राई को विभिन्न विचार मिले थे। इनमें कई वरिष्ठ नागरिकों, घरों में ब्रॉडबैंड वाले परिवारों आदि को अपने मोबाइल फोन के लिए डाटा के साथ रिचार्ज प्लान की आवश्यकता नहीं होना शामिल था।

# उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ मना चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भूतपूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती किसान सम्मान दिवस के रूप में उत्साह, उल्लास, उमंग से मनाई गई।



आईटीआई राजापुर में आडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉल में आयोजित ÷किसान सम्मान समारोह÷ का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दीप जलाकर एवं भारत रत्न पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले के 32 अन्नदाताओं को प्रशस्ति पत्र व शाल भेंट किया। इसके अलावा किसान अनुज वर्मा, हरजीत सिंह, दिलबाग सिंह को एक-एक कस्टम हायरिंग सेंटर की सौगात दी। प्राकृतिक खेती के लिए प्रथम अतुल रस्तोगी, द्वितीय मुरली धर वर्मा, श्री अन्न एवम प्राकृतिक खेती के लिए प्रथम हरप्रीत सिंह निघासन और श्री अन्न के अंतर्गत कोदो,सावा, रागी के उत्कृष्ट उत्पादन के लिए आलोक सुक्ला ऐठापुर, रामनरेश हसनापुर, विनोद कुमार खानपुर,कप्तान सिंह तेंदुआ,खन्ना सिंह मझगंवा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने किया। इससे पूर्व डीएम ने आईटीआई कैंपस में कृषि, कृषि रक्षा, उद्यान, गन्ना, पशुपालन, रेशम और उनसे संबंधित विभिन्न सेक्टरों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया। विभागीय अधिकारियों ने किसानों को योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने चौधरी चरण सिंह के कृतित्व, व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी साहब ने किसानों के जीवन में उत्थान और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनकी एक किसान नेता के रूप में देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में उनकी एक पहचान है। आज भी देश में सर्वमान्य किसान नेता की बात होती है तो उनका नाम आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है। मा. मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में कृषकों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। सरकार किसानों की आय को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं उन्होंने किसानों को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जन्मजयंती, किसान सम्मान दिवस की शुभकामनाएं दी और संगठित खेती और सहकारिता से जुड़कर तरक्की के रास्ते आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने फार्मर आईडी की उपयोगिता भी बताई। किसान इस वर्ष उत्पादन में बनाए अपने कीर्तिमानों को तोड़कर नई कीर्तिमान स्थापित करें। बड़े हर्ष की बात है कि वर्ष 2025 अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। जिले में जल जीवन मिशन के तहत 168 महिलाएं प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण लेकर न केवल हुनरमंद बनी बल्कि अपनी तरक्की के नए आयाम स्थापित करने जा रही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा के साथ कृषि, उद्यान, गन्ना एवं पशुपालन सेक्टर के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रगतिशील किसानों को 07-07 हजार और द्वितीय स्थान प्रदान करने पर 05-05 हजार की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से उनके खातों में भेजी उद्यान केला खेती में किसान धर्मपाल मौर्य ने 990 कुंतल कर प्रथम, अखिलेश चौधरी 990 कुंतल के लिए द्वितीय स्थान, गेंदा उत्पादन में किसान अचल मिश्रा ने 195 कुंतल उत्पादन कर प्रथम स्थान, अभिषेक मौर्य ने 165 कुं.उत्पादन कर द्वितीय स्थान। शंकर मिर्च में किसान श्री कृष्ण ने 95 कुंतल उत्पादन कर प्रथम, श्री कृष्णा मौर्य ने 65 कुंतल उत्पादन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गन्ना को.0238 पौधे के लिए 1829 कुंतल उत्पादन कर गुरमीत कौर ने प्रथम, को. 0118 पौध के लिए 1468 कुंतल उत्पादन कर रजनीश कुमार ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। सहफसली ट्रेंच विधि से को. 118 पौध से 1233 कुंतल उत्पादन कर द्वितीय, और गजराज सिंह ने भी 1203 कुंतल उत्पादन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया पशुपालन श्री कृष्ण वर्मा 10 मुर्रा भैंस से 205 लीटर उत्पादन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मीरा देवी ने 8 मुर्रा भैंस से 90 लीटर दुग्ध उत्पादन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुर्गी पालन में मलकीत सिंह ने 80 हजार अंडे प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं जीवन कुमार ने 75 हजार अंडे प्राप्त कर द्वितीय स्थान अर्जित किया मत्स्य पालन~ विकास बाबू ने प्रथम और मनीष निषाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सपा के कार्यालय लोहिया भवन पर एक समारोह का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादियों ने किसानों के मसीहा और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया तथा उनका जन्म दिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया गया। चौधरी साहब की जयंती पर समाजवादी पार्टी के कार्यालय लोहिया भवन पर एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने की चौधरी साहब को याद करते हुए श्री यादव ने कहा कि चौधरी साहब दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व देश के प्रधानमंत्री रहे चौधरी साहब ने विभिन्न पदों पर रहते हुए देश की सेवा की उन्होंने अपने प्रशासन में अक्षमता, भाई-भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया। उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का पूरा श्रेय उन्हें ही जाता है। चौधरी साहब की मुख्यमंत्री के रूप में जोत अधिनियम 1960 को लाने में भी महत्वपूर्ण



भूमिका थी यह अधिनियम जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश्य से लाया गया था ताकि राज्य भर में इसे एक समान बनाया जा सके। देश में कुछ ही राजनेता ऐसे हुए हैं जिन्होंने लोगों के बीच रहकर सरलता से कार्य करते हुए इतनी लोकप्रियता हासिल की हो चौधरी साहब ने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया। चौधरी साहब ईमानदारी की मिसाल थे उनके निधन के समय उनके खाते में मात्र 470 रुपए ही थे। चौधरी साहब के किसान हित में किए गए कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे समारोह का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया। समारोह को शशांक यादव, रामसरन, अनुराग पटेल, रघुवीर सिंह यादव, अशोक वर्मा, मुन्ना यादव, मिर्जा शेखू, शब्बीर बाबा ने भी अपने अपने विचार रखे इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक कश्यप, आकाश गुप्ता, संजीव वर्मा, अध्यक्ष सयुस यशमोहन पटेल, अमित वर्मा, आसिफ अली, मो0 आरिफ, ब्लाक अध्यक्ष भरत लाल कश्यप, सुधीर यादव, उत्तम वर्मा, मातादीन यादव, जितेन्द्र वर्मा, करन सिंह, रामनिवास निषाद, मनोज कुमार, कल्लू खां सहित सैकडो लोग उपस्थित रहे।

## 01 अदद अवैध देशी तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना निघासन पुलिस द्वारा 01 अदद अवैध देशी तमंचा ( 315 बोर) व 02 अदद जिन्दा कारतूस ( 315 बोर) के साथ एक नफर अभियुक्त प्रदीप सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह निवासी मोहल्ला गांधीनगर कस्बा व थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना निघासन पर मु0अ0सं0 336/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## गन्ना भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर होने वाला धरना कोतवाल चंद्रशेखर सिंह के आग्रह पर किया गया स्थगित

**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर राष्ट्रीय किसान दिवस पर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन द्वारा सहकारी गन्ना विकास समिति प्रांगण में गन्ना भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर होने वाला धरना कोतवाल चंद्रशेखर सिंह के आग्रह पर स्थगित कर दिया गया। कोतवाली में हुई वार्ता में 24 दिसंबर को 10 करोड़ का गन्ना भुगतान करने पर सहमति बनी है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रस्तावित धरने और जिले में लगी धारा 163 के मद्देनजर कोतवाल ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा को फोन कर धरना स्थगित कर कोतवाली में वार्ता करने का आग्रह किया, तो पटेल श्री कृष्ण वर्मा शिवदयाल वर्मा, संतोष सिंह भदौरिया, अनिल कुमार, राजेश कुमार और सहकारी गन्ना विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार वर्मा के साथ कोतवाली पहुंच वहां चीनी मिल के कारखाना प्रबंधक आरके मिश्रा, केन जीएम पीएस चतुर्वेदी, जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर और सचिव बलवंत चौधरी के साथ वार्ता हुई। श्री कृष्ण वर्मा ने तत्काल 50 करोड़ का पिछले सत्र का बकाया भुगतान मांगा और कहा कि जनवरी से इस पेराई सत्र का 14 दिन में नियमित भुगतान किया जाए, इस पर चीनी मिल अधिकारी 10 करोड रुपए का 24 दिसंबर को भुगतान करने पर सहमत हो गए।

## तेंदुए के पदचिह्न मिलने के बाद वन विभाग ने ग्रामीणो को अलर्ट करते हुए शुरू की काम्बिंग

**लखीमपुर-खीरी।** कुछ दिन पहले तेंदुआ हरदोई जिले के जहानीखेड़ा व देवमलपुर में देखा गया था लेकिन अब मैगलगंज क्षेत्र की ओर आ? गया है। उसके पदचिन्ह मैगलगंज क्षेत्र के सेमरा घाट गांव के पास देखे जाने के बाद मैगलगंज क्षेत्र के वन विभाग की टीम ने काम्बिंग शुरू कर दी है। वन रेंज अधिकारी नीलम मौर्या ने बताया की एतिहातन अभी क्षेत्र में काम्बिंग जारी रहेगी। वन विभाग की टीम ने तराई वाले इलाके में छोहा किनारे खेतों में काम्बिंग की लेकिन नए पदचिन्ह नही दिखे अम्बारी गांव में गोशाला के पास तेंदुए के पदचिह्न मिलने के बाद वन विभाग ने ग्रामीणो को अलर्ट करते हुए काम्बिंग शुरू कर दी थी। कुछ ग्रामीणों ने भी तेंदुआ देखने का दावा किया था। तेंदुए की चहलकदमी से ग्रामीणो में दहशत है।

## गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आया युवक,हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** महेवागंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक घर से नाराज होकर कहीं जा रहा था। तभी गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ गया और गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर गये। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव मंगरेपुरवा निवासी राजकिशोर उर्फ मुल्लू 42 शराब का आदी था। रविवार की देर शाम किसी बात को लेकर घर में कहासुनी हो गई। जिससे नाराज होकर वह गांव मे टहल रहा था। तभी गांव निवासी मोहन अपने ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना भरकर खम्भार खेड़ा मिल लेकर जा रहा था। बताते हैं कि राजकिशोर शराब के नशे में होने के कारण गिर पड़ा। और ट्राली की पहिया की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर गये। जहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खालिस्तानी आतंकवाद का तराई कनेक्शन सामने आने के बाद एक बार फिर खीरी में बढ़ी हलचल

**लखीमपुर-खीरी।** खालिस्तानी आतंकवाद का तराई कनेक्शन सामने आने के बाद एक बार फिर खीरी में हलचल बढ़ गई है। सोमवार सुबह पड़ोसी जिला पीलीभीत के पूरनपुर में पंजाब के रहने वाले तीन खालिस्तानी आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराए जाने के बाद जिले में खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। पिछले सात-आठ वर्षों में खालिस्तान आतंकवाद के तराई कनेक्शन की बातें सामने आती रही हैं 90 के दशक के अंत में जब तराई इलाके से खालिस्तानी आतंकवाद का करीब-करीब सफाई हो गया था। उसके बाद करीब सात साल पहले 18 सितंबर 2017 को यहां दोबारा उसी आतंक की दस्तक हुई थी, जब यूपी एटीएस और पंजाब पुलिस की टीम ने जिले से प्रतिबंध आतंकी संगठन बब्बर खालसा के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया था। यह दोनों हरप्रीत उर्फ टोनी और सतनाम सिंह खीरी जिले के निवासी थे दरअसल पंजाब की नाभा जेल से 27 नवंबर 2016 को दो आतंकी और चार गैंगस्टर को फरार कराया गया था। इसी मामले में लखीमपुर के हरप्रीत उर्फ टोनी व सतनाम सिंह के खिलाफ पंजाब के जिला भगत सिंह नगर की अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इन दोनों पर आरोप था कि इन्होंने जेल से भागने वाले आतंकियों को असलहा और अन्य मदद मुहैया कराई थी। पुलिस की जांच में यह भी बात सामने आई थी कि यह दोनों लंबे समय से यूपी के तराई इलाके से लेकर पंजाब तक बब्बर खालसा के स्लीपिंग मॉड्यूल के रूप में काम कर रहे थे। हालांकि इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद यहां मामला शांत रहा, लेकिन अभी कुछ दिन पहले ही यहां पंजाब के आतंकवादी नारायण सिंह चौड़ा का कनेक्शन भी सामने आया था दरअसल पंजाब में आतंकवादी चौड़ा ने पुलिस रिमांड में यह बयान दिया था कि उसने खीरी जिले के नेपाल बॉर्डर से सटे क्षेत्र में हथियार छिपा कर रखे हैं। इसके बाद पंजाब पुलिस द्वारा आतंकवादी चौड़ा को यहां लाए जाने को लेकर दो-तीन दिनों तक काफी हलचल रही थी।

# निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर व कंबल वितरण का आयोजन

## शिविर में 900 मरीज लाभांवित, 2000 ग्रामीणों व असहाय लोगों को मिले कंबल

*अवधनामा संवाददाता*

**मैनपुरी।** शहर के मुनीम जी कोल्ड स्टोर में स्वर्गीय पंडित रामेश्वर दयाल मिश्रा की पुण्य स्मृति में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर व निशुल्क कंबल वितरण का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन माननीय विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने किया। इस मौके पर विधायक जी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की वजह से लोग नियमित इलाज नहीं करा पाते हैं जिसका दुष्परिणाम काफी घातक होता है। कोई अस्वस्थ या बीमार न रहे इसलिए पिछले कई वर्षों से स्वर्गीय पंडित रामेश्वर दयाल मिश्रा की पुण्य स्मृति में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर व कंबल वितरण का आयोजन प्रमोद कुमार मिश्रा दादा व प्रशांत मिश्र मुनीम जी परिवार के द्वारा पिछले कई वर्षों से जिले के मुनीम जी कोल्ड स्टोरेज एंड आइस फैक्ट्री में किया जा रहा है।

गुर्दा पथरी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ दिलीप कुमार मिश्रा, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सोनिया भट्ट मिश्रा, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल शर्मा न्यूरो व स्पाइन सर्जन डॉक्टर मृदुल शर्मा, जनरल फिजीशियन डॉक्टर हेमेंद्र अग्रवाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ललित गुप्ता, और डॉ अपूर्व जैन के द्वारा हार्ट, शुगर, बीपी, गैस, लकवा, थायराइड, गठिया आदि सभी प्रकार की बीमारियों के एक हजार से अधिक मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण किया गया। निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में आए हुए अतिथियों व आगंतुकों का प्रशांत मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया






इस मौके पर अनिल दिक्षित, पन्नू दीक्षित,भुवनेश चौहान , मनू सहगल, बॉबी मिश्रा, मुनेंद्र मिश्रा, कमलेश दीक्षित, सुशील दुबे,अंकित दीक्षित, देश दीपक, आदि लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या महोत्सव का भूमि पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

**अयोध्या।** अयोध्या महोत्सव 2024-25 का आगाज हो गया है! फॉरएवर लॉन, निकट पॉलीटेक्निक में भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रान्त प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कौशल किशोर और कार्यक्रम अध्यक्ष महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी जबकि विशिष्ट अतिथि विधायक रुदौली रामचंद्र यादव और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह %रोहित% सहकारी बैंक सभापति धर्मेंद्र सिंह टिल्लू उपस्थित रहे।इस अवसर पर अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार 26 और 27 दिसंबर को दो विश्व रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, जिनमें दुरदुरिया पूजन और कन्या पूजन शामिल हैं। अयोध्या महोत्सव का कार्यक्रम 25 दिसंबर से शुरू होकर 5 जनवरी तक चलेगा।महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य और संगीत प्रदर्शन, खेल प्रतियोगिताएं और अन्य आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# स्वर्गीय पुष्पा टंडन की याद में शुक्ल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया



**लखनऊ।** मदद सहयोग गाइडेंस फाउंडेशन ने स्वर्गीय पुष्पा टंडन की याद में शुक्ल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया एमएसजी फाउंडेशन ने राजाजीपुरम हरिजन बस्ती आलमनगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग 200 रोगियों का चिकित्सा परीक्षण किया गया और उन्हें निःशुल्क दवाएं प्रदान की गईं। डॉक्टरों की टीम में डॉ. मारिया परवीन, शदाब अली सिद्दीकी, फाइक अहमद, अनिकेत चौधरी, भूमि सिंह, तनवीर फातिमा, महम मोहविश खान मौजूद रहीं।

शिवपाल सवारिया, आनंद राव, चंद्रपाल यादव भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

एमएसजी फाउंडेशन की एम डी मोहम्मद सादिक मोहम्मद जमान अतहर अब्बास भी मौजूद रहे।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा अयोध्या के विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु कराए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक अयोध्या विकास प्राधिकरण के सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय ने सभी कार्यों का बिंदुवार विवरण प्रस्तुत किया।मण्डलायुक्त ने अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही नई टाउनशिप %वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना% के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस टाउनशिप के सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से इस प्रकार किए जाएं कि विद्युत, टेलीफोन, सीसीटीवी आदि के तार कहीं भी ऊपर न दिखें, बल्कि सभी भूमिगत हों। उन्होंने निर्देश दिया कि इस योजना में सीवर लाइन सड़क के ठीक बीच में हो और मैंनहोल आर्किटेक्ट के माध्यम से डिज़ाइन किए जाएं।

मण्डलायुक्त ने कहा कि इस आवासीय योजना की सड़कों के किनारे प्लांटेशन, स्कल्प्चर, स्ट्रीट लाइट और अन्य रोड फर्नीचर की योजना पहले से तैयार करके कार्य किया जाए और हार्टीकल्चर के लिए एक कुशल उद्यानविद की तत्काल नियुक्ति की जाए। उनका कहना था कि इस योजना को विश्व स्तरीय टाउनशिप के रूप में विकसित किया जाए।बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे अन्य विविध कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें शहर में कराए गए प्लांटेशन, क्षीर सागर में जलनिकासी हेतु पम्पिंग स्टेशन का निर्माण, अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम के संयुक्त कार्यालय भवन, राम की पैड़ी के समीप बन रही चौपाटी और नालों के निर्माण कार्य शामिल थे।

## अयोध्या के होटलों में नए वर्ष को लेकर 70 फीसदी रूम बुक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली बार पड़ रहे अंग्रेजी नव वर्ष में भी अयोध्या में लोगों का जमावड़ा लगेगा। बड़ी ही तेजी से अयोध्या के होटलों में बुकिंग शुरू हो गई है। इसमें प्रदेश के ही नहीं बल्कि दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान व दक्षिण के लोग भी शामिल रहेंगे। 70 फीसदी कमरे बुक हो चुके हैं। 31 दिसम्बर से दो जनवरी तक के लिए बुकिंग अधिक हो रही है। यूं तो हिंदी नववर्ष चैत्र माह को माना जाता है, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे भी श्रद्धालु हैं जो अंग्रेजी साल के पहले दिन धार्मिक स्थलों पर पहुंच माथा टेकते हैं। उनकी यह कामना रहती है कि साल के पहले दिन प्रभु के दर्शन मिल जाएं। वैष्णों देवी, खाटू श्याम, उज्जैन, काशी विश्वनाथ, मथुरा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच अपनी आस्था निवेदित करते हैं। इस बार रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। इसलिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान जताया जा रहा है। उधर, प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या में सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने का निर्देश दिया है।

सुरक्षा व्यवस्था के भी होंगे पुख्ता इंतजाम

एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि नए वर्ष पर राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, लता चौक, गुप्तारघाट व सूर्यकुंड समेत अन्य पर्यटन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

अस्थाई मंदिर में भी पहुंचते थे बड़ी संख्या में भक्त

22 जनवरी 2024 के पहले रामलला वर्षों तक तिरपाल में विराजमान रहे। इसके बाद उनका आस्थायी मंदिर बन गया। इसमें आने के बाद दर्शन की अवधि भी बढ़ गई। 2023 में भी अंग्रेजी नववर्ष पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया था। इस बार रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं और अयोध्या विश्व के मानचित्र पर छा चुकी है। इसलिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

व्यापार में भी होगा इजाफा

भीड़ बढ़ने के साथ ही अयोध्या के व्यापार में भी इजाफा होगा। महापौर गिरिशपति त्रिपाठी मानते हैं कि रामलला के मंदिर के बाहर टीका लगाने वाला ही प्रतिदिन 800 से एक हजार रुपये की कमाई कर लेता है। भीड़ बढ़ने के बाद पूजन सामग्री व रेस्टोरेंट की आय में भी इजाफा होता है।

जानिए, क्या कहते हैं होटल व होम स्टे संचालक

अयोध्या में श्रद्धालु व पर्यटकों की संख्या बढ़ते ही बड़ी संख्या में होटल व होम स्टे का संचालन हो रहा है। धर्मपथ स्थित होटल राम प्रस्थ के मालिक राम जी पाण्डेय ने बताया कि नए वर्ष को लेकर बुकिंग तेज हो गई है हमारे यहां होटल जनवरी व फरवरी माह में लगभग सारे रूम फुल हो चुके। अयोध्या हनुमानगढ़ी के निकट संचालित होटल न्यू श्री राम पैलेस के मालिक श्यामजी गुप्ता ने बताया कि अमूमन बुकिंग 31 दिसम्बर से दो जनवरी के बीच ही हो रही है।

## बीएन ग्रुप ने अपना नया कैम्पेन रखो इरादे फ्रेश लॉन्च किया




*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बीएन ग्रुप के प्रमुख ब्राण्ड सिम्पली फ्रेश ने अपना नया कैम्पेन, रखो इरादे फ्रेश लॉन्च किया है। वे एक ऐसा विज्ञापन लेकर आए हैं जोकि लोगों के दिलों के तार जोड़ता है और वास्तविक जीवन के उन असली नायकों की बात करता है जिन्होंने अपनी अलग सोच और प्रभावी तरीकों का परिचय दिया है। इस कैम्पेन के बारे में , किरण गिराडकर, सीएमओ, बीएन ग्रुप, का कहना है, ÷रखो इरादे फ्रेश' कैम्पेन में उस नई सोच और नए तरीकों की ताकत के बारे में बात की गई है जोकि सही मायने में विकास लेकर आते हैं। नीरजा और नारायणन की कहानियां हमें पुरानी धारणाओं को चुनौती देने और एक सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती हैं। सिम्पली फ्रेश इन नायकों और उज्जवल भविष्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करता है। इस कैम्पेन का प्रेरणादायक टीवी विज्ञापन ग्रामीण भारत में संवहनीय खेती के लिए अपना बेहतरीन कॅरियर छोड़ देने वाली एक आईटी प्रोफेशनल नीरजा कुद्रीमोती और पांचसितारा शेफ से सोशल वर्कर बनकर गरीबों के नाम अपना जीवन समर्पित करने वाले नारायणन कृष्णन जैसे लोगों को एक सम्मान है। बदलाव और निस्वार्थ भावना का उनका असाधारण सफर बेहतर भारत के लिए नए-नए विचारों और साहसी विकल्पों को बढ़ावा देने के सिम्प्ली फ्रेश के मिशन से मेल खाता है। इस कैम्पेन को थोड़ी और धार देते हुए बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद और अनूप सोनी को इस संदेश को मजबूती से आगे ले जाने के लिए शामिल किया गया है।

# बरेली में हुआ स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** 29 नवंबर से खेले जा रहे हैं बरेली में खेले जा जा रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में आज फाइनल मुकाबला खेला गया। आयोजक कमेटी में संरक्षक सैय्यद फरहान अली अध्यक्ष बृजेश आजाद कोषाध्यक्ष जाबेद गद्दी एवम् महामंत्री अमरीश यादव रहे कमेटी के फाइनल मुकाबले में भैंसोड़ी क्रिकेट क्लब और स्टार क्रिकेट क्लब के बीच हुआ टॉस बांसुरी के कप्तान मोहसिन ने जीता टॉस जीतकर भैंसोड़ी क्रिकेट क्लब ने फील्डिंग का फैसला लिया स्टार क्रिकेट क्लब में पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 77 रन का टारगेट दिया। भैंसोड़ी क्रिकेट क्लब ने निर्धारित लक्ष्य को नवंबर में हासिल कर लिया। भानु गौतम और अखिलेश ने अंपायर की भूमिका निभाई।क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। मैच के दौरान बड़ी संख्या में अध्यक्ष शमीम खान सुल्तानी, प्रदेश सचिव शुभलेश यादव, अगम मौर्य, डॉ जीराज यादव, आदेश यादव, मनोहर पटेल, डॉ अनीश बेग, सूरज



समाजवादी पार्टी के बड़े नेता मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल बर्मा, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप, राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव, प्रदेश महासचिव अता उर रहमान, जिले के अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, महानगर यादव, समर्थ मिश्रा, संजीव सक्सेना, शिव प्रताप सिंह यादव, हरि शंकर यादव, सुरेंद्र सोनकर अविनाश मिश्रा,अशोक यादव, सिम्पल कनौजिया, बब्बू गद्दी, सौरव यादव राहुल यादव सुदेश यादव नेत्रपाल सागर तमाम समाजवादी लोग रहे।

## आबकारी विभाग ने शराब की दुकानों का निरीक्षण किया





**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता फर्रुखाबाद के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 23/12/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ एवं कोतवाली-कायमगंज पुलिस द्वारा संदिग्ध ग्राम श्याम नगर में दबिश दी गई लगभग 200 किलोग्राम लहन नष्ट की गई। 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किए गए। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी मय स्टाफ फुटकर आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा POS मशीन से बिक्री का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## खेलकूद प्रतियोगिता में अमर ज्योति इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड राजेपुर स्थित रामनिवास महाविद्यालय चित्रकूट गांधी के ग्राउंड में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता संचालित कराई गई जिसमें क्षेत्र के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल कबड्डी एवं रेस का आयोजन किया गया जिसमें अमर ज्योति इंटर कॉलेज गनगुआ गलारपुर की छात्राओं ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दीपिका सिंह, निहारिका सिंह, लकी, पक्षी, सोना, सिल्की, रिया इसके अलावा रेस में भाग लेने वाले छात्राओं में निहारिका, शिल्पी, लकी, काजल एवं कबड्डी प्रतियोगिता में दीपिका सिंह, लकी, निहारिका सिंह, काजल शर्मा, शिवानी तिवारी, रिया तिवारी ने भाग लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ममता वर्मा, महेंद्र सिंह राजपूत, विश्वनाथ, रामनिवास, देवेंद्र सिंह, रामतीर्थ, संदीप कुमार, लालू प्रसाद, रविंद्र सिंह, शिशुपाल, प्रमोद सिंह उपस्थित रहे।

## उद्योग बन्धु की मण्डलीय बैठक संपन्न

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अपर आयुक्त अरुण कुमार की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में उद्योग बंधु की मंडलीय बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि ताला नगरी में ईएसआई डिस्पेंसरी खोलने के लिए मंडलायुक्त स्तर से प्रस्ताव निदेशक राज्य कर्मचारी बीमा निगम को भेज दिया गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की समीक्षा में पाया गया कि मंडल में 15000 करोड़ के सापेक्ष 15523 करोड़ के 459 प्रस्ताव रेडी फॉर जेबीसी के लिए तैयार किए गए। गत माह तक 287 वाणिज्यिक इकाइयों के एमओयू धरातल पर आ चुके हैं जिसमें अलीगढ़ में 201, एटा में 50, हाथरस में 26 ,और कासगंज में 10 इकाइयां है। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा में 20 दिसंबर तक 737 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 520 पर स्वीकृति और 14 अस्वीकृत किए गए। 165 आवेदन पत्र समय सीमा के भीतर निस्तारण के लिए लंबित रहे जिनके निस्तारण के निर्देश दिए गए।

## पुराने लावारिस व एमवी एक्ट में दाखिल वाहनों की हुई नीलामी

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा थाना मालखानों में रखे वर्षों पुराने मालों/वाहनों का निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत थाना सासनीगेट में दाखिल कई वर्षों के वाहनों की आज दिनांक 23.12.2024 को नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न कराई गयी। थाना सासनीगेट में वाहनों की नीलामी प्रक्रिया हेतु गठित कमेटी अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) अलीगढ व नगर मजिस्ट्रेट महोदय से प्राप्त आदेश के क्रम में थाना सासनी गेट पर दाखिल 46 एमवी एक्ट व 8 लावारिस वाहन जिनमें 53 दो पहिया वाहन व एक चार पहिया वाहन कुल 54 वाहनों की 44 बोलीदाताओ द्वारा नीलामी प्रक्रिया में भाग लिया गया । जिसमें प्रथम बोली 211000/- रु से शुरु हुई तथा अन्तिम बोली 511000/- हासिम पुत्र नईम नि0 राया मथुरा सुलेमान स्टील द्वारा बोली गई।

## शादी का झांसा देकर छह वर्ष से बना रहा था शारीरिक सम्बन्ध

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव के 22 वर्षीय युवती का गांव के एक युवक से करीब 6 वर्ष से प्रेम सम्बन्ध चल रहा था। वह शादी का झांसा देते हुए शारीरिक सम्बन्ध भी बनता था। युवती के स्वजन ने उसकी शादी कर दी। मात्र तीन दिन ससुराल में रहने के बाद युवती पति से तलाक लेकर मायके चली आई। प्रेमी द्वारा बार बार दवाव पर युवती ने कदम उठा। वर्तमान समय में वह शादी करने से इनकार कर रहा। पीड़िता ने आरोपी प्रेमी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव के 22 वर्षीय युवती का गांव के एक युवक से करीब 6 वर्ष से प्रेम संबंध चल रहा था। इस दौरान वह शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती के स्वजन को जब प्रेम संबंध के बारे में जानकारी हुई तो उन्होंने 2 दिसंबर 2024 को जिला कुशीनगर में उसकी शादी कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी पंकज सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराकर कारवाई की जाएगी।

## सिंचाई करते समय फावड़े से हमला चार पर केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां थाना क्षेत्र के कुसम्हा खुर्द निवासी रविवार को सुबह में नलकूप से खेत में पानी चला रहे थे। उसी दौरान एक मनबढ़ आया और पानी काटकर अपने खेत में चलाने लगा। जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो वह स्वजन के साथ फावड़े से मारकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुनील, हरिकेश, इसरावती, पूनम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## कृषि छात्रों ने किसानों को किया जागरूक

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे के निर्देश पर विश्वविद्यालय के निकट स्थित ग्रामीण क्षेत्र में किसानों से वार्तालाप व कृषि जागरूकता के कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यकम का नेतृत्व करते हुए स्नातक कृषि विज्ञान तृतीय वर्ष के छात्र अनिकेत मल्ल ने किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचार और प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार महिला मण्डल की नगर अध्यक्ष बनी रश्मि मित्तल

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** मुहल्ला जबाहर नगर मियागंज स्थित प्रतिष्ठान मित्तल इंटीरियल पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरिष्ठ समाजसेवी चौ. बृजेन्द्र मयंक व विशिष्ठ अतिथि के रूप में सन्तोष गुप्ता निशा राजपूत और पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ सरिता आनंद अग्रवाल मंचस्थ रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले से आयीं प्रीति बंसल ने की।

कार्यक्रम में सर्व प्रथम मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ देते हुए उनका स्वागत कर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहित कई बक्ताओं ने व्यापारियों की तमाम समस्याओं एवं व्यापार में महिलाओं की भागीदारी पर अपने अपने विचार व्यक्त कर महिलाओं का उत्साह बर्धन किया। कार्यक्रम में मौजूद उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीति बंसल व उद्योग व्यापार मंडल की जिलाध्यक्ष निशा राजपूत ने उद्योग व्यापार मंडल का बिस्तार करते हुए कोंच नगर इकाई की नगर अध्यक्ष पद पर रश्मि मित्तल की घोषणा कर उन्हें बधाई दी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की नव नियुक्त नगर अध्यक्ष रश्मि मित्तल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए कहा कि संगठन के कुछ प्रमुख लक्ष्य हैं, जिनमें व्यापारियों के हित में काम करना, उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना और व्यापारी उत्पीड़न को रोकना शामिल हैं। उन्होंने प्रशासन और नगरपालिका परिषद से कई आवश्यक मांगें कीं, जिनमें बाजार में महिला पिंक शौचालय की व्यवस्था, पार्किंग की सुविधा, व्यापारी बंधुओं के लिए मेडिकल और बीमा जैसी सुविधाएं,सहित महिला व्यापारियों के लिए आसान लोन सुविधा और आग लगने पर आर्थिक मदद एवं कर्ज माफी जैसी सेवाएं प्रमुख हैं। रश्मि मित्तल ने यह भी भरोसा दिलाया कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान सुनीता अग्रवाल, सीमा प्रिया, अनीता मयंक, सपना अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, रजनी डांगरी, गीता अग्रवाल, कृष्ण झा, शारदा अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, रूबी अग्रवाल, मंजू गर्ग, मनीष अग्रवाल, मधु अग्रवाल, निधि सिंगल, मीना अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, चित्र अग्रवाल, वैष्णवी अग्रवाल, संजीव कुमार गर्ग, नरेंद्र विश्वकर्मा, प्रभंजन अग्रवाल, विनय अग्रवाल, डॉक्टर प्रदीप कुमार, रामकुमार अग्रवाल, प्रवीण निरंजन, बंटू गुर्जर, तिवान आई, ऋतुराज, प्रदीप यादव, ज्ञानेंद्र सेठ, विकास पटेल धनोरा और अन्य लोग उपस्थित सहित तमाम व्यापारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने किया।

## नृसिंह मंदिर में हुए राम कलेवा में बरसे फूल, झूम कर नाचीं महिलाएं



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** प्राचीन नृसिंह भगवान मंदिर में राम कलेवा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। महिलाओं ने सबसे पहले भगवान नृसिंह की पूजा अर्चना कर आरती उतारी तदोपरांत राम कलेवा का शुभारंभ किया। इसमें श्रद्धालु महिलाओं ने राम-सीता परिणयोत्सव की सभी औपचारिकताएं पूरी कराईं। विवाह के दौरान बुंदेली बन्ना बन्नी और गारियां भी गाई गईं। मंदिर के पुजारी की देखरेख में आयोजित किए गए राम कलेवा में भगवान गणेश के आह्वान के बाद भजनों के माध्यम से सिया रामजी के विवाह का पूरा दृश्यांकन किया गया। मंडप के नीचे जब राम कलेवा हुआ तो महिलाएं झूमकर नाचीं और फूल बरसाए। सभी वैवाहिक नेग भी हुए। 'बन्ना बने आज सखी दशरथ के ललना, कौशल्या के छौना सुमित्रा के छौना' और 'बन्ना दशरथ के दुलारे हैं, बन्नी मिथलेश कुमारी हैं' जैसे गीत गाए गए। विवाह में होने वाली माटी मिथौरी, तेल, फेरे और कुंवर कलेऊ जैसी रस्में भी भजनों के माध्यम से हुईं। द्वारचार और चढ़ावा के दौरान गाई जाने वाली गारियां जब महिलाओं ने गाईं तो माहौल बिल्कुल विवाहोत्सव जैसा बन गया। इस दौरान पुष्पा नगाइच, सुनीता दीक्षित, शारदा, पूनम पाठक, गुड्डी नगाइच, साधना नगाइच, रेखा सोनी, गीता बसेड़िया, जमुना, चंदा यादव, शांति गुप्ता, विनीता सोनी, ओम कुमारी, मीना, अनिता तिवारी, सरला दुवे, कांति खेमरिया, मिथलेश नगाइच आदि मौजूद रहीं।

## जिंदा जलाने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार

### आरोपी दहला गांव में अपने घर के पांच लोगों को जलाया था, तीन की हो गई मौत



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** 14 दिसंबर की देर रात दहला गांव में दो भाइयों के कमरे में ताला लगाकर आरोपी बड़े भाई बेचन निषाद ने थिनर (तारपीन का तेल) डालकर आग लगा दी थी। आग से बृजेश निषाद (32), पत्नी मधु (28), बच्ची रिद्धिमा (03), अरविंद निषाद (30) और उसकी पत्नी माला (25) वर्ष झुलस गए थे। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अंतर्गत दहला गांव में आग से झुलसे परिवार के पांच सदस्यों में से नवविवाहिता माला (25), पति अरविंद निषाद (30) और जेठ बृजेश निषाद (32) की इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार देर रात माला ने एक निजी अस्पताल में दम तोड़ा था, जबकि रविवार शाम चार बजे मेडिकल कॉलेज में बृजेश और सात बजे अरविंद की मौत हो गई। मामले में हत्यारोपी भाई बेचन निषाद को चिलूवाताल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से ही बेचन फरार चल रहा था। इस दौरान अब बेचन की मदद करने वालों की भी तलाश पुलिस करेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि पुलिस इस आधार पर कुछ लोगों पर भी कार्रवाई कर सकती है।

# आत्महत्या को लेकर शुरू हुआ गंभीर चिंतन, आगे आई सामाजिक संस्था

**आत्महत्या के कारण, निवारण को लेकर चली लम्बी बहस, सेमिनार में खुलकर बोले प्रबुद्धजन**

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** सामाजिक संस्था ह्यूमन सेफ लाइफ फाउण्डेशन की ओर से समाज में बढ़ती 'आत्महत्या' की प्रवृत्ति को लेकर सेमिनार एवं संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं में आत्महत्या के कारण निवारण पर लम्बी बहंस की। किसी ने अति महत्वाकांक्षा, बेरोजगारी, नाकामी, लव अफेयर तथा संवादहीनता को आत्महत्या का कारण बताया तो किसी ने अभिभावकों के आचरण, देश की न्यायिक प्रणाली तथा पुलिस की कार्यशैली को दोषी करार दिया।

फाउण्डेशन के संरक्षक डा. एल.के. पाण्डेय, जयंत कुमार मिश्रा, रामसजन यादव, देवेश मणि त्रिपाठी, संस्थापक रंजीत श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, अपूर्व शुक्ल, राजेश कुमार ओझा, अर्चना श्रीवास्तव ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रेस क्लब के महामंत्री महेन्द्र तिवारी ने कहा बदलते परिवेश में लोगों का जमीर मर चुका है। लोग निजी लाभ की खातिर किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। जिसको नही मिल रहा है वह अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या जैसे घातक कदम उठा रहा है। मनोवैज्ञानिक डा. प्रीती त्रिपाठी ने कहा आत्महत्या का कोई एक कारण नही है। असफलतायें, प्रेम संबंधों में बाधा, न्यायिक प्रणाली से निराशा और मानसिक विकृति व बीमारी भी आत्महत्या का कारण है। ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, मनमोहन श्रीवास्तव ने कहा जागरूकता और अवसादग्रस्त लोगों की कांउसिलिंग के जरिये आत्महत्या के मामलों को कम किया जा सकता है। डा. प्रमोद चौधरी एवं डा. अभिजात एवं डा. अनिल कुमार मौर्य ने आत्महत्या के लिये काफी हद तक समाज को जिम्मेदार ठहराया। कहा मोबाइल लोगों का धैर्य नष्ट कर रहा है और लोगों की आजादी तथा अभिव्यक्ति की क्षमता को क्षीण कर रहा है। डा. सुनील कुमार चौधरी ने आत्महत्या के आंकड़े पेश करते हुये कहा अवसादग्रस्त व्यक्ति आत्महत्या का निर्णय अचानक लेता है लेता है लेकिन उसका आचरण व दिनचर्या घटना से कई दिन पहले से संदिग्ध हो जाती है। परिजन और मित्र इसका ध्यान रखकर उसे अवसाद से बाहर निकाल सकते हैं।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने कहा आत्महत्या को हतोत्साहित करने वाले कार्यक्रम स्कूल कालेजों में भी होने चाहिये। शिक्षक रामकृष्ण पाण्डेय ने कहा काउंसिलिंग सेन्टर खोलकर सामाजिक संस्थाओं को अवसादग्रस्त लोगों की काउंसिलिंग करनी चाहिये।

## चैकडेम और तालाब का निरीक्षण किया गया

**उरई (जालौन)।** सुशासन सप्ताह एवं प्रशासन गांव की ओर के तहत मिशन निदेशक, नेशनल वाटर मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार अर्चना वर्मा ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ जल संचयन और जल संरक्षण के महत्व को समझाने के उद्देश्य से ग्राम चमारी में स्थित चैकडेम और तालाब का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया और ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 2021 में जल संचय को बढ़ावा देने के लिए कैच द रेन अभियान का ऐलान किया। यह अभियान जल संरक्षण और जनभागीदारी को जन आंदोलन में बदलने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने अमृत सरोवर तालाब पर ग्रामीणों की उपस्थिति में जल शपथ दिलाई, जिसमें उन्होंने जल के महत्व को समझते हुए इसे बचाने की प्रतिज्ञा ली। उन्होंने कहा कि जल संचयन केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने बताया कि जब तक लोग खुद से जल संचयन की प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे, तब तक जल संकट का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने जल संचयन और संरक्षण में जन भागीदारी को अहम बताते हुए कहा कि यह कदम जल संकट को कम करने में प्रभावी सिद्ध होगा।

# अलीगढ़ में स्कूल बस पलटी, कई बच्चे घायल

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ से सड़क हुआ है. बच्चों को लेकर स्कूल जा रही बस गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में कई बच्चे घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बच्चों को अस्पताल भेजा। मिली जानकारी के मुताबिक, कृष्णा पब्लिक स्कूल की बस उदयपुर, नगलालाला, कठैरा आलमपुर, परौली गोलारा से करीब 35 बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी। जैसे ही बस बघियार के समीप पहुंची, चालक बस से नियंत्रण खो बेठा और बस गड्ढे में पलट गई. हादसे के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गई। चीख-पुकार सुन आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे. पुलिस को सूचना देने के बाद लोग घायल बच्चों को बस से निकालने में जुट गए. सूचना पर बच्चों के परिजन भी वहां पहुंच गए। हादसे में कई बच्चे घायल हो गए। कई को सिर में गंभीर चोटे आई है. दो-चार बच्चों की हालत गंभीर है. कई बच्चों के परिजन इलाज के लिए उन्हें निजी अस्पताल में ले गए। कुछ बच्चों के माता-पिता स्कूल पहुंचकर प्रधानाचार्य शैलेंद्र यादव से पूछा कि हमारी बेटी कहां है तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए. प्रधानाचार्य काफी घबराए हुए लग रहे थे. बच्चों के माता-पिता ने स्कूल पर हंगामा कर दिया. बाद में पता लगा कि कुछ बच्चों को कॉलेज के प्रबंधक गाड़ी से घर पहुंचाने गए हैं।

इस हादसे में नगलालाला निवासी राजकुमार के पुत्र विष्णु और शौर्य को गंभीर चोट आई है. शौर्य के सिर पर 12 टांके और पैर में आंतरिक चोट है. उन्होंने प्राइवेट हॉस्पिटल में अपने बेटे का इलाज कराया. बताया जा रहा है कि स्कूल की एक ही बस बच्चों को लाने-ले जाने के लिए दो-दो चक्कर लगाती है. इस वजह से चालक को जल्दी रहती है. पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के स्वजन को सौंपा 10 लाख का चेक

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** कांग्रेस पार्टी के तरफ विधान सभा लखनऊ के घेराव के दौरान, कार्यकर्ता प्रभात पाण्डेय की मौत के मामले में आज कांग्रेस प्रदेश के पदाधिकारी ने मृतक प्रभात पाण्डेय के पिता दीपक पाण्डेय को 10 लाख का चेक प्रदान कर परिवार की आर्थिक मदद किए। बतादे की कुछ दिन पूर्व मृतक के परिजनों से राहुल गांधी की फोन पर बात हुआ था। जिसके बाद आज कांग्रेस प्रदेश कमेटी के नेताओं ने मृतक प्रभात पाण्डेय के घर पहुंच कर आर्थिक मदद किया और मृतक के परिवार के साथ हमेशा खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस दौरान साहिल विक्रम, नरसिंह नारायण, प्रवीण पासवान, परमेश्वर पाण्डेय, श्रवण पाण्डेय, संजय सिंह, गब्बूलाल प्रजापति, घटोत्कच शुक्ला, प्रवीण पाण्डेय, निर्मला पासवान, सचिदानंद, अमरेन्द्र मल्ल, सहित कई कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद। कांग्रेस उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह ने कहा का प्रभात पाण्डेय के मौत से हमारी छति हुए है और कांग्रेस पार्टी का भारी नुकसान हुआ प्रभास पार्टी के बहुत ही ईमानदार कार्यकर्ता था। पूरा कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ है और मृतक की बहन की पढ़ाई से लेकर कन्यादान तक के खर्च कांग्रेस पार्टी उठाएगी, साथ ही परिवार का पूरा खर्च भी पार्टी उठाएगी, कहा कि हमारे राहुल गांधी जी भी फोन से बात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया है वही भाजपा को बताया कि अस्तर वहीन पार्टी है खा की उस दिन घाट पर जिस तरह का उत्पात भाजपा के लोग मचाए है इसकी घोर निन्दा करते है और कहा कि उस दिन हमारे प्रदेश अध्यक्ष को जिस तरह घाट पर रोक गया है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है हमारे बहुत से कार्यकर्ता घायल हुए थे।

# फर्रुखाबाद में सभी विधानसभा क्षेत्रों में सपाइयों ने मनायी चौधरी चरण सिंह जयंती

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। इस कार्यक्रम के प्रभारी जिला महासचिव इलियास मंसूरी रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों के हित की बात की और आज हम संकल्प लेते हैं कि हम किसानों की मांग को और उनके हित के लिए समाजवादी पार्टी हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र सिंह यादव, जिला सचिव एवं फ्रंटल प्रभारी रामपाल यादव, राजन यादव, चंद्रेश राजपूत विधानसभा अध्यक्ष सदर,सुभाष चंद्र शाक्य,शिवशंकर शर्मा, अजय यादव, नंदकिशोर दुबे, अखिल कठेरिया, विनीत परमार, मुख्तार आलम आदि लोग उपस्थित रहे। उधर अमृतपुर विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश सचिव डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में राजेपुर ब्लॉक के करनपुर दत्त के आयोजित विशाल किसान दिवस का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में किसानों द्वारा निम्न मांगे की गई जिसमें अमृतपुर को नगर पंचायत बनवाया जाए, अमृतपुर को ब्लॉक भी बनाया जाए, अमृतपुर में एक चीनी मिल की स्थापना की जाए प्रमुख मांगों में रहीं जिसपर डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने वहां मौजूद किसानों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में सपा सरकार आने पर उनकी निम्न मांगों को जरूर पूरा करेंगे उत्तर पर अपने मांगों के बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई जिसमें अन्ना पशुओं को पशु ग्रह में रखा जाए जिससे किसानों के खेतों का काम से कम नुकसान हो, नकली बीज एवं फर्टिलाइजर की रोकथाम की जाए एवं ऐसा करने वालों पर जुर्माना लगाया जाए, किसानों के लिए किसान आयोग का गठन किया जाए एवं एमएसपी तय की जाए। इस अवसर पर डॉ जितेंद्र सिंह यादव ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। वह गंगापार के लोगों से अपना खास रिश्ता मानते हैं और वह गंगा पार के लोगों के सदा आभारी रहेंगे कि जब-जब उन्हें जरूरत पड़ी है।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन कलेक्ट्रेट सभागार में मना



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देशों के क्रम में प्रशासन गाँव की और/ सुशासन सप्ताह के अंतर्गत भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्मदिवस के पूर्व आज कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी डॉ0 वी.के सिंह,मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति,जिला विकास अधिकारी एस0के तिवारी एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास व विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने सुशासन सप्ताह के महत्व और उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि हम सभी अधिकारी गण श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी को स्मरण करते हुए सभी ग्रामीणों एवं अन्य जनमानस की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए सदैव तैयार रहें,उन्होंने जनपद में संचालित हो रही विभिन्न योजनाओं के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर योगेश तिवारी प्रधानाचार्य,विश्वमोहिनी पाण्डेय प्रधानाचार्या,पूर्व सैनिक विजय शुक्ला,राष्ट्रपति पुरस्कृत भारती मिश्रा ने भी अपने विचार रखे और स्मृतिशेष अटल बिहारी वाजपेयी जी के सिद्धांतों और योगदान का उल्लेख करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 28 से

### विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम विभिन्न तिथियों में हो रहा संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने उप्र ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न कराए जाने हेतु जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कुशीनगर को निर्देशित किया है। उन्होंने ये भी निर्देशित किया है कि निर्धारित समय के अन्तर्गत तिथिवार सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि शासन एवं महानिदेशालय युवा कल्याण विभाग द्वारा निर्गत किए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए खेल प्रतियोगिताओं हेतु स्वीकृत धनराशि से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना सुनिश्चित करें एवं आयोजन के उपरान्त आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र महानिदेशालय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उप्र लखनऊ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। विकास खण्ड स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम के संबंध में उन्होंने बताया विकासखंड नेबुआ नौरंगिया अंतर्गत ग्रामीण स्टेडियम कोटवा नेबुआ नौरंगिया में 24 दिसंबर को, रामकोला अंतर्गत वार्ड नंबर 15 मोरवन घुरहु छपरा रामकोला में दिनांक 24 दिसंबर को, दुदही अंतर्गत मिनी स्टेडियम गौरी श्री राम दुदही में दिनांक 25 दिसंबर को, तमकुही राज अंतर्गत शनिचरी ग्राउंड बरवा राजा पाकड़ तमकुही में दिनांक 24 दिसंबर को, कसया अंतर्गत संत गाडगे नगर सपहा कसया में 25 दिसंबर को, सुकरौली अंतर्गत नेहरू इंटर कॉलेज सुकरौली में 26 दिसंबर को, तथा जनपद स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन जिला स्पोर्ट स्टेडियम रविंद्र नगर में दिनांक 28 एवं 29 दिसंबर 2024 को आयोजित होगा। यह भी अवगत कराया गया है कि विकासखंड हाटा अंतर्गत आराध्या देवरिया कंपोजिट विद्यालय हाटा में 21 दिसंबर को, लघु माध्यमिक विद्यालय कप्तानगंज में 23 दिसंबर को, मिनी स्टेडियम कटया मोइनुद्दीन फाजिलनगर में 21 दिसंबर को, ज्ञानोदय इंटर कॉलेज हरपुर बरवा मोतीचक में 23 दिसंबर को, द प्रेसिडेंट स्कूल धनियारी सेवरही में 22 दिसंबर को, ग्रामीण स्टेडियम हिरनही विशुनपुरा में 21 दिसंबर को, ग्रामीण स्टेडियम धरनी पट्टी खड्डा में 21 दिसंबर को संपन्न कराया जा चुका है।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया दिव्य कला समागम का शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित दिव्य कला समागम का शुभारंभ आज अयोध्या के कामता प्रसाद सुंदरलाल साकेत महाविद्यालय में हुआ। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी 23 से 25 दिसंबर 2024 तक चलेगी। इसका आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने फीता काटकर और गुब्बारा उड़ाकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और इसके बाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मंत्री श्री कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि इस समागम के माध्यम से दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और उनके कलात्मक उत्पादों का प्रदर्शन होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को पेंशन, सहायक उपकरण, और अन्य सुविधाएं प्रदान कर रही है। साथ ही, दो विश्वविद्यालयों और 18 समेकित विद्यालयों के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर 93 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का वितरण भी किया गया। प्रदर्शनी में दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रंगोली, पुस्तक गैलरी और मनोरंजन के लिए फन जोन और फूड जोन भी आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के दौरान मनोजागृति स्पेशल स्कूल और लोक जागृति संस्थान द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम में दिव्यांग सशक्तिकरण निदेशक भूपेन्द्र चौधरी, संयुक्त निदेशक अमित सिंह, उपनिदेशक अनुपमा मौर्या, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी चंद्रेश त्रिपाठी और अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा अयोध्या के विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु कराए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक अयोध्या विकास प्राधिकरण के सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय ने सभी कार्यों का बिंदुवार विवरण प्रस्तुत किया।मण्डलायुक्त ने अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही नई टाउनशिप %वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना% के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस टाउनशिप के सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से इस प्रकार किए जाएं कि विद्युत, टेलीफोन, सीसीटीवी आदि के तार कहीं भी ऊपर न दिखें, बल्कि सभी भूमिगत हों। उन्होंने



निर्देश दिया कि इस योजना में सीवर लाइन सड़क के ठीक बीच में हो और मैंनहोल आर्किटेक्ट के माध्यम से डिज़ाइन किए जाएं। मण्डलायुक्त ने कहा कि इस आवासीय योजना की सड़कों के किनारे प्लांटेशन, स्कल्प्चर, स्ट्रीट लाइट और अन्य रोड फर्नीचर की योजना पहले से तैयार करके कार्य किया जाए और हार्टीकल्चर के लिए एक कुशल उद्यानविद की तत्काल नियुक्ति की जाए। उनका कहना था कि इस योजना को विश्व स्तरीय टाउनशिप के रूप में विकसित किया जाए।बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे अन्य विविध कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें शहर में कराए गए प्लांटेशन, क्षीर सागर में जलनिकासी हेतु पम्पिंग स्टेशन का निर्माण, अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम के संयुक्त कार्यालय भवन, राम की पैड़ी के समीप बन रही चौपाटी और नालों के निर्माण कार्य शामिल थे। उन्होंने इन सभी कार्यों की शीघ्रता से पूर्णता सुनिश्चित करने की बात कही।मण्डलायुक्त ने प्राधिकरण द्वारा भविष्य में शहर में प्री-कास्ट ड्रेन/डक्ट का निर्माण करने का प्रस्ताव भी रखा, जिससे यह कार्य देखने में आकर्षक और व्यवस्थित लगे।इस बैठक में अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पुलिस टीम ने कॉलेज की छात्राओं को मिशन शक्ति का पाठ पढ़ाया

**पूरा बाजार -अयोध्या।** थाना महाराजगंज अंतर्गत पुलिस चौकी पूरा बाजार की पुलिस टीम में उप निरीक्षक स्वाती उप निरीक्षक शिवेंद्र पाल कांस्टेबल अमित दुबे कांस्टेबल दिव्या मिश्रा ने कामता सिंह बालिका इंटर कॉलेज राजपुर पूरा बाजार में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया । उप निरीक्षक स्वाति सिंह में छात्राओं को मिशन शक्ति महिला हेल्पलाइन सहित अन्य सुरक्षा संबंधी उपायों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप स्वयं शक्तिशाली बने अपने अंदर विश्वास पैदा कर स्वयं समाज के सामने आकर अपनी प्रतिभा का परिचय देकर अपना स्थान बनाएं शासन प्रशासन सदैव आपके साथ है उन्होंने छात्राओं को थाना महाराजगंज व पुलिस चौकी पूरा बाजार तथा स्वयं का मोबाइल नंबर नोट कराते हुए कहा कि जब भी आप लोगों को हमारी आवश्यकता पड़े तत्काल फोन कर सूचित कीजिएगा ।

## जिलाधिकारी एवं महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने क्षय रोगियों को वितरित की पोषण पोटली सामग्री



**शाहजहाँपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद में संचालित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत पुर्णतः नि.शुष्क टी0बी0 का उपचार प्राप्त कर रहे टी0 बी0 रोगियों को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी एवं महानगर अध्यक्ष भाजपा शिल्पी गुप्ता ने 10 टी0 बी0 रोगियों को पोषण पोटली वितरित की। साथ ही 50 अन्य टी0बी0 रोगियों को अच्छे स्वास्थ्य के लिये वितरित 50 पोटली (पोषण) वितरित कीं। कुल 60 पोषण पोटलीयों में 1 किग्रा0 वार्नवीटी, 1 किग्रा0 सत्तू, 1 किग्रा0 भुने चने, 1 किग्रा0 मूँगफली, 1 किग्रा0 गुण, 1 किग्रा0 गजक प्रति पोटली में रखकर सभी 60 टी0 बी0 रोगियों को प्रदान की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वस्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक कर क्षय रोगियों तथा उनके स्वास्थ्य एवं गोद लिये क्षय रोगियों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस कार्यक्रम में सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधि, टी0की रोगियों के साथ जिला कार्यक्रम प्रवन्धक एनएचएम, जिला समन्वयक एनटीपी व अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर किसान यूनियन का श्रद्धांजलि समारोह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** किसानों के मसीहा और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती भारतीय किसान यूनियन द्वारा गांधी पार्क में बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया, पुष्पांजलि अर्पित की गई, मिष्ठान वितरण किया गया और पंचायत का आयोजन कर उनके योगदानों पर प्रकाश डाला गया।पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा एडवोकेट ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे हितैषी और मसीहा थे।

उन्होंने जमींदारी समाप्ति, चकबंदी लागू करने और खेतों को खेती करने योग्य बनाने के कार्य किए। साथ ही, छोटे-छोटे खेतों को जोड़कर उन्हें बड़े खेतों में बदला और प्रत्येक खेत में नाली तथा चकमार्ग की व्यवस्था की। चौधरी साहब के मुख्यमंत्री काल में



लाभकारी बजट प्रस्तुत होने के बावजूद किसानों को फसलों का उचित मूल्य दिलवाने का कार्य किया गया।वर्मा ने यह भी बताया कि चौधरी चरण सिंह का अर्थशास्त्र में गहरा ज्ञान था और वह हमेशा किसानों को सलाह देते थे कि मांग बढ़ाकर और आपूर्ति को नियंत्रित करके अच्छे दाम मिल सकते हैं।जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने कहा कि चौधरी साहब का मानना था कि खेती के साथ-साथ राजनीति में भी सक्रिय रहकर सत्ता पर मजबूत पकड़ बनानी चाहिए। इस जयंती पंचायत को सूर्यनाथ वर्मा (मध्यांचल सचिव), शंकरपाल पांडे (जिला उपाध्यक्ष), विकास वर्मा (युवा मोर्चा अध्यक्ष), संतोष वर्मा (बीकापुर तहसील अध्यक्ष), जितेंद्र कुमार, सती प्रसाद वर्मा, मस्तराम वर्मा, स्वामी दयाल शर्मा, राहुल वर्मा, रविंद्र कुमार मौर्य, विवेक पटेल, रंजीत कुमार, जगन्नाथ पटेल, नाथूराम यादव, अशोक सिंह और अन्य नेताओं ने संबोधित किया।समारोह में चौधरी चरण सिंह के योगदान और उनके द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ की दूसरी बैठक आयोजित

**अयोध्या।** जिले में अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ की दूसरी बैठक संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम प्रभारियों की नियुक्ति की गई। स्वदेश संस्थान द्वारा प्रस्तावित पांच दिवसीय इस महाकुम्भ का आयोजन 1 से 5 अप्रैल 2025 तक भारतीय नव वर्ष पर किया जाएगा। इस आयोजन के उद्देश्य से अयोध्या की कला, संस्कृति और पर्यटन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट किया जाएगा।बैठक में कार्यक्रम स्थल, रूपरेखा, व्यय बजट और प्रभारियों की नियुक्ति पर चर्चा की गई। विभिन्न विभागों के प्रभारी नियुक्त किए गए, जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन वादन, नृत्य प्रतियोगिता, चित्रकला, पर्यटन, गरबा महारास, साहित्य कुम्भ और अन्य आयोजनों के प्रभारी शामिल हैं।स्वदेश संस्थान के अध्यक्ष एस. बी. सागर प्रजापति ने इस आयोजन को भारत को अयोध्या की कला और संस्कृति से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## कुटिया साहिब में स्वास्थ्य जांच कर दिया परामर्श



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** गुरुद्वारा कुटिया साहिब में मैक्स हास्पिटल, लखनऊ की ओर से निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 120 लोगों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इसके साथ ही न्यूरोलाजिस्ट डा देव ज्योति धर, जनरल फिजीशियन डॉ आर शबजूर, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ प्रभात श्रीवास्तव, डॉ अबु उमर फिजियो द्वारा मरीज़ों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। डॉक्टर्स ने कहा कि परामर्श के हिसाब से दवा का सेवन करें। अगर सुधार न हो तो लखनऊ संपर्क कर सकते हैं। वहां आकर दिखा भी सकते हैं। इस अवसर पर राजिन्दर सिंह, आयुषमान, राहुल, गिरधर गोपाल व मोहसिन का सहयोग रहा।

# सिसवा नगर में दिनदहाड़े चोरी की वारदात,मचा हड़कंप

## बगल के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस कर रही तफ्तीश



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** कोठीभार थानाक्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र के मीराबाई नगर वार्ड में सोमवार को करीब ग्यारह बजे दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस तफ्तीश में जुटी हुई है। सोमवार को दिन में करीब ग्यारह बजे सिसवा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर पच्चीस मीराबाई नगर के अल्कापुरम मुहल्ला निवासी विनोद उर्फ कल्लू सोनी अपने भांजे के गोलू सोनी के साथ अपने मकान में रहते हैं। विनोद कस्बे के इस्टेट तिराहा स्थित कृष्णा मंदिर के बगल में एक दुकान पर काम कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं। विनोद की पत्नी रेनू अपने बेटे चंदन सोनी के साथ दिल्ली स्थित मुकुंदपुर में रहती हैं। प्रतिदिन की तरह विनोद सोमवार को सुबह नौ बजे घर की चाभी अपने भांजे को देकर काम करने के लिए चला गया। विनोद का भांजा गोलू भी कस्बे की एक दुकान पर काम करता है जो दस बजे के करीब घर मे ताला बंद कर चाभी अपने मामा को देकर चला गया। विनोद बारह बजे के करीब जब घर पर भोजन करने के लिए पहुंचा और घर अंदर दाखिल हुआ तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर के छत पर बने कमरे के दरवाजे के निचले हिस्से को तोड़कर घर मे घुस कर अज्ञात चोर अलमारी को खोल कर उसमें रखे जेवरात को लेकर चंपत हो गया था। जिसकी शिकायत पीड़ित ने तत्काल डायल 112 को किया। सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने तफ्तीश शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थलीय निरीक्षण कर तफ्तीश की जा रही है, साथ ही बगल के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से भी मदद ली जा रही है। जल्द ही घटना का अनावरण कर दिया जाएगा। बृजभान यादव, चौकी प्रभारी सिसवा।

## देश- प्रेम की शिक्षा और संस्कारों की पाठशाला है श्री कन्या गुरुकुल

**शाहजहाँपुर।** तिलहर गुरुकुल से आशय ऐसे विद्यालय से है जहाँ विद्यार्थी अपने परिवार से दूर गुरु के परिवार का हिस्सा बनकर शिक्षा प्राप्त करता है। प्राचीन भारत में गुरुकुल ही अध्ययन-अध्यापन के प्रधान केंद्र हुआ करते थे। दूर-दूर से ब्रह्मचारी विद्यार्थी, अथवा सत्यान्वेषी गुरु के शिविर में प्रवेश लेकर शिक्षा ग्रहण करते थे। जनपद के तिलहर क्षेत्र में क्रियान्वित गुरुकुल शाखा में पहुँचने पर परिसर की दिखने वाली मनोहारी छटा अवर्णनीय है।

## मंडल रेल प्रबंधक का शाहजहांपुर आगमन पर नरमू के सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र त्यागी ने रेलवे कॉलोनी की बताईं समस्याएं



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** मंडल रेल प्रबंधक के शाहजहांपुर आगमन पर नरमू के सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी शाखा सचिव शिव कुमार सक्सेना व यूनियन के सदस्यों ने कालोनी व रेलकर्मियों की समस्याओं से अवगत कराया साथ ही रेलवे कालोनी का निरीक्षण भी कराया कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए सहायक मंडल मंत्री नरमू नरेंद्र कुमार त्यागी ने कहा कि शाहजहांपुर व रोजा के रेल कर्मियों के लिए कोई अस्पताल पैनल पर नहीं है जिससे एमरजेंसी होने पर कर्मचारियों को तत्काल राहत नहीं मिल पाती है जिसपर डीआरएम ने तत्काल सीएमएस मुरादाबाद से बात कर शाहजहांपुर रोजा के अस्पताल को पैनल अस्पताल अतिशीघ्र देने को कहा साथ ही यूनियन ने अस्पताल रोड बनवाने, कालोनी की बाउंड्री बनवाने, आवासों में जालीदार दरवाजे रसोई बाथरूम में टाइल्स लगवाने, प्रत्येक आवास पर टंकी रखवाने, कालोनी में पार्क बनवाने, बारात घर बनवाने, स्ट्रीट लाइट लगवाने, सहायक मंडल अभियंता से इनफॉर्मल लगवाने की मांग की जिस पर डीआरएम ने जल्द समाधान कराने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

## जिला गंगा समिति शाहजहांपुर ने कराई स्वच्छता की मार्गदर्शक कार्यशाला

**शाहजहांपुर।** प्रभागीय वनाधिकारी सचिव जिला गंगा समिति शाहजहांपुर के निर्देशन में प्रभागीय एवं गंगा सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय संगठन जीआईजेड द्वारा समस्त नगर निकाय के प्रतिनिधि, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यरत समस्त विकास खंडों के खण्ड प्रेरकों व जनपद फर्रुखाबाद, हरदोई, बरेली, पीलीभीत के जिला परियोजना अधिकारियों को एक दिवसीय ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन विषयक स्वच्छता मार्गदर्शक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभागीय वनाधिकारी नवीन खंडेलवाल ने सभी का परिचय प्राप्त कर किया तथा अपने संबोधन में सभी नगर निकाय को तकनीकी ज्ञान अर्जित करने के साथ साथ जमीनी स्तर पर उतरकर काम करने को प्रेरित किया।

# पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. मालती श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर वितरित हुआ कापी किताब

## पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ प्रेरणादायक कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजगंज प्रथम की प्रधानाचार्य रही स्व0 डॉ. मालती श्रीवास्तव की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर जिले के दो विद्यालयों में स्मृति कार्यक्रम आयोजित किए गए। आनंद परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. मालती के शिक्षा के प्रति समर्पण और उनकी उपलब्धियों को याद किया गया। डॉ. मालती श्रीवास्तव ने 2007 में प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्ति ली थी। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा सम्मानित किया गया था। प्रधानाचार्य रहते हुए उन्होंने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर शिक्षा जगत में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका स्वर्गवास 24 दिसंबर 2024 को हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों को आनंद परिवार की ओर से किताबें, मिष्ठान, पेंसिल और सामान्य ज्ञान की पुस्तकें वितरित की गईं। साथ ही बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हेतु उनकी स्मृति में एक आरओ वाटर प्यूरीफायर भी भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वर्तमान प्रधानाचार्य बैजनाथ सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. मालती श्रीवास्तव के पति और जेनपीजी के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. आनंद स्वरूप श्रीवास्तव ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्ष और योगदान को भावुकता के साथ प्रस्तुत किया। डॉ. मालती श्रीवास्तव की स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को सम्मानित करता है, बल्कि नई पीढ़ी को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करता है।

## दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल का समापन



**महराजगंज ( मिठौरा)।** नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल विकास खंड मिठौरा के अंतर्गत ग्राम सभा पिपरा सोनाड़ी में आयोजित किया गया। खेल का शुभारंभ पूर्व मावि विद्यालय पिपरा सोनाड़ी के प्रधानाचार्या द्वारा किया गया। खेल में बालिका वर्ग कबाड़ी में चौक बाजार की टीम विजेता रही और बैडमिंटन में बिन्दु गुप्ता प्रथम साइकिल रेस में सनम भारती प्रथम स्थान प्राप्त , बालिबाल में दरहटा की ए टीम विजेता, दौड़ में सुरेश मद्धेशिया ने प्रथम स्थान प्राप्त , कुश्ती में शेषमणि कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन शशस्त्र सीमा के जवान अजय कुमार के द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राममूरत प्रसाद, कमलेन पेटल, समशकल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रामकिशन चिल्ड्रेन एकेडमी में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** रामकिशन चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में सोमवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। खेल को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह दिखा। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दमखम दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिजेश जायसवाल ने माँ शारदे के दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि खेल मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखता है। खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना प्रबल होती है। पहले दिन फ्रॉग जंप, रस्सी कूद, दौड़, स्पून मार्बल रेस, ऑक्टोपस रेस, क्रैब



रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नन्हें-मुन्हें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रबंधक विवेक चौरसिया ने विद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ओ ए जोसफ, कृष्णमुरारी सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, विभूत मिश्रा, प्रदुम्न पांडेय, बृजमोहन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## नेपाल से लाई जा रही एक ट्रैक्टर ट्राली कबाड़ बरामद

**निचलौल (महराजगंज)।** एसएसबी ठूठीबारी के इंडो नेपाल सीमा पर जवानों ने मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मीपुर खुर्द गांव के पिलर संख्या 504/9 के समीप नेपाल से अवैध रूप से लाई जा रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदा प्लास्टिक कबाड़ बरामद किया है। जबकि ड्राइवर कोहरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। बरामद सामान को कस्टम निचलौल को सौंप दिया है।बीओपी इंचार्ज अलोक नाथ ने बताया कि बरामद कबाड़ को कार्रवाई के लिए निचलौल भेज दिया गया है।

# जश्न ए ज़हरा में मुकामी शायरों ने कलाम पढ़ खूब बटोरी वाहवाही



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुसलमानो के रसूल हज़रत मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी जनाब ए फातिमा ज़हरा सअ की विलादत (जन्मदिन) की पूर्व संध्या पर शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में जश्न ए ज़हरा के उनवान से महफ़िल आयोजित हुई। जिसमें मुकामी शायरों ने अपने अपने कलाम पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी।

महफ़िल की शुरुआत अब्बास अली के तिलावते कलाम पाक से हुआ। तत्पश्चात नातेपाक अम्बर मेहदी से महफ़िल का आगाज़ हुआ। महफ़िल की सदारत कर रहे इमाम जुमा जमात हल्लौर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने शहज़ादी ज़हरा स अ के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बहन बेटियां और महिलाएं उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर अपनी जिंदगी संवार सकती है। महफ़िल का संचालन अज़ीम हल्लौरी ने किया। मशहूर शायर शमशाद हल्लौरी ने शेर पढ़कर महफ़िल में समा बांध दिया। इसके बाद शादाब हल्लौरी, शायर कमर, नफीस, अम्मार, काजिम मेहदी, नेहाल, मीसम, अफसर हल्लौरी, आले रज़ा, तनवीर हसन, हसन जमाल, अजीम, अम्मार, आरज़ू, लकी, मीसम, अर्श हल्लौर, हानी आदि शायरों ने कलाम व कसीदे पढ़कर खूब वाह वाही बटोरी। अन्त में मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब व ज़ाकिर ए अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने तकरीर करते हुए बीबी ज़हरा की जिंदगी पर भरपूर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि इनका पूरा जीवन याद ए इलाही व इबादत करने में गुज़रा। तो वही इमाम बारगाह अबु तालिब व जन्नतुल वकील में ख्वातीन की महफ़िल हुई। महफ़िल के दौरान मौलाना अली अब्बास, खादिम, पप्पू, जमाल हैदर, जमाल बीके, मोहम्मद हैदर, पप्पू अंकल, तशबीब हसन, अब्बास अली, जानशीन हैदर, शकील अहमद, सलमान, सोजफ़, आबिद रिज़्वी, नायाब हैदर, अलमदार हुसैन, मंगलू, ददद्, कामयाब हैदर, शबीह अहमद, वज़ीर, हैदर अब्बास, मोजिज़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में सोमवार को वक्फ शाह आलमगीर सानी, इमाम बारगाह बाबुल बाबा, जंन्तुल वकी, मस्जिद ए सानिए ज़हरा, दरगाह हज़रत अब्बास में महफ़िल आयोजित की गई। अन्त में आयोजक द्वारा सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। इसी क्रम में दरगाह हज़रत अब्बास में हुसैनी यूथ फाउंडेशन की जानिब से यौमे ख्वातीन के उनवान से एक महफ़िल का आयोजन किया गया जिसमें खवातीन ने जश्न ए ज़हरा का आयोजन कर कलाम व कसीदे पढ़े। नज़्र नियाज़ दिलाया और गले मिलकर यौमे पैदाइश की मुबारकबाद दी। अन्त में हुसैनी यूथ फाउंडेशन के सदर राहिब रिज़्वी ने आई हुई खवातीन का शुक्रिया अदा किया।

## साइबर क्राइम पुलिस ने रिफंड करवायी रकम

**अम्बेडकरनगर।** फर्जी रिश्तेदार बनकर की गई ठगी में साइबर क्राइम पुलिस ने 22,999 रुपये कराए रिफंड। प्रभावी कार्रवाई से शिकायतकर्ता को मिली राहत, पुलिस टीम के प्रति व्यक्त आभार किया गया। जनपद अंबेडकर नगर के थाना टांडा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अजमेरी बादशाहपुर निवासी चंद्रभान पुत्र रामदौर द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाने में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर शिकायत की गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके परिचित का रिश्तेदार बनकर और गुड़िया का पति होने का झूठा परिचय देकर उनके साथ 22,999 रुपये की ठगी की। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर डॉ0 कौस्तुभ के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी / नोडल साइबर क्राइम विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी टाण्डा / साइबर क्राइम श्री शुभम कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना साइबर क्राइम पुलिस जनपद अम्बेडकरनगर ने प्रकरण में त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता के खाते से ठगी की गई पूरी राशि रुपये 22,999/- खाताधारक / शिकायतकर्ता के खाते में रिफंड करवाये गये।

# डीएम की मौजूदगी में कु. पल्लवी ने किया एफएम डीसीपी टीकाकरण के पांचवां चरण का शुभारम्भ

- 23 दिसम्बर से 5 फरवरी तक 45 दिन चलेगा टीकाकरण अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से एफ.एम. डी.सी.पी. टीकाकरण के पांचवां चरण का शुभारम्भ एक बच्ची कु0 पल्लवी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना करवाया। निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, लखनऊ द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर को कुल 2,53,000 खुराक बैक्सीन प्राप्त हुई है, जिसे 45 दिनों में अभियान चलाकर 23 दिसम्बर से 5 फरवरी तक टीकाकरण किया जायेगा। इसके लिये जनपद में विकास खण्ड स्तर पर पशुपालन विभाग की दो-दो टीमें गठित की गयी है, जो घर घर जाकर रोस्टर के अनुसार एफ.एम.डी. टीकाकरण का कार्य करेगी। यह एफ.एम. डी0 टीका गोवंश एंव महिष वंशों में लगाया जायेगा, जो पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीवन लाल, एफ एम डी सी पी टीकाकरण अभियान में एन ए डी सी पी के जनपदीय नोडल डा. ऋषिकेश, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी चिकित्सा स्वास्थ्य, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर नौगढ़ डा.आर.बी यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी जोगिया डा. प्रदीप कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी बैरवा नानकार, पशु चिकित्सा अधिकारी ककरहवा डा.वीके पाण्डेय, एम वी यू नौगढ़ के डा. पवन मिश्रा पशु धन प्रसार अधिकारी अरुन कुमार प्रजापति, रमेश, उमेश पाण्डेय व पशु मित्र उपस्थिति रहे।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ नहीं किया जाएगा कोई समझौता : अनिल राजभर

- बुद्ध भूमि में प्रभारी मंत्री के रूप में कार्य करना मेरा सौभाग्य होगा : राजभर



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री/नवनियुक्त प्रभारी मंत्री सिद्धार्थनगर अनिल राजभर के जिले में प्रथम आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं का परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग अनिल राजभर ने सभी कार्यकर्ताओं पार्टी पदाधिकारी का स्वागत अभिनंदन हेतु आभार प्रकट करते हुए कहा मेरी कर्म भूमि सारनाथ रही है और अब बुद्ध भूमि सिद्धार्थनगर नगर में प्रभारी मंत्री के रूप में कार्य करना मेरा परम सौभाग्य है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, पार्टी कार्यकर्ता का कार्य ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी, पार्टी के सभी देव तुल्य कार्यकर्ताओं को मैं आश्वासन देता हूं कि जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं होगा। प्रभारी मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व शासन के मानसा के अनुरूप जनपद में हर कार्य हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित करूंगा ताकि आने वाले दिनों में सिद्धार्थनगर विकास की नई इबारत लिखें। जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हो कार्यक्रम समापन की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ0 सतीश चंद्र द्विवेदी, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, जिला महामंत्री विपिन सिंह, विजयकांत चतुर्वेदी, अरविंद विक्रम चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय सहित पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवागत पुलिस अधीक्षक होंगे केशव कुमार

**अंबेडकरनगर।** आईपीएस अधिकारी केशव कुमार को अंबेडकर नगर का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। अपनी सख्त प्रशासनिक शैली और उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रसिद्ध केशव कुमार अब जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की जिम्मेदारी संभालेंगे। केशव कुमार बिहार के दरभंगा जिले के निवासी हैं इनका जन्म 5 मई 1991 को हुआ। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में बीटेक की पढ़ाई की है। 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी के रूप में वे 18 दिसंबर 2017 को भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हुए। अंबेडकर नगर का कार्यभार संभालने से पहले केशव कुमार लखनऊ पुलिस कमिश्नर में डिप्टी कमिश्नर आफ पुलिस डीसीपी के रूप में कार्यरत थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण और बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई सराहनीय कदम उठाए।

## स्वामी श्रद्धानंद का 98वां बलिदान स्मृति दिवस समारोह मना




**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाज सुधारक एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संस्थापक स्वामी श्रद्धानंद जी के 98 वे बलिदान दिवस के अवसर पर धर्म जागरण समन्वय बांसी द्वारा नगर स्थित सियाराम मैरिज हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवन के पश्चात हनुमान चालीसा पाठ का सस्वर उच्चारण किया गया। इस दौरान धर्म जागरण समन्वय प्रांत प्रमुख तारकेश्वर ने कहा कि 1947 मे धार्मिक आधार पर जो विभाजन किया गया उसका खुलेआम उलंघन किया गया है। स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान के पश्चात भी धर्म जागरण समन्वय कार्य कर रहा है। सह प्रांत प्रचारक सुरजीत जी ने कहा कि भारत ऋषि प्रधान देश रहा है। अनुसंधान सर्वे भवन्तु सुखिनः के भावों को धारण किये हुए है। उन्होंने कहा कि पंजाब प्रांत मे जन्मे स्वामी श्रद्धानंद जी के समय धर्मभ्रष्ट के अन्याय से व्यथित स्वामी जी ने शिक्षा ग्रहण करते हुए आर्यसमाज के साथ लग गए। 1902 में मैकाले शिक्षा पद्धति के विरोध में उसके समकक्ष गुरुकुल की स्थापना हरिद्वार मे की। समाज सुधार शिक्षा सुधार और पुनर्घर वापसी का कार्य उनका प्रमुख कार्य रहा दुष्प्रचार को उन्होंने खंडित किया। बीमारी के दौरान भी धर्म नाम के चर्चा पर मिलने आए एक विधर्मी द्वारा उनकी हत्या 1926 मे कर दी जाती है। कार्यक्रम में सभाजीत जी, रामचंद्र मुंशी राजकुमार अग्रहरि, तुलसी राम, राकेश दूबे, सर्वज्ञ पांडेय, अनुपमा सिंह, अशोक अग्रहरि, रुकुम सिंह चौधरी, रंजीत सिंह, दयाशंकर पांडेय, शनि जायसवाल, विष्णु जायसवाल, ओम प्रकाश चौधरी, गोपाल जी मोदनवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता न्याय व समाज की धुरी है : वीरेन्द्र चौधरी




**फरेन्दा, महराजगंज अवधनामा संवाददाता।** सिविल बार एसोसिएशन फरेन्दा के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि अधिवक्ता का कार्य क्षेत्र केवल न्यायालय परिसर तक ही सीमित नहीं रहता, देखा जाय तो इसके बाहर समाज और जनता के प्रति उनकी जिम्मेदारी कहीं ज्यादा है। न्यायालय में उनका संबंध वादी और प्रतिवादी का है जबकि समाज में उनकी भूमिका पथ प्रदर्शक की होती है। वे ही न्याय के असल प्रहरी हैं। उनकी विद्वता व सजगता से समाज को सही मार्गदर्शन मिलता है। वे सर्वमान्य आदर्श होते हैं। अधिवक्ता बंधु ही समाज के बराबरी की लड़ाई लड़ते हैं। उन्होंने कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं के लिए नया टीन शेड लगवाने की घोषणा के साथ नये न्यायालय भवन के लिए दस एकड़ भूमि के लिए शासन से धन अवमुक्त कराने का प्रयास करने का भरोसा दिया। इसके पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविन्द्रनाथ उपाध्याय महामंत्री अनिल पासवान उपाध्यक्ष हरिओम श्रीवास्तव कनिष्ट उपाध्यक्ष सनत त्रिपाठी कोषाध्यक्ष सतीश सिंह संयुक्त सचिव प्रकाशन बब्लू यादव, सयुंक्त सचिव प्रशासन दिनेश प्रजापति सयुंक्त सचिव पुस्तकालय राम मनोहर मिश्र के आलावा वरिष्ठ कार्यकारिणी मे उमाकांत यादव, गोरख लाल चौरसिया, सुभाष चौधरी, जितेंद्र कुमार चौधरी, संतोष पाण्डेय, कनिष्ट कार्यकारिणी मे राकेश कुमार, अखिलेश चौधरी, अनूप कुमार गुप्ता, जितेंद्र मणि प्रजापति, राकेश कुमार गुप्ता व सुजीत श्रीवास्तव को चुनाव अधिकारी विनोद चन्द्र मणि त्रिपाठी ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम को नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविन्द्र नाथ उपाध्याय, महामंत्री अनिल पासवान ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुये लहै की न्याय को निष्पक्षता व अधिवक्ता हित के लिये हमेधा तत्पर रहेंगे।

## प्रयोगशाला सहायक एसोसिएशन के दयानन्द अध्यक्ष व बुद्ध प्रकाश मंत्री निर्वाचित



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रयोगशाला सहायक एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव में दयाननद मणि त्रिपाठी अध्यक्ष, बुद्ध प्रकाश गौतम मन्त्री निर्वाचित घोषित किये गए। सोमवार को सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन इन्टर कालेज के सभाकक्ष में चुनाव अधिकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, सहायक चुनाव अधिकारी जिला मन्त्री राजेश मिश्र द्वारा घोषित परिणाम में संरक्षक विजय वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विजय दूबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल मिश्र, उपाध्यक्ष अरुण कुमार पाण्डेय, संगठन मन्त्री वेद प्रकाश, वीरेन्द्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रेम चंद गौड़, सम्प्रेक्षक विपिन श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी यासीन अली को चुना गया। कार्यक्रम का संचालन रामकरन गुप्ता ने किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिलामंत्री कैलाश मणि त्रिपाठी, अभय श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा लोटन कस्बे में किया गया भ्रमण



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ द्वारा लोटन पुलिस के साथ सोमवार को लोटन कस्बे में शाम को पैदल भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों से कहा कि कोहरे का समय है आप लोग भी सतर्क रहें पुलिस सतर्क है कोई व्यक्ति दिखाई दे तो पुलिस को सुचना दे। जो भी व्यक्ति माहौल खराब करने का प्रयास करेगा पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी। गस्त के दौरान रोड पर खड़े वाहनों के स्वामी को भी बताया की रोड पर गाड़ी न खड़ा करें चौराहे पर जाम लगता है आने जाने वाले क्षेत्र वासियों को दिक्कत होती है। ठेले पर बेच रहे सब्जी और फल वालो को भी बताये की रोड छोड कर ही सब्जी व फल बेचे कहीं शिकायत मिलेगी तो कार्यवाही किया जायेगा और संदेश दिया यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना फौरन पुलिस को दे पुलिस आप के साथ है ।नेपाल सीमा करीब होने के कारण अपराधियों के आने की भी संभावना बनी रहती है। इस दौरान थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, उप निरीक्षक राजाराम यादव, उप निरीक्षक दिवाकर यादव, हेड़ कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव, चन्द्र शेखर चौरसिया, कांस्टेबल सौरभ सिंह, अजय कुमार, अनीकेत सिंह, राजेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## देश की दशा की ओर भी ध्यान दें ओली : हृदयेश



**काठमांडू अवधनामा संवाददाता।** देश की आर्थिक स्थिति लगातार जटिलता की ओर बढ़ रही है। और यह गति लगातार तेज हो रही है। ग्रामीण जन जीवन बेहाल है।लोगों के समक्ष मंहगाई, बेरोजगारी, पलायन आदि की समस्या है। ग़रीबी बढ़ती जा रही है। रोजी रोटी की समस्या मुंह बाए खड़ी है। यह कहना है जनता प्रगतिशील पार्टी का है। इसके राष्ट्रिय अध्यक्ष पूर्व मंत्री हृदयेश त्रिपाठी तथा राष्ट्रिय उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्र ने सोमवार को काठमांडू में मीडिया से बात करते हुए नेपाल के हालात पर चिंता व्यक्त की। नेता द्रव्य ने कहा कि लोगों में निराशा बढ़ रही है,आशावाद घट रहा है। अचरज है नेपाल की मौजूदा हुकूमत कत्तई चिंतित नहीं हैं और इसके समाधान का उसके पास कोई सोच भी नहीं है। उन्होंने कहा यह तब संभव है जब सरकार सभी दलों को साथ लेकर चले। कहा कि सरकार तो आती जाती रहती है। उसी सरकार का गुणगान होता है जो जनता के हित की सोचती है। जनता प्रतिशील पार्टी का मानना है कि इसके लिए राजनीतिक दलों के बीच सहयोग की आवश्यकता है। सरकार के साथ जो पार्टी सहयोगी हैं उन्हें सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहिए। जनता समाजवादी पार्टी, डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट पार्टी, आम जनता पार्टी में सब सरकार में हैं,इन्हें अपनी जिम्मेदारी समझना होग।सिविल लिबर्टीज पार्टी सहित अन्य पार्टियों से सहयोग की अपेक्षा है। तय किया गया कि जन समस्याओं की ओर ओली सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए पार्टी की ओर से डॉ. शिवजी यादव के संयोजकत्व में पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्रा और मोहम्मद साविर हुसैन सहित एक वार्ता दल का गठन किया गया जो प्रधानमंत्री से मिलकर देश की समस्याओं पर ध्यान दिलाने के लिए शीघ्र मुलाकात करेगा।

## डीएम ने किया प्रा वि धौरीकुइंया का औचक निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा सोमवार को विकास क्षेत्र नौगढ़ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, धौरीकुइंया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, मिड्डे मील रजिस्टर आदि को देखा गया। जिलाधिकारी ने बच्चों से वार्ता किया तथा बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रोत्साहित किया। शिक्षक डायरी पूर्ण न पाये जाने पर प्रधानाध्यापक रमेश चन्द्र का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ व विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# किसान दिवस के रूप में मनी पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जयंती



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सपा जिला कार्यालय पर सोमवार को किसानों के मसीहा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में मनाई गई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा एक विचार गोष्ठी कर उनके जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई और उनके पद चिन्हो पर चलने का संकल्प लिया गया।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष लाल जी यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी किसानों गरीबों मजलूमों और समाज के दबे कुचले लोगों के सच्चे हितैषी थे चौधरी साहब एक साधारण किसान परिवार से निकलकर अपने विचारों और संघर्षों के बल पर देश के प्रधानमंत्री बने और अपने कार्यों से गरीबों और किसानों के हित में ऐतिहासिक कार्य किये और वह कहते थे कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है इसलिए किसानों की एक आंख मेड पर और दूसरी आंख दिल्ली की सरकार पर होनी चाहिए ताकि सरकार आपके खिलाफ कोई फैसला न कर सके जब किसान के खेत में हरियाली रहेगी तभी इस देश में खुशहाली रहेगी। भाजपा राज में गरीबों और किसानो की स्थिति बद से बदतर हो गई है यह सरकार किसानो की आय को दुगना करने की बात तो करती है, लेकिन इनका दावा झूठा और छलावा है डीजल पेट्रोल खाद बीज और बिजली के दामों में कई गुना वृद्धि कर दी गई और किसानों को अपना लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। यह सरकार सिर्फ पूंजीपतियों की पोषक है। विचार गोष्ठी में राममिलन भारती, अनूप यादव, मणींद्र मिश्रा मशाल, प्रदीप पथरकट्ट, कमरूज्जमा खान, विजय चौधरी, चंद्रभान पहलवान, जोखन चौधरी, चंद्रहास यादव, रामसेवक लोधी, अयान भरमर, सुनीता गोस्वामी, लव कुश सैनी व राजेंद्र भारती आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी व मेला का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** महर्षि दयानन्द विद्या मन्दिर धरम नगर सनई में तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी व मेला का आयोजन, स्व महातम सिंह एजुकेशन निकेतन उत्तर प्रदेश व राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के तत्वावधान में 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदर्शनी में रोचक भरी प्रतियोगिताओ का प्रदर्शन हुआ तथा बच्चों को ज्ञान और विज्ञान की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी जी को बैच लगाकर माल्यार्पण, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा प्रसस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ सतीश द्विवेदी ने देश के महापुरुष महर्षि सुश्रुत, महर्षि वाल्मीकि आदि लोगो के बारे में जानकारी प्रदान किया। स्वामी विवेकानन्द जी के सोच को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को बताया कि आप सभी एक ऐसा लक्ष्य निर्धारित कीजिए जिससे आपका और आपके परिवार, समाज का कल्याण हो और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन प्रयास कीजिए। कहा कि आज के युग में बिना विज्ञान के जीवन संभव नहीं है जो कुछ भी है सब विज्ञान की देन है मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को जल जीवन और जल बचाव के लिए बच्चों को प्रेरित किया। वायु प्रदूषण से होने वाले रोग तथा उनके रोकथाम की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान किया। सर ने जल की कमी और जल प्रदूषण से बचने के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सुजीत राय ने बच्चों को अपने जीवन में विज्ञान के क्षेत्र में अधिक से अधिक सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। विज्ञान को सीखने और उनका सही प्रयोग कैसे किया जाता है उसके बारे में जानकारी प्रदान किया। विद्यालय के संचालक अंबेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि किस तरह से हमारे वैज्ञानिकों ने कठिन परिश्रम के द्वारा बल्व, भाप के इंजन दूरबीन आदि का आविष्कार किया और विज्ञान के द्वारा हमारे समाज को अपना विशेष योगदान दिया। इस बीच सभी बच्चों ने दिशा सूचक यंत्र, ज्वालामुखी मॉडल, वैरोमीटर, टेलीस्कोप, दूरवीन, चुम्बकीय पथ, पेरिस्कोप, पेंडुलम इत्यादि मॉडल का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान कला एवम् पेंटिंग प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई, इन तीनों प्रतियोगिताओं में जिन बच्चों ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान एवम् तृतीय स्थान प्राप्त किया, उन सभी बच्चों को इस कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विज्ञान वर्ग के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## जनपद स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**अंबेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन सप्ताह के तहत जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह 2024 (दिनांक 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक) के तहत प्रशासन गांव की ओर के उद्देश्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रेरणादाई नेतृत्व में जनपद के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण तथा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति/परिवारों तक केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के पहुंच को और भी सुचारू एवं सुगम बनाए जाने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया।

## शहाना फनकार बेगम अख्तर

बेगम अख्तर के बारे में आम राय है कि वैसी शहाना तबियत की फ़नकार कोई नहीं दिखता। 60-70 के दशक में उनका इन्दौर आना जाना प्रोग्राम के सिलसिले में अक्सर होता रहता था। उस समय के लेबरकमिशनर रसिकराज नाम से मशहुर थे उनके साथ एक कद्रदान रामू भैया दावे थे। दोनो की बेगम से बड़ी अत्मीयता थी। पहले पहल जब रामू भैया के दिमाग पर जब बेगम अख्तर के आवाज का नूर तारी हुआ तो कोलकता जा पहुंचे जहां उस समय बेगम अख्तर मुकाम कर रही थी। बेगम महफ़िलों में पैसे लेकर गया करती थी। रामू से फ़ीस 5000 रूपये तय हुई।

दूसरे दिन एक गेस्ट हाउस में प्रोग्राम देने पहुंची देखा रामू और उनके दो चार दोस्तों के अलावा और कोई भी वहां मौजूद नहीं था। बेगम चौंकी की उनकी महफ़िलों में सुनते वालो की गहमागहमी रहती थी। वह अन्य दूसरा को न पाकर चौकी पूछा सुनने वाले नहीं आये है अभी। रामू ने कहा बस आज हमी और हमारे दोस्त श्रोता है आप शुरू कीजिये। अख्तरी बाई षड़ज लगाया रामू भैया बोले बस अब रहने दीजिये और उन्होंने 5000 का लिफाफा पकड़ा दिया। अख्तरी चौक पर पूछी कोई गुस्ताखी हो गई क्या। बेगम ने सोचा बिना सुने पूरा पैसा देकर एकाएक जा रहे है कोई बात पसन्द नहीं आई क्या रामू भैया बोले बस इतना ही सुनने के लिये हम इन्दौर से कालकता आये है। इससे आप बेगम अख्तर के प्रति लोगो के दिवानगी का अन्दाजा लगा सकते है। उनके चाल चलन, बातचीत डेऊस और व्योहार में कही भी रन्डियो वाल सस्सतापन और फूहड़पन नहीं रहता था। हमेशा कीमती परिधान में सजी रहती थी। एक बार प्रोग्राम के लिये इन्दौर गयी तो रामू भैया उन्हें लेने नहीं आये। पूछने पर ड्राइवर ने बताया उनके पांव में फैक्चर हो गया है वह अस्पताल में भर्ती है। बेगम ने कहा होटल नहीं अस्पताल ले चलो। ठहरने की जगह छोड़ रामू भैया को देखने अस्पताल चली गयी। वहां पहुंचने पर ड्राइवर से कहा साजिन्दों को बोलो साज़ सहित बेगम अन्दर बुला रही है। साजिन्दे साज के साथ हाजिर हो गये। उन्होंने ने अस्पताल में ही महफ़िल सजाया। एक शिखर पर पहुंचे कलाकार की सदस्यता सादगी और इन्सानी जज्बातों को इससे ज्यादा आवेग क्या हो सकता है। इसके लिये रस्मी अन्दाज नहीं अपनाना पड़ा। सब कुछ सहजता से हो गया। यह बेगम के बड़प्पन और इन्सानियत का एक नमूना है। ऐसे कई उदारवादी किस्से बेगम के साथ जुड़े हुये है।

बेगम ने बचपन से ही दुख को झेला है। बचपन में पिता माता से अलग हो गये। बेगम की छोटी बहन की मृत्यु हो गई। मां ने गरीबी से संघर्ष करते हुये बेगम को पाला संगीत की शिक्षा दिलवाई, कई उस्तादो ने उन्हें शिक्षित किया। बेगम की सहृदयता को एक हृदय को छू लेने वाला वाकिया है। एक ऐंकर बेगम के प्रोग्राम की ऐकरिग करके स्कूटर से लौट रहा तो एक टूक के टक्कर से गिर पड़ा और घायल हो गया। मामूली चोट थी जल्द ठीक हो गया। बेगम को जब यह मालुम हुआ तो उन्होंने फोन करके उसकी कुशलता पूछी। एक एंकर के लिये इतनी सहृदयता कौन दिखाता है। बेगम की शख्यित के ये बेश कीमती हीरे है। एक बार एक जगह प्रोग्राम देने गयी तो जिस में ठहरी थी। होटल का किराया चुकाने के लिये जब लोग वहां पहुचे तो किराया दो तीन हजार होना चाहिये था। पर बिल 15000 हजार का था। काउन्टर से पता किया तो बताया किराया तो तीन सौ ही है बाकी 555 सिगरेट का बिल है। बेगम 555 की शौकीन थी। एक बार एक प्रोग्राम के सिलसिले मे जबलपुर आई थी। सरकारी प्रोग्राम था। उनके ठहरने वगैरह का इन्जाम मुझे करना था। जब वह होटल में ठहर गई तो हालचाल लेने पहुचा। एक प्लेट में मेवा था, एक हाथ में 555 सिगरेट थी और हाथ में विहस्की के गिलास थी। बेगम ने 555 का बिल खुद अदा किया, उनके शहाना तबियत के इस तरह को कई किस्से है। बेगम अख्तर अलाप लेते ही महफ़िल को गिरफ्त में ले लेती था उन्हें खरज की सिद्दी हासिल थी। बे गाती थी तो गजल के मायने उनकी सूरत से झरते थे। उस्ताद वरकत अली, के.एल.सहगल और तलत महमूद की प्रशंसक थी। शायरी की उन्हें गहरी सूझ थी मैने बेगम को लेकर अक्सर लोगो से चर्चा करता रहता हूँ। सभी यही कहते है गजल तो आज भी गई जाती है पर उसके ठाठ बेगम अख्तर के साथ ही रूखसत हो गया।

अकेला हुं मगर आबाद कर देता हू विराना,
बहुत रोयेगी मेरे बाद शामे तन्हाई,

## यथार्थवादी कथा लेखिका ऊषा प्रियवंदा


ओमप्रकाश 'सुमन'

कहानी के दौर में चर्चित महिला कहानीकार त्रयी में मन्नू भंडारी, कृष्णा सोबती एवं उषा प्रियंवदा का नाम आता है । उषा प्रियंवदा प्रवासी हिंदी साहित्यकार हैं उन्होंने हिंदी साहित्य को उपन्यास और कहानियों से सुसज्जित किया है। उषा प्रियंवदा कथा साहित्य में छठे और सातवें? दशक के शहरी परिवारों का संवेदना पूर्ण चित्र मिलता है। उस समय शहरी जीवन में बढ़ती उदासी ,अकेलापन, ऊब आदि का अंकन करने में उन्होंने अत्यंत गहरे यथार्थबोध का परिचय दिया है। वर्तमान समय में उषा प्रियंवदा की कई रचनाओं को स्कूल व कॉलेज के पाठ्यक्रमों में भी स्थान दिया गया है।

उषा प्रियंवदा का मूल नाम उषा सक्सेना है उन्होंने अपनी रचनाओं में अपनी माता प्रियंवदा का नाम जोड़ लिया है इसलिए उनका नाम उषा प्रियंवदा हो गया। कानपुर देहात उत्तर प्रदेश के ब्रिटिश भारत में उनका जन्म एक साधारण परिवार में 24 दिसंबर 1930 में हुआ था । इनके कई नाम है उषा प्रियंवदा , उषा निल्सन व ऊषा सक्सेना ।इन का परिवार देशभक्ति की भावना से भरा था इनके पिता जो वकील थे उनका निधन पहले ही हो गया था। इनकी मां को विधवा होने के कारण सामाजिक पूर्वाग्रह का सामना करना पड़ता था। उषा की प्रारंभिक पढ़ाई लिखाई कानपुर में हुई उषा अपनी बड़ी बहन कमला व कामिनी से छोटी थी। इनके भाई लोग स्वतंत्रता आंदोलन में लग गए दादा शिब्बन लाल अंग्रेजों की जन्म कैद में थे। इस प्रकार परिवार आर्थिक संकटों से भी टूट रहा था उषा ने अपनी बड़ी बहन कमला जो इलाहाबाद में थी वहीं रहकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में एम .ए. व पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। साथ ही साथ अध्यापन कार्य भी किया। उन्होंने कुछ वर्षों तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में मिरांडा कॉलेज में लेडी श्री राम कॉलेज नई दिल्ली में अध्यापन कार्य किया। इसके बाद वह फुल ब्राइट स्कॉलरशिप पर पोस्ट डॉक्टरल का अध्ययन करने अमेरिका के इंडियाना विश्वविद्यालय ब्लूमिंगटन चली गई ।अध्ययन के लिए फुल ब्राइट छात्रवृत्ति प्राप्त की । इनकी इनकी प्रारंभिक शिक्षा गृह क्षेत्र में हुई इनको पढ़ने और लिखने का लगाव शुरू से ही था मुंशी प्रेमचंद शरद चंद्र चट्टोपाध्याय व अन्य साहित्यकारों का इन्होंने अध्ययन करना शुरू किया वहीं से कॉलेज के दिनों में उन्होंने कहानी लिखना भी शुरू कर दी।

उनकी पहली कहानी लाल चूनर जो सरिता पत्रिका में छपी थी। इलाहाबाद में अध्ययन के समय जहां रहती थी वहां साहित्यिक वातावरण भी था। उषा कहती हैं मेरे घर में कास्ट बिरादरी में मेरी मां की बहुत अवज्ञा थी मुझे स्कूल में इतना सम्मान मिलता था पर मेरी मां को वैसा सम्मान नहीं मिला। मैं समझ नहीं पाई कि मुझ में भी प्रतिभा की चिंगारी है शायद मेरे निष्कपट स्वभाव और अनायास क्लास में हमेशा फर्स्ट आने का यही परिणाम रहा । मेरी यही भाव भूमि थी मैंने लिखना शुरू किया मेरी सारी प्रारंभिक कहानियों सरिता में नियमित रूप से छपती थीं पर उषा नाम से । हर कहानी के लिए मुझे 20 मिलते थे और 60 इकट्ठे करके उन को मैंने अपनी माता के हाथों में रखा तो माँ के मन में ऐसा भाव आया जिसको मैं कभी भुला नहीं सकती थी। सरिता पत्रिका में जो आंसू भरी कहानी और स्त्रियों की अव्यवस्था की कहानी प्रकाशित हुई वह मेरा जिया हुआ यथार्थ था। बाद में पढ़ते समय मैंने मां का नाम जोड़ लिया और उषा प्रियंवदा इस नाम से मेरी पहली कहानी पूर्ति कल्पना में छपी थी।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,


**पैक्स के लिए दिशानिर्देशों ने राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों दोनों को योजना को संरचित तरीके से निष्पादित करने में सक्षम बनाया है। पैक्स के गठन में नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी जैसे भागीदार सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू डेयरी प्रसंस्करण व अवसंरचना कोष, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की योजनाओं का अभिसरण है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर संतुलित विकास की सुविधा प्रदान कर रहा है।**

# बहुउद्देशीय पैक्स- ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बदलाव का कारक


डॉ हेमा यादव

भारत में लगभग 2,70,000 ग्राम पंचायतें हैं, फिर भी इनमें से कई स्थानीय निकाय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS), डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों से वंचित हैं। ऋण, आवश्यक सामंग्री, बाजार और रोजगार प्रदान करने में इन प्राथमिक-स्तर की सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, मोदी सरकार ने अब तक सरकारी संस्थाओं से वंचित ग्राम पंचायतों में नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, यानि, बहुउद्देशीय पैक्स (MPACS), और डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना लेकर आयी है । प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण के अनुसार, बहुउद्देशीय पैक्स ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की आधारशिला बन जाएगी, जिसका लक्ष्य प्रत्येक गांव में कम से कम एक ऋण, डेयरी, या मत्स्य सहकारी समिति होना है। यह पहल डेयरी, मत्स्य पालन, अन्य क्षेत्रों में ऋण पहुंच और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने पर केंद्रित है।

देश के हर गांव और पंचायत को कवर करने के लिए 2 लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जारी है और यह पहल ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस योजना को दो आयामी कार्ययोजना के साथ लागू किया जा रहा है;

1. अगले पांच वर्षों में सभी पंचायतों और गांवों को कवर करने वाली नई बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना

2. मौजूदा सहकारी समितियों का सुदृढ़ीकरण अगले पांच वर्षों में 70,000 बहुउद्देशीय पैक्स, 56,000 नई बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियां (MPDCS) और 6,000 नई बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समितियां (MPFCS) स्थापित करने तथा मौजूदा समितियों को मजबूत करने का लक्ष्य है।



**मार्गदर्शिका का क्रियान्वयन :** इस योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा एक मार्गदर्शनिका का शुभारंभ किया गया है । इस पुस्तिका में मानक प्रक्रियाओं, लक्ष्यों, समयसीमाओं, विशिष्ट भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और एक निगरानी तंत्र की रूपरेखाएं दी गई हैं। बहुद्देशीय पैक्स के लिए दिशानिर्देशों ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों दोनों को योजना को संरचित तरीके से निष्पादित करने में सक्षम बनाया है। बहुद्देशीय पैक्स के गठन में नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी जैसे भागीदार सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना कोष, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की योजनाओं का अभिसरण है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर संतुलित विकास की सुविधा प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय समितियों के साथ-साथ अंतर-मंत्रालय समिति के माध्यम से प्रभावी समन्वय स्थापित किया गया है। सहकारिता मंत्रालय के द्वारा नियमित निगरानी और समर्थन इसके प्रभावी कार्यान्वयन को मजबूती प्रदान करता है।

**राज्यों की उपलब्धियां :** राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार देश में 10,458 नए बहुउद्देशीय पैक्स पंजीकृत किए गए हैं। बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियों, बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समिति और बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के गठन से ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार होगा और लोगों के लिए अपार अवसर खुलेंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में छोटे और सीमांत किसानों, वंचित और कमजोर लोगों की भागीदारी में सुधार होगा। आकांक्षी और वंचित जिलों और पंचायतों में बहुउद्देशीय पैक्स के माध्यम से सदस्य-केंद्रित और समावेशी विकास मॉडल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा।

उत्तराखंड ने 2018 से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के विविधीकरण और आधुनिकीकरण में अग्रणी भूमिका निभाई है। 2023 में मॉडल उपनियमों की शुरूआत ने सहकारी समितियों को बहुउद्देश्यीय कृषि सहकारी समितियों में विकसित होने के लिए प्रेरित किया। इन समितियों ने कम्प्यूटरीकरण को अपनाया है, जिससे वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केंद्र, एलपीजी वितरण केंद्र और पेट्रोल खुदरा दुकानों को संचालित करने में सक्षम हो गए हैं। ओडिशा में, 1,529 बहुउद्देशीय पैक्स हैं जो आकांक्षी जिलों के साथ पूरी तरह से एकीकृत हैं, जो प्रभावी कार्यान्वयन और सार्थक क्षेत्रीय परिणाम सुनिश्चित करते हैं। महत्वपूर्ण भौगोलिक और क्षेत्रीय असमानताओं की विशेषता वाले राजस्थान ने डेयरी सहकारी समितियों पर विशेष जोर देते हुए 738 बहुउद्देशीय पैक्स स्थापित किए हैं। इसी तरह, गुजरात और महाराष्ट्र बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता और आउटरीच कायक्रमों के माध्यम से लगातार प्रगति कर रहे हैं।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा :** भारत के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन, पशुधन और मुर्गीपालन जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियाँ हैं जो आजीविका का स्रोत हैं, हालाँकि ऋण और बाज़ार तक पहुँच में ग्रामीण क्षेत्रों को अक्सर बाधाओं का सामना करना पड़ता है। मॉडल उपनियमों के संबल से बहुउद्देशीय पैक्स राष्ट्रीय आर्थिक विकास में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की भागीदारी को बढ़ाएगा।

आवश्यक बुनियादी ढाँचे के साथ बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना, ऑनलाइन और भौतिक दोनों बाज़ारों तक बेहतर पहुँच, प्रौद्योगिकी का एकीकरण और कृषि मशीनीकरण को अपनाने से सप्लाई चेन में काफ़ी मजबूती आएगी, जिससे अंततः किसानों और उत्पादकों को फ़ायदा होगा । कृषि, डेयरी और मत्स्य पालन क्षेत्रों में खेत से लेकर खाने तक के बीच प्रभावी चेन या लिंकेज बनाने के लिए, एकत्रीकरण, कृषि-लॉजिस्टिक्स और उत्पादकों को बाजार की जानकारी प्रदान करना महत्वपूर्ण है, जिससे वे बेहतर रूप से बाजार की मांग को पूरा कर सकें। यह दृष्टिकोण लाखों उत्पादकों को अवसरों का लाभ उठाने और उन्हें उनके बाज़ारों का विस्तार करने, उनके उत्पादों को उचित मूल्य और स्थायी आय और आजीविका प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

# जन्म शताब्दी वर्ष : सुरों के सरताज़ मोहम्मद रफ़ी

**रफ़ी की हिन्दी गायकी की असल शुरुआत 1941 में हुई जब उन्होंने पहली बार रेडियो पाकिस्तान के लिए गाना गाया लेकिन उनका बॉलीवुड में प्रवेश 1944 में हुआ जब उन्होंने सोनिये नी हीरिये, तू हिंदू बनेगा मुसलमान बनेगा और अन्य छोटे-छोटे गीतों के माध्यम से हिंदी सिनेमा में अपनी अलहदा पहचान बनाने की दिशा में तेजी से अपने कदम बढ़ाये। हालांकि उन्हें असली पहचान 1946 में फिल्म गांव की गोरी से मिली जिसमें उनका गीत सोनिये नी हीरिये काफी हिट हुआ। भारत का वो दौर याद करें जब देश विभाजन के सदमे की त्रासदी से उबर ही रहा था।**


हर्षवर्धन पाण्डे

मोहम्मद रफ़ी भारतीय संगीत और सिनेमा के अद्वितीय गीतकार, गायक और संगीतकार एक ऐसी शख्सियत हैं जिनका योगदान अविस्मरणीय है। आज भी ऐसा लगता है मानो उनका संगीत और आवाज़ भारतीय सिनेमा की आत्मा में समाहित हो गए हैं। रफ़ी साहब के व्यक्तित्व का प्रभाव सिर्फ उनके गीतों के माध्यम से ही नहीं बल्कि उनकी सरलता, विनम्रता और पेशेवर अंदाज में भी महसूस किया जा सकता था।

रफ़ी का जन्म 24 दिसम्बर 1924 को पंजाब (अब पाकिस्तान) के अमृतसर जिले के कोटला सुलतान सिंह गांव में हुआ था। उनका परिवार संगीत के प्रति स्नेह रखने वाला था। इनके बड़े भाई की नाई दुकान थी। रफ़ी जब सात साल के थे तो वे अपने बड़े भाई की दुकान से होकर गुजरने वाले एक फकीर का पीछा किया करते थे जो उधर से गाते हुए जाया करता था। उसकी आवाज रफ़ी को पसन्द आई और रफ़ी उसकी नकल किया करते थे। उनकी नकल में अव्वलता को देखकर लोगों को उनकी आवाज भी पसन्द आने लगी। लोग नाई दुकान में उनके गाने की प्रशंसा करने लगे। उनके मन में संगीत का बीज एक भीख मांगने वाले फ़कीर को देखकर अंकुरित हुआ। तब उनके मन में भी उस फ़कीर जैसे गाने की इच्छा जगी। जब उन्होनें गाना शुरू किया तो पिता ने ही सबसे पहले विरोध किया जिसके लिए उनकी पिटाई भी हुई लेकिन संगीत को मन में बसाने की तमन्ना लिए रफ़ी कभी भी अपने लक्ष्य से नहीं डिगे। लाहौर में कुन्दनलाल सहगल जब अपना स्टेज शो करने निकले तब रफ़ी महज 13 बरस की उम्र में उनको सुनने गए। वहां मंच पर लाइट चली गई तो भीड़ शांत करने के लिए एक नौजवान को गाने का मौका मिला। रफ़ी ने ऐसा गाना उस स्टेज में गाया सब देखते रहे और सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। तब संगीतकार श्यामसुन्दर ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और मायानगरी में आकर प्लेबैक गायक बनने का मौका दिया और पंजाबी फिल्म गुल बलोच में गाना गाया।यह गाना रफी का ज़ीनत बेगम के साथ एक युगल गीत था जिसके बोल थे ÷नी सोहनिये नी हीरिये तेरी याद ने। इनके बड़े भाई मोहम्मद हमीद ने इनके संगीत के प्रति इनकी रुचि को देखा और उन्हें उस्ताद अब्दुल वाहिद खान के पास संगीत शिक्षा लेने को कहा। उनका रुझान शास्त्रीय संगीत की ओर तेजी से बढ़ा और उनका गायक बनने का सपना साकार होने की दिशा में कदम बढ़ने लगे। रफ़ी की गायन-प्रतिभा को पहचानते हुए संगीतकार फिरोज़ निज़ामी ने रफ़ी को आल इंडिया रेडियो लाहौर में नौकरी दिलवा दी।

रफ़ी की हिन्दी गायकी की असल शुरुआत 1941 में हुई जब उन्होंने पहली बार रेडियो पाकिस्तान के लिए गाना गाया लेकिन उनका बॉलीवुड में प्रवेश 1944 में हुआ जब उन्होंने सोनिये नी हीरिये, तू हिंदू बनेगा मुसलमान बनेगा और अन्य छोटे-छोटे गीतों के माध्यम से हिंदी सिनेमा में अपनी अलहदा पहचान बनाने की दिशा में तेजी से अपने कदम बढ़ाये। हालांकि उन्हें असली पहचान 1946 में फिल्म गांव की गोरी से मिली जिसमें उनका गीत सोनिये नी हीरिये काफी हिट हुआ। भारत का वो दौर याद करें जब देश विभाजन के सदमे की त्रासदी से उबर ही रहा था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। उस दौर में राजेंद्र कृष्ण के लिखे गीत सुनो सुनो ए दुनिया वालों, बापू की ये अमर कहानी को हुस्नराम भगत राम ने अपना संगीत से कालजयी बना डाला। इस नग्मे को रफ़ी साहब ने अपनी दिलकश आवाज़ से झंकृत करने का काम बखूबी किया। उस दौर में रफ़ी होने के मायने आप इस बात से समझ सकते हैं कि इस गीत को सुनने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ख़ासतौर से रफ़ी साहब को अपने दिल्ली निवास स्थान पर आमंत्रित किया और इस गीत सुनकर नेहरू की आँखें भी नम हो गई। भारत की आज़ादी की पहली वर्षगाँठ पर नेहरू ने उस दौर में रफ़ी को चाँदी का एक छोटा सा मेडल भेंट किया तब मोहम्मद रफ़ी की उम्र महज 24 बरस की रही जो उनके लिए किसी बड़े सम्मान से कम नहीं था।



रफ़ी ने अपनी गायकी में विविधता और प्रयोग की कोई कमी नहीं छोड़ी। चाहे वह रोमांटिक गीत हों या फिर देशभक्ति गीत हों या फिर दर्द भरे नग्मे, रफ़ी की दिलकश आवाज़ में वह ताकत थी कि हर गीत उस दौर में अपनी पूरी कहानी खुद बयां कर देता था। उन्होंने अपने करियर के दौरान लगभग 28,000 से अधिक गीत गाए जो आज भी हर संगीत प्रेमी के दिल में गूंजते हैं। उनके गायन में जो मिठास थी वह अनमोल मानी जाती है। रफ़ीके गाने सिर्फ सुरों और शब्दों का मिलाज नहीं होते थे बल्कि उन गीतों में जो भावनात्मक गहराई थी जो उस दौर के रेडियो सुनने वालों को दिल में उतार देती थी। तेरा मुझसे है पहले का नाता कोई (नौशाद द्वारा संगीतबद्ध), कुछ तो लोग कहेंगे (शंकर जयकिशन), आजकल पाँव ज़मीन पर नहीं (आर.डी. बर्मन) जैसे गीतों में रफ़ी की आवाज़ ने न केवल गीतों को संजीवनी दी बल्कि ये सभी गीत हिंदी सिनेमा की अनमोल धरोहर बन गए। रफ़ी ने हिन्दी सिनेमा के लिए बिना फीस लिये या बेहद कम पैसों लेकर भी नायाब गीत गाए। उनका कहना था, मेरा काम घास - घोड़ा चिल्लाना नहीं है। मेरा काम इंसानों के काम आना है। इंसानो से दोस्ती करने का है। मेरा शौक, मेरी इबादत संगीत है। वह करना मुझे अच्छा लगता है इसलिए मैं कभी भी पैसे के लिए नहीं गाता। न मैंने कभी भी किसी से पहले से कोई समझौता किया जिसने जो दे दिया मैंने अपनी रोजी-रोटी समझकर रख लिया क्योंकि गायिकी मेरी अपनी जागीर नहीं थी। खुदा की दी हुई नायाब नेमत है।

रफ़ी की गायकी का एक महत्वपूर्ण पहलू यह था कि वे हर प्रकार के गीत गाने में माहिर थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत, भक्ति गीत, भजन, ग़ज़ल, रोमांटिक गीत, हास्य गीत और यहां तक कि फ़िल्मी गानों के साथ भी प्रयोग किया। मन तड़पत हरि दर्शन को (बैजू बावरा), सारे जहाँ से अच्छा (पाकिस्तान दिवस पर गाया गया गीत) जैसी विविधताएं दर्शाती हैं कि रफ़ी का गायन सिर्फ एक शैली तक सीमित नहीं था। रफ़ी की आवाज़ में वह सहजता और सरलता थी जो उन्हें एक आम आदमी से जोड़ देती थी। उनकी आवाज़ में गंभीर सादगी नजर आती थी जो श्रोताओं के दिलों के भीतर उतर जाती थी। रफ़ी के संगीतकारों के साथ सम्बन्ध भी बड़े सौहार्दपूर्ण रहे। उन्होंने नौशाद, शंकर जयकिशन, ओ.पी. नैय्यर, एस.डी. बर्मन, आर.डी. बर्मन, और लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल जैसे महान संगीतकारों के साथ काम किया। रफ़ी और नौशाद की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए हैं। नौशाद की फ़िल्म ÷बैजू बावरा÷ में रफ़ी की गायकी ने सिनेमा जगत को एक नया मोड़ दिया। रफ़ी साहब की पहचान एक संगीतकार से अधिक एक कलाकार के रूप में थी।


# झूठ, दिखावा, भ्रामकता के शिकंजे में उपभोक्ता

**मलावटखोरी और उत्पाद की निम्न गुणवत्ता अपने उच्च स्तर पर है, आज के समय में किसी भी उत्पाद की गारंटी बड़ी मुश्किल है। एक दशक पहले वाहन, यंत्र, यांत्रिक साधन, घरेलू उपकरण या उनके पार्ट्स गारंटी से ज्यादा बरसों तक चलते हमने देखा है, लेकिन अभी ऐसे कमजोर उत्पाद बन रहे है जैसे उनका कोई भविष्य ही न हो। महंगाई के हिसाब से उत्पादों के दाम तो आसमान छूते है पर गुणवत्ता के नाम पर वे कहीं नहीं टिकते, कुछ समय में ही उत्पाद भंगार बन जाते है।**


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

ग्राहक धोखाधड़ी ऐसी समस्या है जिसका जाने-अनजाने में हम नित्य शिकार होते है, लेकिन बहुत बार हम जानकर भी अनसुना करते है, या ज्यादा गंभीरता नहीं दर्शाते, परंतु इसका बहुत गहरा प्रभाव होता है और जानमाल का नुकसान होकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था प्रणाली को आघात पहुँचता है। आम इंसान के रोजमर्रा के उपयोग में आनेवाली चीज वाहन का ईंधन है। पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमत और मापन पर संदेह हमेशा आम जनता को परेशान करते हैं। अनेक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के बाद वहां गाड़ी के टायरों में हवा भरवाते वक्त कर्मचारी हवा चेक करने के लिए पैसे लेते हैं, जबकि पेट्रोल की कीमत में कुछ सेवाएं मुफ्त दी जाती है, जैसे शौचालय का प्रयोग, पिने का पानी, टायरों में मुफ्त हवा, इंधन के गुणवत्ता और मात्रा की जांच, प्राथमिक चिकित्सा किट, शिकायत पुस्तिका, आपातकालीन कॉल। इन सेवाओं का चार्ज पेट्रोल विक्रेता के कमीशन में जोड़कर ही हमें पेट्रोल बेचा जाता हैं। यह सेवाएं पेट्रोल पंप पर मिलना अनिवार्य है अन्यथा ग्राहक सेवा में अवरोध निर्माण करने के लिए ऐसे पंपो के विरुद्ध शिकायत दर्ज की जा सकती है।

भारत में हर साल 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 24 दिसंबर 1986 को भारत के राष्ट्रीय द्वारा पारित किया गया था। तभी से 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक भारतीय उपभोक्ता को सुरक्षा, सूचना, विकल्प, कहना, शिकायत व निवारण और उपभोक्ता अधिकार शिक्षा जैसे छह अधिकार मिले हैं। हम आधुनिक दुनिया के उस पड़ाव पर आ चुके है जहां हर ओर अंधाधुंद भागदौड, प्रतिस्पर्धा, टकराव नजर आता है। उत्पादों के केवल ऊपरी आवरण को खूबसूरत बनाकर बेचने का चलन चल पड़ा है। ग्राहक भी समय और पैसों की बचत की खातिर क्वालिटी के बजाय क्वांटिटी को प्राथमिकता देता है, परंतु जो पैसे खर्च हो रहे है उस मुताबिक उत्पाद ग्राहक को मिल रहे है? आज के समय में मिलावटखोरी और उत्पाद की निम्न गुणवत्ता अपने उच्च स्तर पर है, आज के समय में किसी भी उत्पाद की गारंटी बड़ी मुश्किल है। एक दशक पहले वाहन, यंत्र, यांत्रिक साधन, घरेलू उपकरण या उनके पार्ट्स गारंटी से ज्यादा बरसों तक चलते हमने देखा है, लेकिन अभी ऐसे कमजोर उत्पाद बन रहे है जैसे उनका कोई भविष्य ही न हो। महंगाई के हिसाब से उत्पादों के दाम तो आसमान छूते है पर गुणवत्ता के नाम पर वे कहीं नहीं टिकते, कुछ समय में ही उत्पाद भंगार बन जाते है। पहले ग्राहकों को सीमित साधनों में गुणवत्ता मिलती थी, अब मार्केट में उपलब्ध असीमित साधनों में से गुणवत्ता ढूंढने पर भी नजर नहीं आती।




देशभर में साइबर अपराध तो अभी अपने चरम पर है, रोजाना ढेरों केस देखने-सुनने को मिलते है, हमें एसएमएस द्वारा फेक वेबसाइट की लिंक भेजी जाती है, अनेक फेक कॉल, ईमेल आते है, व्हाट्सएप पर भी देश-विदेश के नये-नये नंबर से मैसेज आते है। हमारी डिजिटल गतिविधियों की जानकारी रिकॉर्ड होती है, इस डिजिटल युग में हमारी निजी जानकारी दुनियाभर में फैली है। आजकल डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं भी बहुत होने लगी है। साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं की संख्या वित्त वर्ष 2023 में 75,800 मामलों के साथ हानि की राशि 421.4 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 2,054.6 करोड़ राशि हो गई। 2024 के पहले चार महीनों में, भारतीयों को साइबर अपराधियों के कारण 1,750 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर 740,000 शिकायतें दर्ज की गईं। 76,000 फर्जी वेबसाइटों के जरिए 8 लाख से ज्यादा लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। नए तरीकों का इस्तेमाल करने वाले स्कैमर्स के कारण ऑनलाइन धोखाधड़ी बढ़ रही है।

सभी सोशल मीडिया ने अपनी गुणवत्ता और विश्वसनीयता को बनाये रखने के लिए कड़े नियम बनाये है, फिर भी योग्य रूप से क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। बहुत बार देखा गया है कि सामान्य लोगों की अच्छी पोस्ट को स्कैम का नाम देकर उसे डिलीट किया जाता है और झूठे विज्ञापनों, अनुचित पोस्ट से सोशल मीडिया भरा रहता है। ऑनलाइन कोई भी उत्पाद खोजते समय फ्रॉड वेबसाइट भी नजर आते है, जिस पर उत्पाद की झूठी कीमत दर्शाकर ग्राहकों को खुलेआम लुटा जाता है। ऐसे झूठे ई-कॉमर्स वेबसाइट पर बैन क्यों नहीं लगता? लोग अक्सर ऐसे वेबसाइट के भ्रामक विज्ञापन और सस्ते कीमत के चलते फंस जाते हैं। जान बचाने वाली दवाएं भी अब जान लेने वाली बन गयी है, ग्राहक ने किस पर भरोसा करना किस पर नहीं? हाल ही में एशिया के बड़े अस्पतालों में शुमार नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में हजारों मरीजों को नकली दवा बाँटी गयी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नकली दवाएं दुनिया के दवा व्यापार का 10 प्रतिशत हिस्सा बनाती है, नकली दवाओं का वैश्विक बाज़ार 200 बिलियन डॉलर का है और इनमें से 67 प्रतिशत नकली दवाओं को मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है। भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, भारत में 5 प्रतिशत दवाएं नकली हैं। एसोचैम के 2022 में किये गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में 25 प्रतिशत दवाएँ नकली या अत्यंत निम्न दर्जे की हैं। क्रिसिल और ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स एसोसिएशन की एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बिकने वाले सभी उत्पादों में से लगभग 25-30 प्रतिशत नकली उत्पाद हैं, नकली सामान परिधान 31 प्रतिशत, एफएमसीजी 28 प्रतिशत, और ऑटोमोटिव 25 प्रतिशत में सबसे अधिक प्रचलित है, ये शीर्ष खंड हैं जहां उपभोक्ताओं को नकली उत्पाद मिलते हैं, इसके बाद फार्मास्यूटिकल्स 20 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं 17 प्रतिशत, कृषि रसायन 16 प्रतिशत है। फिक्की अनुसार, दवा, मसाले, शिशु आहार, मिनरल वाटर, सॉफ्टवेयर, सिगरेट, शराब, सोने के बिस्कुट और विलासिता के सामान सहित अधिकांश उत्पाद श्रेणियों में नकली उत्पाद पाए जा सकते हैं।

# भाजपा सरकार किसान विरोधी है : अखिलेश





**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने आज प्रदेश मुख्यालय लखनऊ समेत सभी जिलों में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी का जन्मदिन सादगी के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम इटावा के हैवरा स्थित चौधरी चरण सिंह पीजी कालेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव रहे। अखिलेश यादव ने चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज परिसर में समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षामंत्री नेताजी श्री मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण किया।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो0 रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री शिवपाल सिंह यादव, बदायूं से सांसद श्री आदित्य यादव, विधायक श्री तेज प्रताप यादव, श्री अरविन्द यादव पूर्व एमएलसी, मुकुल यादव एमएलसी, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, प्रदीप शाक्य इटावा जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अंशुल यादव, मैनपुरी के जिलाध्यक्ष श्री आलोक शाक्य समेत अनेक प्रमुख नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताजी की प्रतिमा के अनावरण के बाद श्री अखिलेश यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के बहुत बड़े नेता रहे। उन्होंने किसानों के हित में बड़े फैसले लिए। उन्होंने जीवन भर किसानों की खुशहाली के लिए काम किया। वे नेताजी श्री मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक गुरू थे। नेताजी चौधरी चरण सिंह जी से सीख कर राजनीति में आगे बढ़े। नेताजी ने इस संस्था चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज को बड़ा बनाया। आज यह संस्था बहुत बड़ी हो गयी है। इसमें दूर-दूर से बच्चे पढ़ने आते है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इस बात की बहुत खुशी है कि चौधरी चरण सिंह के नाम से बनायी गयी संस्था में नेताजी की प्रतिमा का अनावरण हुआ है। नेताजी जी ने लोगों के लिए काम किया, उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया और धरती पुत्र कहलाये। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है। आज जब हम किसानों के सबसे बड़े नेता चौधरी साहब को याद कर रहे हैं उसी समय दिल्ली बार्डर पर तमाम किसान नेता किसानों की मांगों को लेकर भूख हड़ताल और धरने पर बैठे हैं। उन किसानों की जान और स्वास्थ्य चिंता का विषय है। यह सरकार किसानों के हित में फैसला नहीं लेती है। किसानों की समस्याओं से ध्यान हटाने और मुद्दों के लिए साजिश के तहत नये-नये मुद्दे उछालती है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी देश की अकेली पार्टी है जिसके नाम में ही समाजवाद है। जो समाजवाद हमारे संविधान की प्रस्तावना में है, वहीं हमारी पार्टी के नाम में है। और किसी दल के नाम में ऐसा नहीं है।

## यात्रीगण ध्यान दें : छह ट्रेनें रहेंगी निरस्त... 12 के बदले गए रूट

**लखनऊ।** यूपी में रेल लाइन में काम होने के चलते रेल मार्ग में बाधा आई है। गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर चुरेब-मुंडेरवा स्टेशनों के बीच इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 23 से 26 दिसंबर तक छह ट्रेनें निरस्त रहेंगी। वहीं, 12 ट्रेनें बदले रूट और रास्ते में रोककर चलाई जाएंगी।

सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 05425/26 भटनी-अयोध्या धाम जंक्शन-भटनी 24 व 25 दिसंबर को निरस्त रहेंगी। 12531/32 गोरखपुर-लखनऊ जंक्शन-गोरखपुर एक्सप्रेस और 04137 ग्वालियर बरौनी स्पेशल ट्रेन 25 दिसंबर को कैंसिल रहेंगी। 04138 बरौनी-ग्वालियर स्पेशल ट्रेन 26 को नहीं चलेगी। 02563/64 बरौनी नई दिल्ली दरभंगा व 02569 दरभंगा-नई दिल्ली 24 दिसंबर को बस्ती के बजाय बढ़नी के रास्ते चलाई जाएगी। 02570 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस 24 व 25 दिसंबर को इसी रूट से चलाई जाएगी।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं सीएमएस छात्र : न्यायमूर्ति रेखा दीक्षित

अवधनामा संवाददाता



■ सीएमएस गोल्फसिटी कैम्पस द्वारा 'एनुअल पैरेन्ट्स एण्ड ग्रैण्डपैरेन्ट्स डे समारोह' का आयोजन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोल्फसिटी कैम्पस द्वारा आयोजित 'एनुअल पैरेन्ट्स एण्ड ग्रैण्डपैरेन्ट्स डे समारोह' का भव्य आयोजन सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुश्री रेखा दीक्षित, पूर्व जज, इलाहाबाद हाईकोर्ट एवं विशिष्टि अतिथि श्री प्रदीप दुबे, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव, उ.प्र. विधानसभा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में न्यायमूर्ति सुश्री दीक्षित ने कहा कि सी.एम.एस. छात्र प्रतिभा के धनी हैं। परिवार में एकता का वातावरण ही सामाजिक एकता का कारण बनता है, ऐसे में जरूरी है कि भावी पीढ़ी बड़े-बुजुर्गों की महत्ता को समझे व उन्हें सम्मान देना सीखे। उन्होंने छात्रों को उद्देश्यपूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के सी.एम.एस. के प्रयासों की भरपूर सराहना की।

सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अवसर पर कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक ज्ञान के साथ साथ मानवता की शिक्षा देकर छात्रों का सम्पूर्ण विकास करने को प्रतिबद्ध है। इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना की शानदार प्रस्तुति से हुआ, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने समूह गान, डान्स-ड्रामा, नृत्य नाटिका, टॉक शो, कव्वाली, लोक नृत्य एवं क्रिसमस उत्सव आदि विभिन्न प्रस्तुतियों द्वारा अनेकता में एकता का अभूतपूर्व संदेश दिया। इस शानदार समारोह में नाचते-गाते बच्चों की बहुमुखी एवं बाल सुलभ प्रतिभा को देखकर अभिभावक गदगद हो गये। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने अपने नन्हें-मुन्हों की खूब हौसलाअफ्जाई की।

# भाजपा और कांग्रेस पर बरसीं बसपा सुप्रीमो मायावती

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** महाराष्ट्र के परभणी की घटना को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि भारतीय संविधान के मूल निर्माता परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर का अनादर, अपमान व उनके करोड़ों अनुयायियों के प्रति हीन भावना का दुखद परिणाम है परभणी जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं।

उन्होंने कहा कि इससे साबित हो गया है कि कांग्रेस व भाजपा आदि कोई इनका सच्चा हितैषी नहीं है। सबकी नीयत और नीति में खोट है। मायावती ने आगे लिखा कि परभणी घटना को लेकर कांग्रेसी नेता का आज दौरा घड़ियाली आंसू की तरह है। क्योंकि बाबा साहेब के जीवित रहते व देहांत के बाद भी उनके प्रति कांग्रेस का रवैया हमेशा जातिवादी व तिरस्कारी रहा है। उन्होंने कहा कि इनको दलित और पिछड़ों की याद केवल बुरे वक्त में आती है। बसपा प्रमुख ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बाबा साहेब को लेकर संसद में दिए गए बयान को वापस लेने की मांग को लेकर मंगलवार को सभी जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील सर्वसमाज से की है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को भाजपा पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। अटल बिहारी वाजपेयी का यह जन्म शताब्दी वर्ष है।

# रोते-बिलखते बैंक पहुंचे ग्राहकों ने खाली किए लॉकर

## कईयों के तो लुट गए लाखों के जेवर और नगदी, खाता धारक बोले- अखबार से मिली लॉकर टूटने की सूचना

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** इंडियन ओवरसीज बैंक में रविवार को पड़ी डकैती के दूसरे दिन सुबह 9:30 बजे से ही लोग अपने लाकर देखने पहुंचने लगे थे। बैंक के अधिकारी व कर्मचारी ग्राहकों को समझाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन लॉकर धारक कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। बैंक ने सोमवार को सुरक्षा की दृष्टि से दो बंदूकधारी भी तैनात करवा रखे थे।

अगर यही व्यवस्था लॉकर टूटने से पहले होती तो शायद लाकर न टूटे होते। जैसे ही बैंक खुलता है, वैसे ही एक साथ कई ग्राहक बैंक में प्रवेश करने के लिए आगे बढ़ते हैं, तभी गार्ड ग्राहकों से आग्रह करता है कि एक-एक करके जाएं। यह ग्राहक कोई खाते से पैसा निकालने नहीं आए थे, सभी को अपने लॉकर देखने थे, लेकिन बैंक प्रशासन ने इन्हें लॉकर सुबह 11 बजे से दिखाने शुरू किए। तब तक ग्राहक बैंक में ही बैठे रहे।

कई अपने साथ अपनी पुरानी डायरी लेकर आए थे, जिनमें लॉकर में रखे सामानों की सूची थी। इनमें से किसी भी लॉकर धारक को बैंक ने लॉकर टूटने की सूचना नहीं दी। इसको लेकर सबसे ज्यादा लोगों में नाराजगी रही। ग्राहकों का तर्क था कि उन्हें अखबारों के माध्यम से लॉकर टूटने का पता चला। चिनहट के मटियारी चौराहे स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक में 90 लाकर थे जिनमें से 42 को तोड़कर डकैत लूट ले गए थे। इनमें किसी के जीवन भर की पूंजी चली गई तो किसी के रिटायरमेंट की पूंजी थी। सिर पर हाथ रखे बैठे एचएएल से सेवानिवृत्त कुलदीप राज कहते हैं कि जीवन भर जो कमाया था, इसी में था, अब बुढ़ापा ईश्वर ही काटेगा। बैंक के बाहर से निकल रहे लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें और आंखों में आंसू थे। किसी के पैतृक जेवर चले गए थे तो किसी के बच्चों का भविष्य डकैतों ने मिट्टी में मिला दिया था। इनमें कुछ ऐसे भी ग्राहक आए थे जिनके लॉकर तो सुरक्षित थे लेकिन वह अपने लॉकरों को देखना चाहते थे।

### लॉकर बंद करने को दिया प्रार्थना पत्र

पंकज श्रीवास्तव लॉकर नंबर 24, एके जयसवाल का लाकर 66 था, इनके चेहरे पर थोड़ी राहत थी, लेकिन बैंक के प्रति इनकी नाराजगी खूब थी। उन्होंने अपने लॉकर यहां नहीं रखने की बात कही। कई ने सुरक्षा का हवाला देते हुए बताया कि अब कोई अपना लॉकर यहां नहीं रखना चाहता। सोमवार को ही लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर लॉकर बंद करने के लिए आग्रह किया।

# भक्त के भव और भय दोनों को समाप्त करने वाली है भागवत कथा

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 23 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक हाता राम दास सदर कैण्ट में किया जायेगा। कथा से पहले सोमवार को कथा प्रवक्ता नैमिषारण्य के आचार्य सुधीर कृष्ण शास्त्री ने नैमिष धाम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि तीरथ वर नैमिष व्याख्याता आति पुनीत साधक सिद्धि दाता।

उन्होंने कहा कि सच्चिदानंद भगवान सदा सर्वदा हर परिस्थिति में हमारे साथ हैं। नैमिषारण्य में विराजित सूत जी ने जब सौनक आदि ऋषियों को भागवत की महिमा बताई तो सभी संत आनंद से भर गए। कथा का प्रभाव इतना की भक्ति को भी कथा आश्रय लेना पड़ता है। बिना कथा के विवेक की जागृति नहीं होती है और विवेक न होने हो तो ज्ञान और वैराग्य का विचार ही समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि भक्त के भव और भय दोनों को समाप्त करने वाली भागवत कथा धुंधकारी जैसा महा पापी भी कथा के श्रवण से मुक्त हो गया। बाद में आचार्य श्री ने एक भजन हे प्रभु मुझे बता दो चरणों में कैसे आऊं सुन कर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। संयोजक राजेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि भागवत् कथा प्रतिदिन सायं 3:30 से 7:30 बजे तक होगी। कथा के साथ साथ श्री नवग्रह शान्ति एवं महालक्ष्मी यज्ञ प्रातः 9 से 11 तक प्रतिदिन होगा। कथा मे यजमान संत कुमार दुबे, सुनैना दुबे, जवाहरलाल, ज्ञानचंद, रिंकू चौधरी, संदीप, वीरेंद्र प्रातः लक्ष्मी नारायण महायज्ञ पूजा में बैठे।

# अब बिजली कंपनियों में सुधार के लिए रिफॉर्म पीपीपी मॉडल की जरूरत

अवधनामा संवाददाता

■ ऐसे में उन्हें उनके पद से तत्काल हटाकर किसी योग्य तकनीकी अभियंता को दी जाए तैनाती

**लखनऊ।** आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसंबर की पूर्व संध्या पर उपभोक्ता परिषद ने बिजली कंपनियां व पावर कॉरपोरेशन पर करारा हमला बोलते हुए कहा वर्तमान में सभी बिजली कंपनियों के प्रबंधन से उपभोक्ता सेवा में सुधार की कोई भी अपेक्षा करना अपना हक प्राप्त करना पूरी तरह निराशाजनक हो गया है क्योंकि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन की तरफ से दक्षिणांचल व पूर्वांचल को निजी क्षेत्र में दिए जाने हेतु पारित प्रस्ताव में पावर कारपोरेशन के द्वारा यह लिखा गया है की विभिन्न बिंदुओं का विश्लेषण कर या निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया है कि बिना किसी वृहद रिफॉर्म के वर्तमान परिस्थितियों में मूलभूत परिवर्तन संभव नहीं है इसलिए प्रस्ताव पारित किया जाता है की प्रदेश में खराब प्रदर्शन करने वाली दो बिजली कंपनियां पूर्वांचल व दक्षिणांचल को पीपीपी मॉडल में दिया जाए यानि निजीकरण किया जाए इस प्रस्ताव से यह सिद्ध हो गया है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन सहित सभी बिजली कंपनियों के प्रबंधन को तत्काल स्वत अपने पद से हट जाना चाहिए अथवा सरकार उन्हें अभिलंब अनियंत्रित स्थानांतरित करें जिनके द्वारा उपभोक्ता सेवा और सुधार के लिए स्वत अपना समर्पण कर दिया गया है और कहां जा रहा है कि अब सुधार निजीकरण पर ही संभव हो पाएगा तो उनसे प्रदेश के 3 करोड 45 लाख विद्युत उपभोक्ता क्या अपेक्षा करेंगे।

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग उठाई है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन बिजली कंपनियों के प्रबंधन को तत्काल उनके पद से हटाया जाए क्योंकि उनके द्वारा स्वता माना गया है कि बिजली कंपनियों में अब सुधार परलिक्षित नहीं हो रहा है इसलिए पीपीपी मॉडल में दिया जाना जरूरी है ऐसे में उपभोक्ता वर्तमान में किससे आपेक्षा से अपने हक की बात उनसे करें। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा चाहे वह प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को मुआवजा कानून का लाभ स्वता मिलने का मामला हो चाहे वह 33122 करोड सर प्लस के एवज में दरो में अगले 5 वर्षो तक 8 प्रतिसत कमी का मामला हो या फिर जो उनके लंबित मामले हैं उन पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने एक बार भी उपभोक्ताओं के हित में कोई भी ना बैठक की है और ना ही आदेश पारित किया है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

# रोटरी क्लब ने गरीबों को बाँटे कम्बल और ट्राई साइकिल



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सामाजिक संस्था रोटरी क्लब औफ निरालानगर की ओर से आज गरीबों को कम्बल और ट्राई साइकिल बांटी गई। लखनऊ के अध्यक्ष रोटेरियन विनोद चंनदिरमानी, रोटेरियन अशोक टंडन, नरेश अग्रवाल, वाइ के गोयल व अन्य सदस्यों ने तालकटोरा के ग़रीब परिवारों को कम्बल बांटे।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब औफ लखनऊ के सदस्यों ने अपने हाथों से कम्बल दिए। मुख्य रूप से भूतपूर्व मंडलाअध्यक्ष रोटेरियन चन्द्र प्रकाश, सचिव अशोक टंडन, भूतपूर्व अध्यक्ष वाई के गोयल, भूतपूर्व अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, अध्यक्ष नामित रोटेरियन गिरधर गोपाल यादव, कोषाध्यक्ष रोटेरियन विभोर अग्रवाल एवं भूतपूर्व अध्यक्ष प्रवीन मितल आदि हैं। कम्बल वितरण के साथ 85 वर्ष की वृद्ध महिला माधुरी तिवारी को व्हीलचेयर प्रदान की गई। रोटरी के भूतपूर्व मंडलाअध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा संचालित नौबसता में प्रेरणा सिलाई स्कूल की महिलाओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर आज अध्यक्ष रो0 विनोद चनदिरमानी ने पुरस्कृत किया।

# उत्तर प्रदेश में लखनऊ और प्रयागराज में रोजगार मेलों का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

■ लखनऊ में सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने 1300 युवाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**प्रयागराज, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश में 45 स्थानों पर रोजगार मेलों को संबोधित करते हुए सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे कल देर रात कुवैत से लौटे हैं। इस यात्रा के दौरान उन्होंने भारतीय युवाओं और पेशेवरों के साथ व्यापक चर्चा की और यह बहुत ही सुखद संयोग है कि लौटने के बाद उनका पहला कार्यक्रम देश के युवाओं के साथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के हजारों युवाओं के लिए एक नई शुरुआत है। आपके वर्षों के सपने पूरे हुए हैं, वर्षों की मेहनत रंग लाई है। 2024 का यह जाने वाला वर्ष आपके लिए नई खुशियां लेकर आए। मैं आप सभी को और आपके परिवारों को हार्दिक बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार रोजगार मेलों जैसी पहलों के माध्यम से भारत की युवा प्रतिभाओं के पूर्ण उपयोग को प्राथमिकता दे रही है। पिछले 10 वर्षों में, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सरकारी नौकरियां प्रदान करने के लिए एक ठोस प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज 71,000 से अधिक युवाओं को उनके नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में लगभग 10 लाख स्थायी सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं और यह एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड है। ये नौकरियां पूरी पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं और नए भर्ती हुए लोग समर्पण और ईमानदारी के साथ देश की सेवा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी देश का विकास उसके युवाओं की कड़ी मेहनत, क्षमता और नेतृत्व पर निर्भर करता है। भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि देश की नीतियां और निर्णय अपने प्रतिभाशाली युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं को सबसे आगे रखा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। आज, भारतीय युवा नए आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

## इण्टरनेशनल स्पोर्ट्स, आर्ट्स एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता का भव्य समापन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस एवं अयोध्या रोड कैम्पस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्ट्स, आर्ट्स एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (सैम-2024) का आज भव्य समापन हुआ।

सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच देश-विदेश के विजयी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया। जूनियर वर्ग की सैम क्विजर्स (क्विज) प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार आनंदा कालेज, कोलंबो, श्रीलंका को मिला जबकि सीनियर वर्ग की सैम क्विजर्स (क्विज) प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस ने जीता।

# क्रिसमस मनाने के साथ-साथ अपने अंदर दया का भाव विकसित करें

अवधनामा संवाददाता



■ गोडवा में आयोजित क्रिसमस मीटिंग में बिशप डॉ.आर.सी.शेत ने यह संदेश दिया

**लखनऊ।** बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट की ओर से क्रिसमस सेलिब्रेशन वीक का आयोजन 16 से 23 दिसम्बर तक किया गया। इसके तहत सोमवार 23 दिसम्बर को लखनऊ स्थित गोडवा में क्रिसमस मीटिंग का आयोजन किया गया।

बिशप डॉ. आर.सी.शेत ने इस अवसर पर संदेश दिया कि यीशु मसीह का आगमन मानवता का संदेश लेकर आया है। उन्होंने लोगों को प्रेम और क्षमाशील होने का मार्ग दिखाया जो वर्तमान दौर में और अधिक प्रासंगिक हो गया है। इसलिए क्रिसमस मनाने के साथ-साथ अपने अंदर दया का भाव भी विकसित करें।

लखनऊ के गोडवा में दया के घर चर्च में क्रिसमस पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में अनुयायियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने मसीही गीत भी गए। इस समारोह में विशेष रूप से पास्टर रविकिरण और पास्टर करुणा कर्ण को आमंत्रित किया गया था। समारोह में संगीत दल ने मनभावन यीशु मसीह के गीत गाए सुनाए और परमेश्वर की महिमा का गुणगान भी किया। मसीह गीत आया है यीशु आया है, मुक्त ले साथ आया है का आनंद अनुयायियों ने सबसे ज्यादा लिया। इस अवसर पर पास्टर सुनील, पास्टर सुधांशु, डॉ. सुमन शेत, पास्टर मयंक डेविड, ब्रदर पप्पू, ब्रदर गंगा प्रसाद, पास्टर मनीष पीटर, पास्टर अभिषेक, ब्रदर बबलू, ब्रदर राहुल, ब्रदर रंगीलाल, पास्टर दिनेश, ब्रदर राजा ने यीशु मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला। बिशप डॉ.आर.सी.शेत ने क्रिसमस मीटिंग में विश्व शान्ति और भारतवासियों की उन्नति के लिए प्रार्थना भी की। इस क्रम में 24 दिसम्बर को लखनऊ में कैरोल सिंगिंग और 25 दिसम्बर को क्रिसमस बड़ा दिन उत्सव गेस्ट हाउस में मनाया जाएगा।

# यशवर्धन के तिहरे शतक से मध्य प्रदेश मजबूत

## विजय मर्चेंट ट्रॉफी : पहले दिन मेघालय की पारी 56 रन पर सिमटी

अवधनामा संवाददाता



■ मुंबई ने पहली पारी में बनाए 223 रन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में यशवर्धन चौहान के आतिशी तिहरे शतक (278 गेंदों पर 48 चौके और तीन छक्कों की मदद से 302 रन) की बदौलत मध्य प्रदेश ने अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इकाना स्टेडियम के बी ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में मेघालय की पहली पारी महज 56 रन पर सिमट गई।

जवाब में मध्य प्रदेश ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट खोकर 466 रन बना लिए थे। मुकाबले में मध्य प्रदेश ने टास जीतकर मेघालय को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। टीम के गेंदबाजों यह फैसला सही साबित करते हुए मेघालय की पारी को 21.4 ओवर में महज 56 रन पर समेट दिया। मध्य प्रदेश की ओर से यशवर्धन सिंह ने महज चार रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा, जबकि अंजेश पाल ने तीन विकेट झटके। जवाब में मध्य प्रदेश के लिए सलामी बल्लेबाज यशवर्धन सिंह ने ठोस शुरुआत करते हुए अपना तिहारा शतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने 218 गेंदों का सामना करते हुए 48 चौके और तीन छक्के जमाए। मध्य प्रदेश से सक्षम वर्मा ने 50 और कुशाग्र नागर ने 49 रन का योगदान दिया।

प्रतियोगिता के तहत डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की टीम 223 रन बनाकर आउट हो गई। हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में शीर्षक्रम के दो बल्लेबाज पांच रन के योग पर पवेलियन लौट गए। मध्यक्रम से अथर्व ने 45 और निचले क्रम से नीरज ने 63 रन की पारी खेलकर टीम के आंकड़े को 200 रन के पार पहुंचाया। हैदराबाद की ओर से देव डी मेहता ने 47 पर तीन विकेट लिए, जबकि आयुष, वेद रेड्डी और नमन चौधरी दो-दो विकेट लेने में सफल रहे। जवाब में हैदराबाद ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 25 रन पर शीर्षक्रम के तीन विकेट खो दिए। ये तीनों विकेट मुंबई के कार्तिक कुमार ने अपनी झोली में डाले। प्रतियोगिता के तहत अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले के पहले दिन आंध्र प्रदेश ने केरल के खिलाफ छह विकेट खोकर 232 रन बनाए। टीम को 26 रन के योग पर पहला (श्यामू दत्ता-26) और 27 रन के योग पर दूसरा (के भानू साई- 0) दूसरा झटका लगा। इसके बाद जी देव प्रमोद (45), टी हर्षा साई (53) और फिर रोहन गनपति (73) ने उपयोगी पारियां खेलते हुए आंध्र की पारी को संभाला। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने छह विकेट खोकर 232 रन बना लिए। केरल की ओर से देवगिरी, अब्दुल, थामस मैथ्यू और अर्जुन एस हरी को एक-एक विकेट मिला।

अवधनामा



# स्वामी श्रद्धानंद का बीलदान दिवस मना

अवधनामा संवाददाता

**बबराला (संभल)** डीएवी फर्टिलाइज़र पब्लिक स्कूल, बबराला में श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया गया स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवसः डीएवी फर्टिलाइज़र पब्लिक स्कूल, बबराला में स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान दिवस के अवसर पर एक भव्य और भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रार्थना सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने गहन श्रद्धा और समर्पण के साथ स्वामी श्रद्धानंद जी को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की समन्वयिका विनीता श्रीवास्तव द्वारा स्वामी श्रद्धानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्रों ने सुविचारों के माध्यम से स्वामी जी के आदर्शों और समाज सुधार में उनके योगदान को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्वामी जी के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित एक भावपूर्ण गीत भी प्रस्तुत किया गया, जिसने उनके समर्पण और त्याग की भावना को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम की प्रमुख प्रस्तुति के रूप में, छात्रों ने स्वामी श्रद्धानंद जी के समर्पण और बलिदान पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक ने स्वामी जी के महान कार्यों और समाज सुधार के प्रति उनके दृढ़ संकल्प को प्रभावी ढंग से चित्रित किया। प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने अपने संदेश में कहा कि ÷स्वामी श्रद्धानंद जी का जीवन त्याग, सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वामी जी के आदर्श हमें सत्य, नैतिकता और समाज सेवा के मार्ग पर चलने की शिक्षा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ÷स्वामी जी के बलिदान से हमें यह सीख मिलती है कि समाज की उन्नति के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करना आवश्यक है।÷

चेयरमैन एवं यारा फर्टिलाइज़र फैक्ट्री के उपाध्यक्ष श्री एम. एस. प्रसाद जी ने अपने संदेश में कहा कि ÷स्वामी श्रद्धानंद जी का जीवन त्याग और समाज सेवा का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छात्रों को उनके आदर्शों को अपनाने और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।यह आयोजन डीएवी बबराला की सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ता है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास और नैतिक मूल्यों के प्रति उनकी जागरूकता बढ़ाने के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक व एएसपी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पी.एम. स्वानिधि योजना, पी.एम. सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी.एम. हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# एआइपीएमएम ने कुवैत के अमीर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी बधाई

अवधनामा संवाददाता



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ कुवैत के अमीर द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किए जाने का हार्दिक स्वागत और सराहना करता है। यह सम्मान न केवल भारत के लिए गर्व का विषय है, बल्कि भारत और मुस्लिम देशों के बीच परस्पर सहयोग और संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रतीक है। संगठन कुवैत के अमीर का धन्यवाद ज्ञापित करता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को इस विशिष्ट सम्मान से नवाजा। यह सम्मान भारत की विश्व पटल पर बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है और यह इस बात का प्रमाण है कि भारत और खाड़ी देशों के बीच आपसी संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ का मानना है कि इस सम्मान से भारत और कुवैत के संबंधों में और प्रगाढ़ता आएगी। यह दोनों देशों के बीच व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और परस्पर सहयोग के नए आयाम खोलेगा। संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता है और आशा करता है कि यह भारत में सामाजिक एकता, भाईचारे और सौहार्द के माहौल को प्रोत्साहित करेगा। महाज़ का यह भी विचार है कि ऐसे कदम न केवल भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि देश के भीतर सभी समुदायों के बीच आपसी समझ और सहयोग को भी बढ़ावा देते हैं। यह सम्मान भारत के वसुधैव कुटुंबकम् (संपूर्ण विश्व को परिवार मानने) के दर्शन का भी प्रतीक है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उन्नति के लिए किए गए ऐसे सभी सकारात्मक प्रयासों का समर्थन करता है। संगठन उन सभी पहलों के प्रति प्रतिबद्ध है जो भारत को वैश्विक मंच पर और मजबूत बनाती हैं और देश के अंदर शांति व सौहार्द का वातावरण तैयार करती हैं।

## निशुल्क विधिक साक्षरता जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**संभल।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के निर्देशन में आज दिनांक 23.12.2024 को ब्लाक सभागार बनियाखेड़ा ब्लॉक में विधान से समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के हितार्थ कानूनी विषय पर निशुल्क विधिक साक्षरता/जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान श्री मनोज कुमार यादव, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानूनों के तहत प्रदान किये गये बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

महिलाओं को विभिन्न अपराधों के मामलों में निवारण हेतु स्थानीय सक्षम अधिकारियों से संपर्क करने हेतु जागरूक किया गया एवं महिलाओं को उनकी शिकायतों के निवारण के लिए उपलब्ध विभिन्न चैनलों यानी एन.सी.डब्लू., नाल्सा, पुलिस, कार्यपालका एवं अन्य गैर सरकारी संगठनों से सम्पर्क करने एवं उनका उपयोग करने की प्रक्रिया के विषय में समझाया गया।

# सीबीएसई देहरादून द्वारा नैतिक मूल्यों पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** संभल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम मे मोरल वैल्यू इन एजूकेशंन पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को छात्रों में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए नवीनतम शिक्षण विधियों और तकनीकों से अवगत कराना था। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, छात्रों को न केवल अकादमिक रूप से बल्कि नैतिक रूप से भी मजबूत बनाना आवश्यक है। नैतिक मूल्य जैसे सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, सहानुभूति, और जिम्मेदारी, छात्रों को बेहतर इंसान बनने और समाज में सकारात्मक योगदान देने में मदद करते हैं।

इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में, मिशन इंटरनेशनल एकेडमी, बाल विद्या मन्दिर, एंजेल्स पब्लिक स्कूल द गुरुकुल संभल आर आर के चंदौसी , आदि जिले भर के शिक्षको ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, विशेषज्ञों ने नैतिक मूल्यों के महत्व, उन्हें कक्षा में कैसे पढ़ाया जाए, और छात्रों में उन्हें कैसे विकसित किया जाए, इस पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई नैतिक मूल्यों का अर्थ और महत्व, छात्रों में नैतिक मूल्यों का विकास कैसे करें। कक्षा में नैतिक मूल्यों को पढ़ाने की प्रभावी विधियाँ।नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियों और परियोजनाओं का उपयोग। नैतिक मूल्यों के आकलन के तरीके। पर कार्यक्रम में एक विशेष सत्र डॉक्टर प्रतिक्षा दीक्षित ने संबोधित किया। जिसमे उन्होंने कहा कि ,हमारा मानना है कि शिक्षक छात्रों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षकों को नैतिक मूल्यों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने और छात्रों में एक मजबूत नैतिक आधार विकसित करने में मदद करेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षकों ने इसे बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें नैतिक मूल्यों को पढ़ाने के लिए नई और प्रभावी तकनीकों के बारे में जानने को मिला है, जिसका उपयोग वे अपने छात्रों के समग्र विकास के लिए करेंगे। स्कूल प्रिंसिपल विल्सन राजन ने कहा की सीबीएसई देहरादून भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा हमारे मैनेजर मुशीर खान तरीन व निर्देशिका शबाना कोसर इसमें पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहेंगे। ताकि शिक्षकों को नवीनतम शैक्षणिक तकनीकों और नैतिक मूल्यों के शिक्षण के बारे में जानकारी मिलती रहे। प्रोग्राम के टेक्निकल टीम के अध्यक्ष ज़िया उल्ला खान सभी प्रतिभागी को कार्यक्रम सामग्री सौपी। अंत मे उप प्राधानाचार्य शाने रब, मौहम्मद फ़ैज़ान ने संतुक्त रूप से सभी का धन्यवाद दिया।

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने डीएम से की मुलाकात

■ दस सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पारित कर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से समय लेकर बैठक की। बिंदुवार चर्चा करते हुए विभागीय अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। प्रदेश एवं केंद्र को प्रेषित ज्ञापन तत्काल प्रेषित करने की बात कही। साथ ही वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति का ज्ञापन लेकर उसके क्रियान्वयन हेतु बिंदुबार सीसी कैमरे लगने की बात, अतिक्रमण की बात हो, केंद्र से रेल सुविधा की बात हो, प्रदेश के मुख्यमंत्री से वरिष्ठ नागरिक कल्याण आयोग बनाने की बात में अपनी सहमति देते हुए पुरानी नगर पालिका में हाल को वरिष्ठ नागरिकों हेतु आवंटित करने की व्यवस्था तत्काल करवाने, जिला चिकित्सालय में पर्चा, डॉक्टर एवं दवा की अलग व्यवस्था करने, पोस्ट ऑफिस, बैंकों में बैठने की व्यवस्था और आहरण/वितरण में अलग विंडो बनाने की व्यवस्था के साथ वरिष्ठ नागरिकों को लावारिस जानवरों से सुरक्षा में तत्काल कार्यवाही की बात कही। मुख्यमंत्री से दिए गए ज्ञापन के अनुसार उचित कार्यवाही करते हुए कार्य निस्तारित करने में अपनी अहम भूमिका की बात कही। वरिष्ठ नागरिकों को नगर पालिका परिषद में पार्षद के रूप में विधानसभा में विधान परिषद सदस्य के रूप में तथा लोकसभा में राज्यसभा सदस्य के रूप में नामित किए जाने के प्रावधान को केंद्र एवं प्रदेश सरकार को लिखने की स्वीकृति भी जिलाधिकारी ने पत्र अनुसार प्रदान की। बैठक में महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने बिंदुवार क्रमांक 1 से 10 तक जिलाधिकारी के समक्ष जनपद के वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं रखी, जिनका बाबू गंधर्व सिंह, प्रीतमलाल विश्वकर्मा, राजेश एड., राजेंद्र कुमार तिवारी, अनुराग शरण श्रीवास्तव, दानवीर सिंह, आत्माराम रिछारिया, गिरजाशंकर दुबे, प्रताप नारायण दीक्षित, राजाराम गोस्वामी, मीडिया प्रभारी कृष्णकांत सोनी एवं अन्य पदाधिकारी ने अपनी उपस्थिति में पुरजोर समर्थन कर स्वीकृति प्रदान की। अधिकारी वर्ग में वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं अन्य विभाग की अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**संभल।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं राजकीय आईटीआई बदायूं रोड चंदौसी के संयुक्त तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेला राजकीय आई0टी0आई0 बदायूं रोड चंदौसी के प्रांगण में दिनांक 24 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को किया जाना है। रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 3:00 तक रहेगा। जिसमें श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स गाजियाबाद प्रतिभाग कर रही हैं। रोज़गार इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष रहेगी। शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, स्नातक, आई टी आई समस्त वर्ग रहेगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा सहित रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। रोजगार मेला निःशुल्क है।

### पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन, महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति मथुरा द्वारा भारत रत्न किसान मजदूर गरीबों के मसीह, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के 122 वें जन्मदिवस पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन कृष्णा नगर कैंप कार्यालय पर चित्रसेन मौर्य ने की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संचालन राज गब्बर ने किया। पुष्पांजलि सभा में सर्वप्रथम मुख्य रूप से लुकेश राही ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी को उनके जीवन की प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डालकर याद किया और कहा कि चौधरी साहब साहब ने किसानों मजदूरों गरीबों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि चौधरी साहब के बताएं मार्ग पर चलकर खेती किसानी को बचाया जा सकता है वर्तमान में किसानों के हितों पर अहितकारी नीतियां राज कर रही हैं जिनके खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा, यही सच्ची पुष्पांजलि होगी। इस मौके पर सलीम खान महानगर अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकैत, वीरेंद्र कुमार, नरेश सर, चित्रसेन मौर्य, आकाश बाबू, साबिर खान, राज गब्बर, विकास , सरदार सिंह,लुकेश कुमार राही, रमेश सैनी मौजूद रहे।

### किसान, मजदूर, शोषित, वंचित, पिछड़ों के सच्चे मसीहा थे चौधरी चरण सिंह : डॉ सुहैल चौधरी

**मथुरा** स्वतंत्र भारत के पांचवे प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उनको याद करते हुए नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुहैल चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा चौधरी चरण सिंह देश के किसानों, मजदूरों शोषित, वंचित, अल्पसंख्यकों के सच्चे मसीहा थे जिन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल मै किसान, मजदूर, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों को मजबूत करने पर जोर दिया।

नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विशाल कुमार अरोड़ा ने चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि जब तक चौधरी चरण सिंह के विचारों का शत प्रतिशत पालन नहीं होता तब तक देश की तरक्की नहीं हो सकती वर्तमान सरकार सिर्फ अपने लाभ के लिए ही चौधरी चरण सिंह का गुणगान करने पर तुली है लोकसभा चुनावों मै किसानों के आक्रोश को कम करने के लिए ही चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया गया, बदले मै देश मै किसानों,शोषित, वंचित अल्पसंख्यकों का लगातार शोषण कर रही है। नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी देश मै गरीब, किसान, मजदूर शोषित, वंचित के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी और एक दिन चौधरी चरण सिंह के सपनो का भारत तैयार कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी गोपाल चतुर्वेदी द्वारा कहा गया कि चौधरी चरण सिंह की विरासत को लेकर चलने वाली पार्टी लोकदल ने अपने स्वार्थों को पूरा करने के लिए वर्तमान सरकार के आगे चौधरी चरण सिंह के सपनों को गिरवी रख कर सत्ता का सुख प्राप्त करने का मार्ग चुना ।

# अंबेडकर टिप्पणी मामला: कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष (सांसद) तनुज पुनिया के निर्देशानुसार कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग मथुरा के जिलाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में भाजपा के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी के विरोध जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया गया। जिलाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गृहमंत्री द्वारा संसद में भारत रत्न संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में अपमानजनक एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है इससे इनकी दलित विरोधी मानसिकता उजागर होती है महामहिम राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि गृहमंत्री को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित- कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग मथुरा के जिलाध्यक्ष अजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग ए आई सी सी सदस्य मोहन सिंह, प्रदेश महासचिव अनुसूचित जाति विभाग भरत लाल, विधि विभाग अध्यक्ष रवि कुमार तंवर, सेवादल जिला अध्यक्ष प्रदीप सागर, एडवोकेट राजकुमार उपाध्याय, एडवोकेट आर सी शर्मा, प्रवीन ठाकुर, डॉक्टर एडवोकेट प्रवीन भास्कर, जितेंद्र सिंह,एडवोकेट मोहम्मद आवाद, डीके राहुल, आकाश यादव, गुलशन कुमार, एडवोकेट उमाशंकर, एडवोकेट टी, के प्रभाकर, राज सिंह, पंकज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, श्री प्रकाश पोईया, योगेश गौतम,ललित कुमार, रेखा एड, भारत शरण, कुमार गौरव ,पंकज कुमार, कृष्ण गोपाल, डी के एड,आदि कांग्रेस जन सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

## मथुरा में बेरहमी से किया दलित युवती का कत्ल

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के महरौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में दलित युवती का रक्त रंजित शव मिला। युवती के चेहरे पर चोट के निशान मिले, वहीं गले में कपड़ा पड़ा मिला। लाश के पास ही शराब की बोतल में मिली। बताया गया है कि रविवार को सुबह कल्लो निवासी महरौली मजदूरी के लिए घर से निकली। परंतु शाम तक वापस नहीं लौटी। युवती के गायब होने की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन युवती की तलाश करने लगे, लेकिन जब युवती नहीं मिली तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। वहीं युवती की तलाश में जुटे परिजन और पुलिस को सूचना मिली कि एक शव गेहूं के खेत में पड़ा है। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे तो शव की शिनाख्त कल्लो के रूप में हुई। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय सहित पुलिस के आलाधिकारी भी पहुंच गए। युवती के चेहरे पर चोट के निशान हैं।

# बलिदान दिवस : वीर बाल दिवस पर निकाली गई प्रभात फेरी

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** गुरु गोविंद सिंहजी के चारों साहिब जादो बाबा अजीत सिंहजी, बाबा जुझार सिंहजी, बाबा जोरावर सिंहजी, बाबा फतेह सिंहजी व माता गुजरी जी के बलिदान दिवस वीर बाल दिवस के अवसर पर श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जो कि अपने निर्धारित मार्ग आजाद चौक, वीर सावरकर चौक, घंटाघर, सदर कांटा होते हुए वापस गुरुद्वारा साहब लक्ष्मीपुर पहुंची।

इस अवसर पर गुरु घर की संगत शब्द कीर्तन करते हुए देह शिवा बर मोही ईहे शुभकर्मन ते कभहु ना टरो, सूरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेत जैसे गुरबाणी शब्द कीर्तन करते हुए चल रही थी। उपरांत मोती मेहरा जी की याद में लाइंस क्लब ग्रेटर परिवार द्वारा दूध की सेवा की गई। इस दौरान अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, डा.सुरेंद्र कौर वालिया, राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, महेश श्रीवास्तव, बंशीधर श्रीवास, धर्मेंद्र गोस्वामी, नासिर, नदीम अहमद खान, पंकज जैन, डा.दीपक चौबे, मनीष अग्रवाल, भगतसिंह राठौर, दीपक पाराशर, प्रदीप चौबे, मुन्नालाल, बद्री प्रसाद तिवारी, भगवत दयाल सिंधी, दीपक सिंघई, देवेंद गुरु, गुरमुख सिंह, परमजीत सिंह छतवाल, मनजीत सिंह सलूजा पत्रकार, सतनाम सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह, गौरव सिंह, ग्रंथी युवराज सिंह, अनिल सिंह, हरजीत सिंह, गुरबीर सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, दलजीत सिंह, मानवेंद्र कौर, सतनाम सिंह डिंपी, अरविंदर सिंह सागरी, गोपी डोडवानी, सतीश अरोड़ा, महेंद्र अरोड़ा, नीटू कालरा, डा. हरजीत कौर, बिंदु कालरा, अमरजीत कौर, बलजीत कौर, सुरेंद्र सिंह अरोड़ा, मजबूत सिंह, अजय जैन सायकिल लक्ष्मी रावत, रानी जहां, प्रियंका राजपूत, पार्षद रमेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की ब्लॉक तालबेहट इकाई का गठन

अवधनामा संवाददाता



■ संदीप शर्मा बने अध्यक्ष एवं मनोज तिवारी टाटा बने महामंत्री

**ललितपुर।** प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ललितपुर की ब्लॉक तालबेहट इकाई के गठन हेतु आवश्यक बैठक का आयोजन सनराइज विद्यापीठ तालबेहट के प्रांगण में एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. इस अवसर पर सनराइज विद्यापीठ के अध्यक्ष रवि बिलगाईयां, संजय व्यास अनिल शर्मा को सर्वसम्मति से ब्लॉक तालबेहट का संरक्षक चुना गया। साथ ही एसोसिएशन का विस्तार करते हुए संजीव शर्मा को सर्वसम्मति से प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के ब्लॉक तालबेहट के अध्यक्ष एवं मनोज तिवारी टाटा को महामंत्री के रूप में चुना गया। इस अवसर पर संदीप नामदेव उपाध्यक्ष, उदित नारायण गोस्वामी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक त्रिपाठी कनिष्ठ उपाध्यक्ष, गौरव चौबे कोषाध्यक्ष, सुरेश कुमार संगठन मंत्री के रूप में चुने गए। इस अवसर पर तालबेहट ब्लाक के संरक्षक रवि बिलगाईयां ने कहा प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन विद्यालयों के विकास के लिए टीम भावना से काम करेगी. उन्होंने कहा एसोसिएशन का उद्देश्य विद्यालयों का संरक्षण एवं विकास करना है। उन्होंने कहा जैसे टीम की स्पेलिंग में आई नहीं होता, इसी प्रकार हमें अपने अहम को छोड़कर एसोसिएशन का हित सर्वोपरि रखना होगा। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा विद्यालय एवं बच्चों के विकास हेतु एसोसिएशन हर संभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के जिला महामंत्री ध्रुव साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामबाबू राजपूत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष वसीम खजुरिया, मंत्री विवेक व्यास, एवं ब्लॉक जखौरा के अध्यक्ष अरुण ताम्रकार सहित रवि बिलगाईयां, संजय व्यास, अनिल शर्मा, संजीव शर्मा, संदीप नामदेव, भानु प्रताप गोस्वामी, अभिषेक त्रिपाठी, मनोज तिवारी टाटा, गौरव चौबे, सुरेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ध्रुव साहू ने किया।

# खाद्य विभाग ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ एवं जिलाधिकारी , के आदेश के क्रम में धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के निर्देशन में जनपद में आगामी क्रिसमस पर्व के अवसर पर बेकरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ केक, पेस्ट्री एवं बेकरी उत्पाद के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले खाद्य पदार्थ मैदा, क्रीम आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अभिसूचना आधारित प्रवर्तन कार्यवाही में विशेष अभियान चलाकर कुल 06 नमूने संग्रहित किये गये जिनका विवरण निम्नवत है- खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम नरेश द्वारा मॉट क्षेत्र से 01 चॉकलेट केक व 01 पाइनएप्पल केक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार द्वारा मथुरा शहर एवं टाउनशिप क्षेत्र से पेस्ट्री के 02 एवं टोमाटो सॉस का 01 नमूना, संग्रहित किया गया एवं कदम बिहार, टाउनशिप स्थित बेकरी प्रतिष्ठान में केक तैयार करने हेतु अवसान तिथि के एसेन्स की 03 बोतल, जैली की 02 बोतल व व्हीट ग्लुटेन प्रीमिक्स का 01 पैकेट नष्ट कराये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह द्वारा लोहवन बगीची से मैदा का 01 नमूना संग्रहित कर जॉच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। उक्त समस्त खाद्य नमूने जॉच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। उपरोक्त खाद्य नमूनों की जॉच रिपोर्ट प्राप्ति के उपरान्त अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह द्वारा फूड सेफ्टी ऑन व्हील (एफ.एस. डब्लू.)के माध्यम से गोवर्धन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के लगभग 750 छात्र-छात्राओं को खाद्य पदार्थों में घरेलू स्तर पर मिलावटी की जांच करने की जानकारी दी एवं खाद्य सुरक्षा और पोषण के विषय में जागरूक किया गया।

## हेमंत तिवारी का होगा अभिनंदन समारोह

**मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब एवं वृंदावन बाल विकास परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष बने वरिष्ठ पत्रकार हेमंत तिवारी एवं लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार एवं आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय सचिव सिद्धार्थ कलहंस का वृंदावन में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। अभिनंदन समारोह की जानकारी ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने देते हुए बताया कि अभिनंदन समारोह में ब्रज क्षेत्र के पत्रकार प्रसिद्ध विद्वान मनीषी एवं भागवताचार्य, सामाजिक, राजनैतिक एवं समाज सेवी संस्थाओं के प्रमुख लोग भाग लेंगे। यह कार्यक्रम वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित बिंदु सेवा संस्थान के अम्माजी गार्डन में 24 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां वृंदावन बाल विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष विष्णु शर्मा द्वारा कर ली गई हैं।

# इकबाल कादरी ने पसमांदा समाज के पक्ष को मजबूती से रखा



अवधनामा संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मजलिस पार्क में आयोजित राष्ट्रीय अल्पसंख्यक, पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महा दलित समाज के बैठक का आयोजन किया था। जिसमें देश के सभी राज्यों के प्रमुख लोग शामिल हुए थे। आज के हालात को देखते हुए सभी अल्पसंख्यक, पसमांदा, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित महादलित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को अपने हक और अधिकार के लिए एक मंच से आवाज उठाना होगा। ही अब अल्पसंख्यक, पसमांदा, दलित मुस्लिम समाज के लोगों का हालत बहुत ही नाजुक स्थिति में है। साथ ही अल्पसंख्यक, पसमांदा, दलित मुस्लिम समाज के लोगों को भी अब आगे आने की जरूरत है। और अपने हक और हुकुम की आवाज को बुलंद करना होगा। अब अल्पसंख्यक, पसमांदा समाज के लोगों को भी राजनीति में आगे आने का समय आ गया है। अपना आबादी के हिसाब से सरकार से अपना हक मांगना होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अल्पसंख्यक, पसमांदा, दलित मुस्लिम समाज को अनुच्छेद 341 में शामिल किया जाए। इस बैठक में देश के प्रमुख उद्योगपति समाज से वरिष्ठ समाजसेवी राजनेता, सेवानिवृत अधिकारी, और कई प्रमुख पार्टी के शामिल हुए।

# ईशान किशन और ऋतुराज गायकवाड़ ने मचाया तूफान, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ठोका शतक

भारतीय घरेलू क्रिकेट की सबसे बड़े वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी खेली जा रही है। इस मैच में पूरे देश के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को आजमा रहे हैं। इसी बीच टीम इंडिया से काफी समय से बाहर चल रहे स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और उभरते सितारे रुतुराज गायकवाड़ ने सोमवार को खेले गए मैचों में जबरदस्त शतक ठोके हैं।

भारतीय टीम से पिछले करीब एक साल से बाहर चल रहे ईशान किशन ने झारखंड की अपनी घरेलू टीम के लिए तूफानी शतक लगाया, तो वहीं टीम इंडिया में बार-बार नजरअंदाज किए जाने वाले ऋतुराज गायकवाड़ ने भी सेलेक्टर्स को प्रभावित करते हुए महाराष्ट्र की टीम के लिए



धमाकेदार शतक के साथ ही अपना दावा मजबूती के साथ टोका है।

विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 का राउंड-2 में महाराष्ट्र और सर्विसेज का मैच मुंबई में खेला गया। सोमवार को खेले गए इस मैच में महाराष्ट्र की टीम ने सर्विसेज को सिर्फ 2024 रन के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया। इसके बाद महाराष्ट्र की कप्नी कर रहे ऋतुराज ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने इस मैच में छक्कों की बारिश करते हुए सिर्फ 74 गेंद में 200 की स्ट्राइक रेट से 148 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 16 चौके और 11 गगनचुंबी छक्के लगाए। इस पारी के दम पर महाराष्ट्रन इस मैच को 21वें ओवर में ही 9 विकेट से जीत लिया।

वहीं इस टूर्नामेंट में दूसरी तरफ झारखंड का सामना जयपुर में स्थित डॉ सोनी स्टेडियम में मणिपुर के साथ हुआ। इस मैच में मणिपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन का स्कोर बनाया। इसके बाद झारखंड की टीम टारगेट को हासिल करने उतरी। उन्होंने सलामी बल्लेबाज और कप्तान ईशान किशन की दमदार पारी से एकतरफा अंदाज में हासिल कर लिया। ईशान ने 78 गेंद में 16 चौके और 6 छक्कों से 134 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी और उत्कर्ष सिंह के 68 रन के योगदान से झारखंड ने मैच को 28.3 ओवर में 8 विकेट से जीत लिया।

# क्रुणाल पंड्या ने बल्ले से मचाई तबाही, तोड़ दिया ये बड़ा रिकॉर्ड

विजय हजारे ट्रॉफी 2024 में बड़ौदा ने कमाल किया है। दरअसल, बड़ौदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 400 रनों का आंकड़ा पार कर लिया है। इस दौरान कप्तान क्रुणाल पंड्या ने विस्फोटक बैटिंग की। इस दौरान उन्होंने नाबाद 80 रन बनाए। क्रुणाल की इस पारी में 7 चौके और 3 छक्के भी शामिल रहे। उनके साथ-साथ निनाद अश्विनकुमार ने भी कमाल किया। अश्विन कुमार ने शतक जड़ा दिया।

बता दें कि, बड़ौदा टीम केरल के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने उतरी। उसने इस दौरान 50 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान के साथ 403 रन बनाए। इस दौरान क्रुणाल नंबर चार पर बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने 54 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 80 रन बनाए। क्रुणाल ने 7 चौके और 3 छक्के भी जड़े जिसके बाद उनकी इस विस्फोटक पारी से बड़ौदा को बड़े स्कोर तक पहुंची।

बड़ौदा के लिए निनाद और शाश्वत राव ओपनिंग करने आए। इस दौरान निनाद ने 99 गेंदों में 136 रन बनाए। निनाद ने 19 चौके और 3 छक्के जड़े। उनके साथ विष्णु सोलंकी ने भी दमदार



पारी खेली। उन्होंने 46 रनों का योगदान दिया। पार्थ कोहली ने 72 रनों का योगदान दिया। भानू पूनिया ने नाबाद 37 रन बनाए। इस तरह बड़ौदा ने 50 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान के साथ 403 रन बनाए।

क्रुणाल पंड्या ने विजय हजारे ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में कई खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने अब तक खेले गए 44 मैचों में 1613 रन बनाए हैं। इस दौरान 2 शतक और 11 फिफ्टी भी जड़ी।

# पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में कराया गया भर्ती

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। कांबली की तबियत एक बार फिर से बिगड़ गई है। जिसके बाद उन्हें ठाणे के आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर्स फिलहाल उनकी देखभाल कर रहे हैं। हाल ही में विनोध कांबली का एक सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। इस वीडियो में वह सचिन तेंदुलकर के साथ नजर आए थे, जिसमें वह काफी बीमार दिख रहे थे।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कांबली हॉस्पिटल में एडमिट नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके सभी जरूरी टेस्ट किए जाने रहे हैं और उनकी हालत चिंताजनक बनी



हुई है। कांबली ने हाल ही में एक यूट्यूब चैनल पर इंटरव्यू दिया था कि वो गंभीर यूरिन इंफेक्शन से जूझ रहे हैं, जिसकी वजह से पिछले महीने बेहोश हो गए थे और वीडियो वायरल हो गया था। बता दें कि, कांबली को कई तरह की बीमारियां हैं उन्हें हार्ट अटैक भी आ चुका है।

वहीं विनोद कांबली के इंटरनेशनल करियर की शुरुआत 1991 में वनडे से हुई थी। इसके बाद उन्होंने टीम इंडिया के लिए टेस्ट डेब्यू 1993 में किया था। उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर के दौरान टीम इंडिया के लिए कुल 17 टेस्ट और 104 वनडे मैच खेले हैं। टेस्ट में उन्होंने कुल 1084 रन बनाए हैं और वनडे में उनके नाम 2477 रन दर्ज हैं।

# बुमराह से बचने का इस पूर्व दिग्गज के पास है उपाय, ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ बढ़ाया मदद का हाथ

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच खेला जाएगा। अभी तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत दोनों टीमों के बीच तीन मैच खेले जा चुके हैं जिसमें अभी तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर है। वहीं इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए सबसे बड़ा जोखिम जसप्रीत बुमराह रहे हैं। बुमराह ने अभी तक तीनों टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट झटके हैं। बुमराह के खिलाफ जहां ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेबस नजर आए हैं वहीं पूर्व क्रिकेटर सामन कैटिच ने अपनी टीम के बल्लेबाजों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। कैटिज ने मेजबान टीम को सलाह दी है कि वे बुमराह के खिलाफ सफल होने के लिए स्ट्राइक रोटेट करने और मजबूत डिफेंस पर ध्यान लगाएं। कैटिच ने कहा कि बुमराह शायद ही कभी ढीली गेंद फेंकते हैं इसलिए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को अपने पॉइंट ऑफ व्यू और स्ट्रैटजी पर काम करना चाहिए।

कैटिच ने एसईएन 1116 से कहा कि, मुझे पता है कि सभी बातें ज्यादा पॉजिटिव इरादे के बारे में हैं और मुझे लगता है कि ये सब ठीक है और ये निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसका उन्हें ध्यान रखना चाहिए। लेकिन बुमराह जैसे खिला़ी के खिलाफ इरादा सिर्फ उन्हें चौके मारने के बारे में नहीं है क्योंकि वह बहुत खराब गेंद नहीं फेंकता। उन्होंने कहा कि, इसलिए उस इरादे का एक बड़ा हिस्सा स्ट्राइक रोटेट करने और बहुत अच्छे डिफेंस में सक्षम होना चाहिए क्योंकि अगर आप दसवें ओवर के बाद वहां नहीं हैं तो आप किसी भी इरादे से नहीं खेल पाएंगे। ये इन सभी खिलाड़ियों के लिए चुनौती है।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में इतिहास रच सकते हैं केएल राहुल, तेंदुलकर-रहाणे का पछाड़े के बेहद करीब

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। अभी तक दोनों टीमों के बीच तीन टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं, जिनमें टीम इंडिया के बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए देखा गया। वहीं इस टेस्ट सीरीज में भारत के लिए ओपन कर रहे केएल राहुल की स्थिति अन्य के मुकाबले काफई ठीक है। पिछले 3 टेस्ट मैचों में राहुल ने भारत की तरफ से अब तक सबसे ज्यादा रन बनाए हैं और विषम परिस्थिति में वो गेंदबाजों के खिलाफ जमकर जूझते हैं। केएल राहुल ने भारत के लिए खेले पिछले 3 टेस्ट मैच में हालांकि, शतक तो नहीं लगाया। लेकिन बिना कोई शतक लगाए भी उन्होंने 235 रन बनाए हैं। सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान



पर हैं। अब भारत को चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न में खेला है और यहां पर केएल राहुल से भी अच्छी पारी की उम्मीद सबको जरूर होगी। वहीं अगर इस टेस्ट मैच में केएल राहुल शतक लगा देते हैं तो वो इतिहास रच देंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लागने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट में अब तक सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में केएल राहुल सचिन तेंदुलकर और अंजिक्य रहाणे के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। तेंदुलकर और रहाणे ने भारत के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में दो-दो शतक लगाए थे। और राहुल के नाम भी दो शतक दर्ज हैं। अब मेलबर्न में अगर राहुल शतक ठोक देते हैं तो वो भारत की तरफ से बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा शतक लागने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

# वाराणसी कॉन्सर्ट में भड़कीं सिंगर मोनाली ठाकुर, सिक्योरिटी और अव्यवस्था से हुई नाराज

मोनाली ठाकुर एक भारतीय गायिका हैं, जिन्होंने कई बेहतरीन और प्रसिद्ध गाने गाए हैं। मोनाली इंडियन आइडल के दूसरे सीजन से चर्चा में आईं। बॉलीवुड में प्लेबैक सिंगर होने के अलावा, उन्होंने एक बंगाली सीरियल में बाल कलाकार के रूप में भी काम किया है। हाल ही में, वह कई मुद्दों के कारण वाराणसी में अपने हालिया कॉन्सर्ट से बाहर चली गईं। गायिका मोनाली ठाकुर का हाल ही में वाराणसी में आयोजित कॉन्सर्ट कुप्रबंधन के कारण खराब हो गया। उन्हें कई मुद्दों के कारण अचानक शो खत्म करना पड़ा, जिसमें अनुचित तरीके से बनाया गया मंच भी शामिल था, जिससे टखने में चोट लगने का खतरा था। उन्होंने दर्शकों से माफ़ी मांगी और भविष्य में उचित सुविधाओं के साथ कार्यक्रम आयोजित करने का वादा किया।

सवार लूं और छम छम जैसी



हिट फिल्मों के लिए मशहूर मोनाली ठाकुर ने कार्यक्रम आयोजकों की कड़ी आलोचना की और उन्हें गैर-जिम्मेदार और अनैतिक कहा। अपनी निराशा व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि अपने डांसर्स के साथ स्टेज पर परफॉर्म करते समय वे खुद को चोटिल कर सकती थीं। अचानक कार्यक्रम खत्म होने के लिए अपने प्रशंसकों से माफ़ी मांगते हुए मोनाली ने बेहतर कार्यक्रम का आश्वासन दिया।

एक वीडियो में गायिका को यह कहते हुए सुना जा सकता है, मैं निराश हूँ कि मेरी टीम और मैं यहाँ प्रदर्शन करने के लिए इतने उत्साहित थे। बुनियादी ढांचे और इसकी स्थिति के बारे में बात न करें, क्योंकि यह प्रबंधन की ज़िम्मेदारी है। बार-बार, मैंने कहा है कि मैं यहाँ अपने टखने को चोटिल कर सकती हूँ। मेरे डांसर मुझे शांत रहने के लिए कह रहे थे, लेकिन सब कुछ गड़बड़ था। उसने आगे कहा, हम बहुत कोशिश कर रहे थे क्योंकि मैं आप सभी के प्रति जवाबदेह हूँ, और आप मेरे लिए आते हैं, है न? तो, आप मुझे इस सब के लिए जवाबदेह ठहराएँगे। मुझे उम्मीद है कि मैं इतनी बड़ी हो जाऊँगी कि मैं खुद ही सारी ज़िम्मेदारी ले सकूँ और मुझे कभी भी किसी टॉम, डिक और हैरी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा जो इतने बेकार, अनैतिक और गैर-ज़िम्मेदार हैं। मैं ईमानदारी से माफ़ी माँगती हूँ कि हमें यह शो बंद करना पड़ा, लेकिन मैं निश्चित रूप से वापस आऊँगी। और मुझे उम्मीद है कि मैं आपको इससे कहीं बेहतर इवेंट दे पाऊँगी। इसलिए, हमें माफ़ करें। मोनाली ठाकुर स्विटज़रलैंड में बसी हुई हैं। वह अक्सर अपने शो और गायन प्रतिबद्धताओं के लिए भारत आती रहती हैं।

# अंकिता लोखंडे और पति विक्की जैन करण वीर मेहरा के समर्थकों की सूची में शामिल, कहा वो ही जीतेगा

बिग बॉस 18 के प्रतिभागी अब काफी लोकप्रिय हो चुके हैं। सभी प्रतियोगियों ने अपना मजबूत प्रशंसक आधार बना लिया है। यह देखते हुए कि कुछ प्रतियोगी लोकप्रिय टीवी चेहरे हैं, इंडस्ट्री में भी मतभेद हैं। बहुत से सेलिब्रिटी करण वीर मेहरा का समर्थन कर रहे हैं, वहीं कई ऐसे भी हैं जो विवियन डीसेना का भी समर्थन कर रहे हैं। दोनों सितारे लंबे समय से टीवी इंडस्ट्री का हिस्सा हैं और उनके कई दोस्त हैं जो उनका समर्थन कर रहे हैं। करण वीर मेहरा के समर्थकों की सूची में दो लोग शामिल हो गए हैं। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन को पूरा भरोसा है कि करण वीर मेहरा शो जीतेंगे।

अंकिता लोखंडे और पति विक्की जैन बिग बॉस 17 का हिस्सा थे। शादीशुदा जोड़ा सबसे लोकप्रिय प्रतियोगियों में से एक था और अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहता था। उनके झगड़ों से लेकर रोमांस तक, हर चीज ने ध्यान खींचा। एक जोड़े के रूप में, अंकिता और विक्की ने सलमान खान के शो के माध्यम से बहुत लोकप्रियता हासिल की। अब, वे लाफ्टर शेफ्स एंटरटेनमेंट अनलिमिटेड सीजन 2 की शूटिंग कर



रहे हैं। जैसे ही इस जोड़े की तस्वीरें सामने आई, उनसे पूछा गया कि वे नवीनतम सीज़न से किसे सपोर्ट कर रहे हैं। अंकिता और विक्की दोनों ने करण वीर मेहरा का नाम लिया। उन्हें यह भी विश्वास है कि वह जीतेंगे। अंकिता ने करण वीर मेहरा के खेल की प्रशंसा की और कहा कि वह मनोरंजन समाचार में वायरल वीडियो में बहुत परिपक्वता के साथ खेल रहे हैं।

अंकिता और करण वीर मेहरा लंबे समय से दोस्त हैं। बिग बॉस 18 के प्रतियोगी सुशांत सिंह राजपूत के भी बहुत अच्छे दोस्त थे। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के अलावा, करण वीर मेहरा का समर्थन करने वाले और भी कई सेलेब्स हैं। नीति टेलर, गर्विता साधवानी, सुरभि चांदना, फैजल शेख, शिव ठाकरे और कई अन्य ने भी करण वीर मेहरा को अपना समर्थन दिखाया है। ऐसा लग रहा है कि केवीएम अपने खेल से कई लोगों को प्रभावित करने में कामयाब रहा है!

# आलिया भट्ट की जिगरा से लेकर अजय देवगन की मैदान तक, 5 फ़िल्में बॉक्स ऑफ़िस पर हुई धराशायी, जबकि उनमें क्षमता थी

2024 बॉलीवुड के लिए कड़वा-मीठा साल रहा। जहाँ हमने एक बॉलीवुड फ़िल्म (स्त्री 2) को कई रिकॉर्ड तोड़ते और बनाते देखा, वहीं इस साल हमने कई फ्लॉप फ़िल्में भी देखीं। हालाँकि, इन फ्लॉप फ़िल्मों के बारे में सबसे निराशाजनक तथ्य यह था कि उनमें से ज़्यादातर फ़िल्में प्रशंसा और दर्शकों की हकदार थीं। 2024 में कई असफल पैन इंडिया फ़िल्में (देवरा पार्ट 1, कंगुवा और इंडियन 2) भी आईं, जबकि आम धारणा यह है कि कई भाषाओं में डब की गई फ़िल्में ही कामयाब होती हैं। लेकिन इन सबके बावजूद, पुष्पा 2, कल्कि 2898 और हनु-मान जैसी पैन इंडिया फ़िल्में दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाने में सफल रहीं। हालाँकि, इन बड़ी रिलीज़ के बीच, भारतीय दर्शकों ने ऐसी कहानियाँ मिस कर दीं, जिन्हें न केवल बताया जाना चाहिए था, बल्कि प्रशंसा के भी हकदार थे। इसलिए, आइए नज़र डालते हैं बॉलीवुड की 5 फ़िल्मों पर, जो क्षमता होने के बावजूद बॉक्स ऑफ़िस पर असफल रहीं।

### मैदान

अजय देवगन की मैदान 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म तीन भाषाओं में रिलीज हुई और दोनों में ही दर्शकों को आकर्षित करने में काफी दिक्कत हुई। 250 करोड़ रुपये के बजट में बनी यह फिल्म दुनियाभर में सिर्फ 68 करोड़ रुपये ही कमा पाई। कोच सैयद अब्दुल रहीम की असल जिंदगी की कहानी पर आधारित। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि वह भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम काल के निर्माता थे और हम अभी भी वह हासिल नहीं कर पाए हैं जो उन्होंने 1962 के जकार्ता एशियाई खेलों में किया था। अंडरडॉग भारतीय फुटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीता और दुनिया को हमारी तरफ एक अलग नजरिए से देखने पर मजबूर कर दिया। मैदान की कहानी ही नहीं, बल्कि सिनेमैटोग्राफी और निर्देशन भी तारीफ के हकदार हैं। यह 2024 के सबसे कम रेटिंग वाले




एल्बमों में से एक है। अफसोस! यह कितना बड़ा नुकसान है कि भारतीय दर्शकों ने इस खूबसूरत फिल्म को नहीं पहचाना।

### चंदू चैंपियन

कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिका वाली चंदू चैंपियन 14 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। भारतीय पैरालिंपियन स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की प्रेरणादायक यात्रा पर आधारित यह फिल्म 140 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी। हालांकि, यह केवल 89 करोड़ रुपये ही कमा पाई। निर्देशक कबीर खान की 83 के बाद एक बार फिर किस्मत खराब रही, क्योंकि उनकी योग्य स्पोर्ट्स ड्रामा को बॉक्स ऑफिस पर हार का सामना करना पड़ा। फिल्म में न केवल वह सब कुछ था जो इसे देखने लायक बनाता है, बल्कि इसने एक भूली हुई कहानी भी बताई। हालांकि, मुंज्या और कल्कि 2898 ई. के सिनेमाघरों में चलने के बीच, फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर काफी नजरअंदाज किया गया।

### सरफिरा

सूर्या की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका वाली सरफिरा 12 जुलाई को रिलीज हुई थी। यह फिल्म एक साहसी व्यक्ति की कहानी है, जिसने कई समस्याओं से पीछे हटने से इनकार कर दिया। फिल्म न केवल एक अच्छा संदेश देती है बल्कि एक प्रेरक का काम भी करती है। उसी जोश के साथ उसी निर्देशक द्वारा निर्देशित, सरफिरा सोरारई पोटरु से कम नहीं थी। लेकिन क्या हुआ, एक ने कई पहचान बनाई, जबकि दूसरे को अपने दर्शक पाने में मुश्किल हुई। यह फिल्म 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी और इसने केवल 30 करोड़ रुपये कमाए।

### खेल खेल में

स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर, अक्षय कुमार की खेल खेल में सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई। इटैलियन फिल्म परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की एक योग्य रीमेक होने के नाते, फिल्म में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, एमी विर्क, आदित्य सील, फरदीन खान और प्रज्ञा जायसवाल मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म 100 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी, यह फिल्म दुनिया भर में केवल 48 करोड़ रुपये ही कमा पाई। हालाँकि, खेल खेल में इससे कहीं ज़्यादा की हकदार थी, इसमें स्पष्ट रूप से क्षमता थी और यह एक अच्छी रीमेक थी। फिल्म में न केवल कुछ बेहतरीन पल हैं, बल्कि यह एक अच्छा संदेश भी देती है। दुर्भाग्य से, फिल्म को सिनेमाघरों से ज़्यादा पर देखा गया।

### जिगरा

आलिया भट्ट और वेदांग रैना की जिगरा 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई। 80 करोड़ रुपये के बजट में बनी यह फिल्म दुनिया भर में सिर्फ़ 50 करोड़ रुपये ही कमा पाई। बेहतरीन निर्देशन वाली फिल्म होने के बावजूद, जिगरा को सिनेमाघरों में पहचान नहीं मिली। फिल्म पर विवादों का भी असर पड़ा, क्योंकि मेकर्स जिगरा की रिलीज़ की तैयारी कर रहे थे। हालाँकि, सब कुछ कहने और करने के बाद भी, फिल्म में दम था और यह सिनेमाघरों में देखने लायक थी। इसका गाना संग रखना भी साल के सबसे बेहतरीन गानों में से एक है।

# जयदीप अहलावत की मोस्ट अवेटेड सीरीज पाताल लोक सीजन 2 की रिलीज डेट आयी सामने

पाताल लोक का मोस्ट अवेटेड सीजन 2 प्राइम वीडियो पर 2025 में रिलीज होगा। निर्माताओं ने अब सबसे चर्चित सीरीज में से एक की आधिकारिक रिलीज डेट शेयर की है। अविनाश अरुण धावरे ने पाताल लोक सीजन 2 का निर्देशन किया है, जिसमें जयदीप अहलावत, इश्वाक सिंह, तिलोत्तमा शोम और गुल पनाग अहम भूमिका में हैं। आठ एपिसोड की इस सीरीज का निर्माण सुदीप शर्मा, क्लीन स्लेट फिल्म्स प्रोडक्शन और यूनोइया फिल्म्स एलएलपी ने मिलकर किया है। प्राइम वीडियो ने समीक्षकों द्वारा प्रशंसित श्रृंखला पाताल लोक के बहुप्रतीक्षित दूसरे सीज़न के प्रीमियर की तारीख की घोषणा की। भारतीय समाज के अंधेरे पक्ष को गहराई से दिखाने वाली इस लोकप्रिय फ्रैंचाइज़ ने पहले सीज़न में अपनी मनोरंजक कहानी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। अविनाश अरुण धावरे द्वारा निर्देशित दूसरे सीज़न का प्रीमियर 17 जनवरी कोसुदीप शर्मा द्वारा निर्मित और कार्यकारी निर्माता, पाताल लोक सीज़न 2 में जयदीप अहलावत, इश्वाक सिंह और गुल पनाग जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की वापसी होगी, साथ ही तिलोत्तमा शोम, नागेश कुकुनूर और जाह्नु बरुआ जैसे नए कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नज़र आएंगे। फ्रैंचाइज़ के पहले सीज़न को इसकी समृद्ध कहानी, अप्रत्याशित मोड़ और रोमांचकारी रोमांच के लिए सराहा गया, जिसका समापन एक विचारोत्तेजक क्लाइमेक्स में हुआ, जिसने दर्शकों को न्याय और भ्रष्टाचार के बीच की पतली रेखा पर विचार करने पर मजबूर कर दिया, और साथ ही उन्हें अपनी सीटों से चिपके रहने पर मजबूर कर दिया। जैसे-जैसे दांव बढ़ते हैं, यह आगामी सीज़न ड्रामा बैरोमीटर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का वादा करता है, जो दर्शकों को और भी अधिक अंधेरे, डूबे हुए और अधिक विश्वासघाती दुनिया में ले जाता है। नया सीज़न हाथी राम चौधरी के प्रतिष्ठित चरित्र और उनकी टीम को अज्ञात क्षेत्र में ले जाता है एक खतरनाक ताज़ा नरक जो उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया।

## संजय राउत का महायुति पर हमला



**मुंबई।** संजय राउत ने कहा कि महायुति गठबंधन में सहयोगी दल केवल सत्ता के लिए साथ हैं। उनमें वैचारिक समानता बिल्कुल भी नहीं है। पहले वे अपनी पार्टी की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देते हैं और फिर सरकार बनाने के लिए साथ आते हैं। राउत ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे पर भी हमला बोला। शिवसेना नेता संजय राउत ने सोमवार को महायुति गठबंधन पर हमला बोला। संजय राउत ने कहा कि महायुति गठबंधन में सहयोगी दल केवल सत्ता के लिए साथ हैं। उनमें वैचारिक समानता बिल्कुल भी नहीं है। पहले वे अपनी पार्टी की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देते हैं और फिर सरकार बनाने के लिए साथ आते हैं।

राउत ने विभागों के आवंटन में हो रही देरी को लेकर भी महायुति सरकार पर निशाना साधा। राउत ने कहा कि पहले सरकार नहीं बनी और एक बार सरकार बन गई, तो विभाग आवंटन एक महीने बाद हुआ। अब संरक्षक मंत्री पदों को लेकर चर्चा चल रही है। इससे कुछ होने वाला नहीं है और यह अंत तक चलता रहेगा। राउत ने कहा कि संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति का कोई फायदा तो होता नहीं है। क्योंकि वे केवल अपने हितों की पूर्ति करते हैं।

राउत ने कहा कि पंकजा या धनंजय मुंडे बीड के संरक्षक मंत्री बनते हैं तो क्या प्रधान संतोष देशमुख को न्याय मिलेगा? जो परभणी का संरक्षक मंत्री बनेगा तो क्या वह पुलिस हिरासत में मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी को न्याय दिला पाएगा? जो ठाणे का संरक्षक मंत्री बनता है क्या वह कल्याण के मराठी परिवार को उनके साथ हुए अन्याय के खिलाफ न्याय दिलाने में कामयाब होगा? राउत ने कहा कि इसका कोई फायदा नहीं है।

## डॉ. आंबेडकर और उनकी विरासत के अपमान के लिए माफी मांगे कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद का पलटवार

**प्यार**

**भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज देशभर में कांग्रेस कुछ नाटक कर रही है। आंबेडकर के प्रति उनमें बेहद प्यार उमड़ रहा है।**



**नई दिल्ली।** आंबेडकर के मुद्दे पर सियासत तेज है। सोमवार को भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस को यह सब ड्रामा बंद करना चाहिए। कांग्रेस ने डॉ. बीआर आंबेडकर और उनकी विरासत का जो अपमान किया, उसके लिए पार्टी को बिना शर्त जनता के सामने माफी मांगनी चाहिए। आंबेडकर के मुद्दे पर सियासत तेज है। एक ओर जहां अमित शाह के बयान पर कांग्रेस भाजपा को घेर रही है। वहीं सोमवार को भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस को यह सब ड्रामा बंद करना चाहिए। कांग्रेस ने डॉ. बीआर आंबेडकर और उनकी विरासत का जो अपमान किया, उसके लिए पार्टी को बिना शर्त जनता के सामने माफी मांगनी चाहिए। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के एक टुकड़े को बिना संदर्भ के निकालकर कांग्रेस अपनी राजनीतिक हस्ती बनाने की कोशिश कर रही है। लेकिन देश की जनता सब समझती है। कांग्रेस की दाल नहीं गलने वाली है। कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को कोई पद्म विभूषण, पद्मश्री नहीं दिया, लेकिन उनको चुनाव में हराने वाले काजरोलकर को 1970 में पद्म भूषण दिया। उन्होंने 15 हजार वोट से आंबेडकर को हराया था। वहां नेहरू जी भी आंबेडकर के खिलाफ प्रचार करने गए थे। कांग्रेस के खिलाफ हमारे पास सारे सबूत हैं। हम भी इसे सबको दिखाएंगे। कांग्रेस और डॉ. आंबेडकर के अपमान का काला चिट्ठा हम देश को दिखाएंगे। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज देशभर में कांग्रेस कुछ नाटक कर रही है। आंबेडकर जी के प्रति उनमें बेहद प्यार उमड़ रहा है। हम कांग्रेस के चेहरे को बेनकाब करने आए हैं। कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर का हमेशा अपमान किया। उनको संविधान सभा का सदस्य नहीं बनने दिया। कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को 1952 के लोकसभा चुनाव में हरवाया। डॉ. आंबेडकर को पार्टी ने मजबूर किया कि वे कानून मंत्री पद से इस्तीफा दें। उनको कांग्रेस ने भारत रत्न भी नहीं दिया। कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर का एक भी स्मारक नहीं बनने दिया।

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि डॉ. आंबेडकर को इस्तीफा देते समय सदन में बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने खुद अपना इस्तीफा जनता के सामने पेश किया। हमारे पास उनके इस्तीफे की प्रति है। इस इस्तीफे में डॉ. आंबेडकर ने नेहरू जी पर तमाम आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा था कि मैं सबसे योग्य था, मगर मुझे एक भी ठीक सा विभाग नहीं दिया गया। उनको एक संसदीय समिति में शामिल नहीं किया गया। उनको कानून मंत्रालय में भी काम नहीं करने दिया गया। भाजपा नेता ने कहा डॉ. आंबेडकर ने यह भी कहा था कि एससी-एसटी को सही संरक्षण नहीं दिया गया। केवल मुस्लिमों को सारी सुविधाएं दी गईं। कांग्रेस बताए कि डॉ. आंबेडकर का त्याग पत्र जनता के सामने क्यों नहीं आने दिया गया? क्योंकि अगर यह सबके सामने आता तो जवाहर लाल नेहरू की पगड़ी उछलती।

## हुबली में आग लगने की एक घटना में नौ अयप्पा मालाधारी घायल



**बंगलूरू।** घायलों को इलाज के लिए केसीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे। कर्नाटक के हुबली में आज आग लगने की एक घटना में नौ अयप्पा मालाधारी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए केसीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे। अस्पताल से निकलकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मीडिया से बात दी। उन्होंने कांग्रेस द्वारा महात्मा गांधी के ऐतिहासिक 1924 बेलगावी सत्र के शताब्दी समारोह की तैयारी पर प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर पैसे की बर्बादी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कांग्रेस सम्मेलन आयोजित कर पैसे बहा रही है। हम पूछना चाहते हैं कि महात्मा गांधी और आज की कांग्रेस के बीच क्या संबंध है। आपकी कांग्रेस असली नहीं है। यह कांग्रेस लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव में भरोसा नहीं करती है और बीआर आंबेडकर का अपमान करती है।

## लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी में नौ के खिलाफ मुकदमा

**मुंबई।** लोन दिलाने में मदद करने के नाम पर 1.74 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में वित्तीय सलाहकार फर्म के मालिक समेत नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया नवी मुंबई के कामोठे निवासी 40 वर्षीय बिल्डर ने शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसके व्यापार के लिए चार करोड़ रुपये का लोन पास कराने में मदद करने की बात कही। साथ ही प्रोसेसिंग शुल्क के तौर पर उससे 24.41 लाख रुपये ले लिए। नौपाड़ा पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कई अन्य लोगों के साथ भी ऐसा ही किया। इस तरह कर्ज लेने वालों से 1.74 करोड़ रुपये ठगे गए। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद वित्तीय सलाहकार फर्म के मालिक, बैंक प्रबंधक और सात अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने ठाणे में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों को पकड़ा है। इसमें एक महिला भी शामिल है।

पुलिस ने बताया कि सूचना और शिकायत के आधार पर केल्हार और कोगांव क्षेत्र में छापेमारी की। यहां पर 22 से 42 साल तक की उम्र के आठ लोग मिले। जो भारत में रहने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसमें तीन लोग कबाड़ी, दो लोग मजदूर, एक राजमिस्त्री और प्लम्बर है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

सोमवार सुबह दक्षिण मुंबई के व्यस्त मरीन ड्राइव पर भारतीय नौसेना की एक बस खराब हो गई। इसके चलते यहां यातायात प्रभावित हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि बस मरीन प्लाजा होटल के पास खराब हो गई। इसके चलते यहां यातायात धीमा हो गया। बाद में यातायात पुलिस कर्मियों ने सुबह पौने दस बजे एक टोइंग वैन की मदद से बस को सड़क से हटाया।

ठाणे में आठ साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले 43 साल के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 20 नवंबर को बच्ची अपने घर पर अकेली थी। इस दौरान उसका पड़ोसी घर आया और उसने बच्ची से छेड़छाड़ की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि उसके परिवार ने एक महीने बाद शिकायत दर्ज कराने का कोई कारण नहीं बताया।

## गोवा पुलिस की हिरासत से भागा आरोपी गिरफ्तार

**कथित**

**खान की फरारी का एक कथित वीडियो सामने आया था जिसमें एक कांस्टेबल लॉक-अप का ताला खोलता और मोटरसाइकिल पर उसे भागने में मदद करता हुआ दिखाई दे रहा था।**



**पणजी।** कई जमीन हड़पने के मामलों में आरोपी खान (55) को चार साल से अधिक समय तक फरार रहने के बाद पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था। वह 12 दिसंबर को गोवा पुलिस की हिरासत से भाग गया था। इस महीने की शुरुआत में गोवा पुलिस की हिरासत से भागे जमीन हड़पने के आरोपी को केरल से गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के लिए राहत लेकर आई है क्योंकि इस मुद्दे पर विपक्ष सीएम का इस्तीफा मांग रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी सिद्दीकी सुलेमान खान 12 दिसंबर की सुबह पुलिस हिरासत से कथित तौर पर एक कांस्टेबल की मदद से भाग गया था। सिद्दीकी सुलेमान खान पणजी की क्राइम ब्रांच के लॉक-अप में बंद था, जहां से वह कथित तौर पर एक पुलिस कॉन्सटेबल की मदद से फरार हो गया था। सीएम प्रमोद सांवत, जिनके पास गृह विभाग की जिम्मेदारी है, उन्होंने बताया कि सिद्दीकी सुलेमान खान को दो दिन पहले केरल में गिरफ्तार किया गया था और उसे सोमवार को गोवा लाया जाएगा। कई जमीन हड़पने के मामलों में आरोपी खान (55) को चार साल से अधिक समय तक फरार रहने के बाद पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था। वह 12 दिसंबर को गोवा पुलिस की हिरासत से भाग गया था। खान की फरारी का एक कथित वीडियो सामने आया था जिसमें एक कांस्टेबल लॉक-अप का ताला खोलता और मोटरसाइकिल पर उसे भागने में मदद करता हुआ दिखाई दे रहा था। विपक्षी पार्टी ने कांग्रेस ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें खान ने कथित तौर पर दावा किया था कि भाजपा के एक विधायक और अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उसे भागने में मदद की थी। वीडियो में आरोपी को यह कहते हुए सुना गया कि उसे अपराध शाखा की दो टीमों ने गोवा से बाहर निकाला। खान ने एक सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक पर भूमि सौदे को लेकर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में उसके साथ मारपीट करने का भी आरोप लगाया। विपक्षी दलों ने इस मामले में सावंत के इस्तीफे की मांग की थी। सीएम सावंत ने सोमवार को कहा कि खान से पूछताछ में पता चलेगा कि पुलिस हिरासत से उसके भागने के पीछे कौन लोग थे।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि केरल के अलप्पुझा जिले के चेरथला के पास थन्नीरमुक्कम में एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे एक बाइक सवार की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना रविवार देर रात हुई। मृतक की पहचान थन्नीरमुक्कम के मन्नंबथ निवासी मनु सिबी (24) के रूप में हुई है। उसके दोस्त एलन कुंजुमन (24) को चोटें आईं हैं और उसे इलाज के लिए कोच्चि के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व पर मणिशंकर अय्यर का दावा

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन का मुखिया पद छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। जो भी इसका नेता बनना चाहता है, उसे बनने दिया जाए। ममता बनर्जी में यह योग्यता है और गठबंधन के अन्य दलों के लोगों में भी यह काबिलियत है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेतृत्व को लेकर लगाए जा रहे कयासों के बीच पूर्व कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन का मुखिया पद छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी इसका नेता बनना चाहता है, उसे बनने दिया जाए। ममता बनर्जी में यह योग्यता है और गठबंधन के अन्य दलों के लोगों में भी यह योग्यता है। एक मीडिया संगठन को दिए साक्षात्कार में पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझे गठबंधन के नेता को लेकर परवाह इसलिए नहीं है।

## एम23 विद्रोहियों का कहर, परिवार के सामने महिलाओं को बना रहे शिकार; बच्चों को भी नहीं बख्श रहे



**रुबाया।** एम23 विद्रोही को 23 मार्च मूवमेंट के रूप में भी जाना जाता है। यह कांगो के पूर्वी क्षेत्रों में एक सक्रिय विद्रोही समूह है। समूह कई मानवाधिकारों के हनन, युद्ध अपराधों और अत्याचारों के लिए जिम्मेदार रहा है। अफ्रीका के कांगो में एम23 विद्रोहियों का कहर जारी है। सामूहिक हत्याएं, दुष्कर्म और जबरन विस्थापन जैसी बड़ी घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अप्रैल में विद्रोहियों ने रुबाया के एक बाजार में छह बच्चों की लकड़ी के मूसल और कोल्हू से उनके सिर कुचल कर हत्या कर दी थी। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 32 साल की एक महिला ने भागने से पहले खुद बच्चों की क्रूरतापूर्वक हत्या होते हुए देखी।उन्होंने बताया कि उन्हें और उनके साथियों को भी पकड़ लिया था। बाद में उनका और उनकी एक दोस्त का दुष्कर्म किया। जबकि एक की हत्या कर दी।

एम23 विद्रोही को 23 मार्च मूवमेंट के रूप में भी जाना जाता है। यह कांगो के पूर्वी क्षेत्रों में एक सक्रिय विद्रोही समूह है। समूह कई मानवाधिकारों के हनन, युद्ध अपराधों और अत्याचारों के लिए जिम्मेदार रहा है। विद्रोही महिलाओं को जबरदस्ती वैश्यावृत्ति के काम में धकेलते हैं। इतना ही नहीं, लोगों पर दिन में हमला करना आम हो गया है। वहीं, गवाहों की हत्या कर देते हैं। एक 25 साल की महिला ने बताया कि उसकी बेटी के सामने उसके साथ बंदूक की नोंक पर दुष्कर्म किया गया। बाद में उनके पति की भी हत्या कर दी गई थी। जबकि 27 साल की एक अन्य पीड़िता के साथ फसल की रखवाली के दौरान आठ लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। महिलाओं पर बेरहमी से हमला किया जाता है। वहीं, बचे हुए लोगों के साथ उनके बच्चों के सामने बंदूक की नोक पर दुष्कर्म किया जाता। मानवीय संगठनों ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में यौन हिंसा अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है।

एम23 सबसे पहले 10 साल पहले सामने आया था, जब उसके लड़ाकों ने कांगो के पूर्व में सबसे बड़े शहर गोमा पर कब्जा कर लिया था। समूह का नाम 23 मार्च, 2009 को हुए एक शांति समझौते की वजह से एम23 रखा गया। समझौते में विद्रोहियों को कांगो की सेना में शामिल करने की वकालत की गई थी। एम23 का आरोप है कि सरकार समझौते का पालन नहीं कर रही। उस पर लंबे समय से रवांडा के समर्थन के साथ काम करने का आरोप है।

## ब्राजील के दो राज्यों को जोड़ना वाला पुल ढहा, एक की मौत

**ब्राजील।** टोकेंटिंस के अग्निशमन विभाग ने बताया कि शाम तक बचाव कर्मियों को जब इस बात का पता चला कि नदी में डूबे एक टैंकर से सल्फ्यूरिक एसिड का रिसाव हो रहा है, तो उन्होंने बचाव अभियान रोक दिया।

ब्राजील के उत्तर और पूर्वोत्तर क्षेत्र के दो राज्यों को जोड़ने वाला एक पुल रविवार को ढह गया। यह घटना तब घटी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सल्फ्यूरिक एसिड टोकैंटिंस नदी में फैल गया। पुल की लंबाई 533 मीटर है और यह मरनहाओ राज्य राज्य के एस्ट्रीटो टोकैंटिंस के अगुइआर्नोपोलिस शहर को जोड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के दौरान एसिड ले जा रहा एक टैंकर ट्रक नदी में गिर गया।

## प्रताप सारंगी-मुकेश राजपूत को अस्पताल से मिली छुट्टी

**परिसर**

**संसद भवन परिसर में हुई सांसदों की धक्कामुक्की में घायल भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।**



**नई दिल्ली।** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर कांग्रेस ने बीते दिन गुरुवार को संसद भवन परिसर में मार्च निकाला था। जवाब में भाजपा ने कांग्रेस पर झूठ की राजनीति का आरोप लह्यगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान संसद भवन के मकर द्वार पर दोनों दलों के सांसद आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच धक्का-मुक्की की भी नौबत आई। संसद भवन परिसर में हुई सांसदों की धक्कामुक्की में घायल भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। दरअसल, 19 दिसंबर को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की हो गई। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। इस दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हो गए। दोनों को आरएमएल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। राम मनोहर लोहिया अस्पताल की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया था कि सिर में चोट लगने के कारण एतिहात के तौर पर दोनों को आईसीयू में भर्ती कराया गया। प्रताप सारंगी को बहुत ज्यादा रक्तस्राव हो रहा था और उन्हें गहरा घाव भी हुआ था। इसलिए उन्हें टांके लगाने पड़े। मुकेश राजपूत बेहोश हो गए थे। दरअसल, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर कांग्रेस ने संसद भवन परिसर में मार्च निकाला था। जवाब में भाजपा ने कांग्रेस पर झूठ की राजनीति का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान संसद भवन के मकर द्वार पर दोनों दलों के सांसद आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच धक्का-मुक्की की भी नौबत आई। इस बीच प्रताप सारंगी चोटिल देखे गए। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गए। इसके बाद मैं नीचे गिर गया। मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था, जब राहुल गांधी आए और एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गए। मामले में जब लोकसभा में विपक्ष के नेता से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था कि यह आपके कैमरे में हो सकता है। मैं संसद के प्रवेश द्वार से अंदर जाने की कोशिश कर रहा था, भाजपा सांसद मुझे रोकने, धक्का देने और धमकाने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए यह हुआ। हां, ऐसा हुआ है। मल्लिकार्जुन खरगे को धक्का दिया गया। प्रियंका गांधी को भी धक्का दिया गया। हालांकि, धक्का-मुक्की से हम प्रभावित नहीं हुए। यह प्रवेश द्वार है और हमें अंदर जाने का अधिकार है। भाजपा सांसद हमें अंदर जाने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। मुख्य मुद्दा यह है कि वे संविधान पर हमला कर रहे हैं और आंबेडकर की स्मृति का अपमान कर रहे हैं।

## न्यूयॉर्क में युवक ने ट्रेन की बोगी में महिला को जिंदा जलाया

**आग**

**जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर रुकी तो युवक महिला के पास गया और लाइटर से उसके कपड़ों में आग लगा दी।**

**न्यूयॉर्क।** रविवार सुबह ब्रुकलिन के स्टिलवेल एवेन्यू में एफ ट्रेन में युवक और पीड़िता सवार हुए। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर रुकी तो युवक महिला के पास गया और लाइटर से उसके कपड़ों में आग लगा दी। इसके कुछ ही सेकेंड में महिला जलने लगी। जब तक वह मर नहीं गई आरोपी उसे खड़ा देखता रहा। स्टेशन की ऊपरी मंजिल पर गश्त कर रहे अधिकारियों ने धुआं उठता देखा तो वे मौके पर पहुंचे। न्यूयॉर्क में एक युवक ने ट्रेन की बोगी महिला को जिंदा जला दिया। महिला जब तक मर नहीं गई, तब तक आरोपी उसे खड़ा देखता रहा। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग की आयुक्त जेसिका टिश ने इसे सबसे घृणित अपराध माना।

पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह ब्रुकलिन के स्टिलवेल एवेन्यू में एफ ट्रेन में युवक और पीड़िता सवार हुए। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर रुकी तो युवक महिला के पास गया और लाइटर से उसके कपड़ों में आग लगा दी। इसके कुछ ही सेकेंड में महिला जलने लगी। जब तक वह मर नहीं गई आरोपी उसे खड़ा देखता रहा। स्टेशन की ऊपरी मंजिल पर गश्त कर रहे अधिकारियों ने धुआं उठता देखा तो वे मौके पर पहुंचे। यहां पर एक युवक ट्रेन के डिब्बे में खड़ा था। वहीं महिला आग की लपटों में घिरी हुई थी। अधिकारियों ने तत्काल अग्निशमन यंत्र का उपयोग करके आग बुझाई। मगर तब तक महिला पूरी तरह से जल चुकी थी और उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक एक संदिग्ध घटनास्थल पर मिला। वह ट्रेन के बाहर प्लेटफार्म की एक बेंच पर बैठा था। इसके बाद पुलिस ने बॉडी वार्न कैमरों की मदद से संदिग्ध के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि जब आरोपी की तस्वीरें वायरल हुईं तो तीन लोगों ने पुलिस को फोन करके बताया कि वे आरोपी को पहचानते हैं। इसके बाद पुलिस ने एक दूसरी ट्रेन से युवक को पकड़ा और उसकी जेब से लाइटर बरामद हुआ। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने संदिग्ध के बारे में पुलिस को जानकारी देने वाले लोगों की प्रशंसा की।

## संकट में ध्रुवीय भालू, आबादी बढ़ाना हो रहा मुश्किल; सदी के अंत तक हो सकते हैं गायब



रिपोर्ट के अनुसार ध्रुवीय भालुओं के लिए सबसे बड़ा खतरा समुद्री बर्फ का कम होना है। समुद्री बर्फ कम होने से ध्रुवीय भालुओं के लिए सील का शिकार करना, संभोग करना और यात्रा करना मुश्किल हो रहा है। दुनिया में सबसे ज्यादा ध्रुवीय भालू अलास्का, रूस, ग्रीनलैंड और नॉर्वे स्वालबार्ड में पाए जाते हैं जलवायु परिवर्तन के चलते आर्कटिक सर्कल देशों में ध्रुवीय भालुओं की आबादी में सदी के अंत तक भारी गिरावट आ सकती है। नेचर क्लाइमेट चेंज की रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन ध्रुवीय भालुओं के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इस बदलाव का असर सबसे पहले और सबसे बुरा आर्कटिक में महसूस किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार ध्रुवीय भालुओं के लिए सबसे बड़ा खतरा समुद्री बर्फ का कम होना है। समुद्री बर्फ कम होने से ध्रुवीय भालुओं के लिए सील का शिकार करना, संभोग करना और यात्रा करना मुश्किल हो रहा है। दुनिया में सबसे ज्यादा ध्रुवीय भालू अलास्का, रूस, ग्रीनलैंड और नॉर्वे स्वालबार्ड में पाए जाते हैं। ये आर्कटिक सर्कल के उत्तर में रहते हैं। हालांकि कुछ आबादी कनाडा के मैनिटोबा की हडसन बे जैसे ज्यादा दक्षिणी इलाकों में भी पाई जाती है।

## ब्रिटेन में चल रहीं 85 शरिया अदालतें, धर्मनिरपेक्ष संगठनों ने जताई चिंता

**लंदन।** आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में लगभग 100,000 इस्लामी विवाह हुए हैं और इन शादियों को नागरिक अधिकारियों के पास पंजीकृत नहीं कराया गया है। ब्रिटेन में इस वक्त 85 शरिया अदालतें चल रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ब्रिटेन, पश्चिम की इस्लामिक राजधानी बनकर उभर रहा है। इन शरिया अदालतों का ब्रिटेन में रहने वाले मुस्लिम समुदाय पर खासा प्रभाव है। ये शरिया अदालतें शादी, तलाक और पारिवारिक मामलों पर अपने फैसले देती हैं। नेशनल सेक्युलर सोसाइटी ने न्याय व्यवस्था के समानांतर एक और धार्मिक न्याय व्यवस्था के खड़ा होने पर चिंता जताई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटेन में पहली बार साल 1982 में शरिया अदालत की शुरुआत हुई थी और आज इनकी संख्या बढ़कर 85 हो गई है। गौरतलब है कि ब्रिटेन में निकाह मुताह या आनंद के लिए शादी का चलन भी तेजी से बढ़





रहा है। निकाह मुताह के अंतर्गत तीन दिन से लेकर एक साल तक के लिए अस्थायी शादी चलती है। इसे घोर महिला विरोधी प्रथा माना जाता है। शरिया अदालतों में इस्लामिक स्कॉलर्स का पैनल होता है, जिनमें अधिकतर पुरुष होते हैं। ये एक अनौपचारिक निकाय है, जो धार्मिक मामलों और निकाह, तलाक और खुला के मामलों में अपने फैसले देते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटेन में एक लाख शादियां नागरिक अधिकारियों के पास पंजीकृत नहीं हैं। माना जाता है कि ये शादिया शरिया अदालतों में हुई हैं। नेशनल सेक्युलर सोसाइटी नामक एक संगठन ने ब्रिटेन में सामान्य न्याय व्यवस्था के साथ ही एक गैर औपचारिक न्याय व्यवस्था के काम करने पर चिंता जाहिर की और कहा है कि इसका भविष्य में गंभीर असर पड़ेगा। सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी स्टीफन इवांस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि शरिया अदालतें सभी के लिए एक कानून के सिद्धांत को कमजोर करती हैं और महिलाओं, बच्चों के अधिकारों पर विपरीत असर डालती हैं। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में हाल के वर्षों में तेजी से मुस्लिम जनसंख्या बढ़ी है।

# मनाया गया सुशासन सप्ताह-प्रशासन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समस्त जनपदों में 19 से 24 दिसंबर 2024 के मध्य सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तथा जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की उपस्थिति में एक कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि का स्वागत जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम, प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। मुख्य अतिथि तथा जिलाधिकारी ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ0 दिनेश कुमार सिंह द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी को नमन किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी का अभिनंदन करते हुए जनपद में अपने कार्यकाल के दौरान के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कोरोना काल के दौरान जनपद में कार्य करना बेहद चुनौती पूर्ण रहा। कोरोना काल के दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा दिये गये सेवाओं/योगदान हेतु सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान निर्विवाद वरासत के मामलों को निपटाया। इस सुशासन सप्ताह में उन्होंने उम्मीद किया कि निर्विवाद वरासत के मामलों में सभी का वरासत दर्ज कराया जाए, जिससे किसी भी परिवार को भटकना न पड़े, चलाकर अंश निर्धारण की प्रक्रिया पर निवर्तमान जिलाधिकारी द्वारा की जा रही कार्यवाही पर प्रशंसा जाहिर करते हुए कहा कि अंशनिर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी और त्रुटिरहित होनी चाहिए। पैमाइश के मामलों में शासन बेहद गंभीर हैं, पैमाइश के मामलों का निराकरण कराये। पूर्व जिलाधिकारी द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान किए गए बदलाव नवाचारों को भी साझा किया। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग में किए गए अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि ऐसे छात्र जो पढ़ाई में कमजोर हैं सभी शिक्षक ऐसे 15 छात्रों को अपने संतान समतुल्य मानकर बच्चों के हित में कार्य करें। इस दौरान उन्होंने सुईथाकला के आगनबाड़ी केन्द्र की सराहना की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि/रा0 सहित राजस्व विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सूचना विभाग, चिकित्सा विभाग, पंचायती राज, स्वयं सेवी संगठन के पदाधिकारियों, आगनबाड़ी कार्यकत्रियों, पुलिस विभाग, कृषि विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों सहित अन्य विभागों में उल्लेखनीय प्रशंसात्मक कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया और कहा कि आज जिन्हें भी सम्मानित किया गया है वे निश्चय ही प्रोत्साहित होकर ऊर्जा के साथ कार्यों को संपादित करेंगे। उन्होंने सुशासन के कांसेप्ट को समझाते हुए कहा कि जो भी हम एक साधारण इंसान के रूप में चाहते है वही दूसरों के लिए करें यही सुशासन की परिकल्पना है। उन्होंने वर्तमान जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा जनपद में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत मुख्यमंत्री के नेतत्व में जन शिकायतों के निस्तारण हेतु हम प्रतिबद्ध है। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत निवारण, आनलाइन सर्विस डिलीवरी आदि को हमारे अधिकारी /कर्मचारी मिलकर कटिबद्धता के साथ जनहितकारी योजनाओं को सहज, सुलभ और तीव्रता के साथ लोगो तक पहुचाने हेतु प्रयास करें। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि को जनपद में एक अच्छा सुशासन और संवेदनशील प्रशासन हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रील बनाने पर की आपत्ति तो पत्नी ने युवक को घर से भगाया

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के वसीरपुर गांव निवासी एक महिला ने पति द्वारा रील बनाने की आपत्ति करने पर गाली गलौज देकर प्रताड़ित करके घर से भगा दिया। पति तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगा रहा है। उक्त गांव निवासी अशोक कुमार मौर्या पुत्र रामबरन मौर्या की पहली पत्नी की मौत के बाद कुछ दिन वर्ष पहले दूसरी शादी किया था। पहली पत्नी से उसकी तीन संतान है। शादी के बाद दूसरी पत्नी से भी एक संतान पैदा हुई। अशोक रोजी रोटी के लिए मुंबई चला गया। वह जब मुम्बई गया तो उसकी पत्नी ने उसके पहली पत्नी की संतानों को सास ससुर के जिम्मे डाल दिया। वह मोबाइल से रील बनाने लगी। उसके परिजनों ने उस पर तरह तरह के आरोप लगाने लगे। पत्नी की लगातार मिल रही शिकायत पर अशोक घर आया। वहां पर उसने देखा कि उसकी पत्नी अन्य युवक के साथ घूमने जा रही है। जब वह विरोध किया तब पत्नी बोली भाग जाओ यह घर मेरा है। पत्नी के साथ का युवक भी धमकाने लगा। तब अशोक ने 112 डायल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस के सामने भी पत्नी उसे गन्दी गन्दी गाली व धमकी देती रही। पत्नी के डर से वह अपने बहन के घर चला गया। सोमवार को थाने पर जाकर तहरीर दिया। थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि पति की तहरीर पर पुलिस को तत्काल मौके पर भेजा गया है।

# सती प्रसंग का किया मार्मिक वर्णन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (महराजगंज)।** क्षेत्र के केवटली स्थित बीआरसी के बगल आयोजक नन्द लाल मोदनवाल के यहाँ चल रहे श्री राम कथा में अयोध्या से पधारे कथा व्यास निर्मल शरण जी महाराज ने सती प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब भगवान ने सासारिक कथा सुनाई थी तो शिव शकर ने घोर तपस्या में लीन होकर उसे सुना था। जबकि सती पूरे ध्यान पूर्वक यह नहीं सुन सकी जिस कारण उसके जीवन में भ्रम की स्थिति कई बार रही जबकि शिव शकर इस ज्ञान के बारे में पूर्ण रूप से ज्ञाता हो गए थे। एक बार जब शिव शकर सती के साथ जंगल में भ्रमण के लिए जा रहे थे तो रास्ते में उन्होंने रोते हुए श्रीराम मिले क्योंकि रावण माता सीता का हरण करके ले गया था और श्रीराम पेड़-पौधों व जंगल में उसे ढूढते फिर रहे थे और विलाप कर रहे थे। शिव शकर ने उन्हे पहचान लिया और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। सत्ती ने उन्हे नहीं पहचाना तो सत्ती शिव शकर को कहने लगी कि आप इस साधारण मानव के सामने क्यूं खड़े है जो रो रहा है तो शिव शकर ने कहा कि ये साधारण मानव नहीं है बल्कि मेरे भगवान है इसलिए मैं इनकी पूजा में खड़ा हूं तो सती ने कहा कि यह नहीं हो सकता और कहा कि यह तो साधारण मानव है यदि यह भगवान होते तो इन्हे रोने की क्या जरूरत थी और सीता को स्वंय ही खोज लेते तो शकर भगवान ने कहा कि चाहे आप इन्हे परख कर देख ले ये ही भगवान श्रीराम है। जब श्रीराम आगे निकल गए तो सती ने सीता का रूप धारण कर लिया और श्रीराम के आगे आ गई और श्रीराम को कहने लगी कि मैं ही आपकी सीता हूं तो भगवान श्रीराम ने उन्हे पहचान लिया तो सत्ती को पछतावा हुआ। तब जाकर उसे श्रीराम जी के बारे में पत्ता चला जब श्रीराम की परीक्षा लेकर सत्ती शिव शकर के पास पहुची तो शिव शकर ने सोचा कि मैं सीता को मा के समान समझता हू और सती जोकि मेरी पत्नी है उसने सीता का रूप धारण किया था इसलिए मैं कैसे इसके साथ एक पति के रूप में रह सकता हूँ इसलिए शिव शकर ने सत्ती का कृतज्ञ कर दिया। कथा समापन के बाद आरती व प्रसाद का वितरण किया गया इस दौरान कथा आयोजन समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया। कथा का संचालन शुभम सिंह काशी ने किया। इस मौके पर आचार्य अरुण कुमार दुबे,खजांची लाल मोदनवाल,भोला प्रसाद सेठ, राजेश निगम,शोभनाथ जायसवाल सहित सैकड़ो श्रद्धालु रहे।

## आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति की हुई बैठक



**आजमगढ़।** आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वधान में शहर के मुकेरीगंज स्थित एक गेस्ट हाउस में सुंदरकांड व सहभोज का आयोजन अरविंद मोदनवाल के नेतृत्व में हुआ। पाठ के बाद समिति के सदस्यों की सहभागिता से संगीतमय भजन का भी सुंदर आयोजन हुआ। समिति द्वारा कार्यक्रम में भाजपा नेता अखिलेश मिश्रा गुड्डु, शैलेंद्र अग्रवाल, रित्विक जयसवाल, मनीष सिंह, दीपक राय व वॉकिंग ग्रुप की पूरी टीम व अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे जिले भर से हजारों लोग सहभोज में सम्मिलित हुए। आपस में भाईचारा बनाए रखने के लिए इस तरह का आयोजन महासमिति द्वारा किया गया है। इस दौरान हिमांशु राज, मिथुन निषाद, गोलू मिश्र, राकेश सोनकर, विपिन यादव, गोलू वर्मा,अरविंद उर्फ लल्लन वर्मा, सूरज निषाद, सनी सोनकर, नीरज अग्रवाल, विशाल सभासद, दीपू दुबे, हर्ष गुप्ता, दिवाकर सेठ, संजय केसरवानी, आकाश सेठ, विमल निषाद, दीपक मौर्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति रहे।

## एक मुश्त बकाया समाधान योजना का ॅ का लाभ शीघ्र उठाएं - लाल बहादुर राम



**आजमगढ़।** पुराना पावर हाउस रैदोपुर के अवर अभियंता लाल बहादुर राम ने बकाया विद्युत उपभोक्ताओं से ओटीएस योजना एक मुफ्त बकाया के लिए उपभोक्ता शीघ्र करें योजना 31 दिसंबर तक ज्यादा लाभ मिलेगा। वैसे यह योजना 31 जनवरी 2025 तक के लिए है। विद्युत भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को जगह-जगह पर जागरूक किया गया तथा इस संबंधित सूचना का नोटिस भी वितरण किया गया साथ ही बताया गया कि यह योजना बताया गया कि यह योजना 31 दिसंबर 2024 तक के लिए हैस इसी क्रम में कोल बाज बहादुर मैं बकाया वसूली का अभियान चला कर दर्जनो लाइन काटी गई साथ ही दर्जन भर लोगों को ओटीएस का भी लाभ दिलाया गया। इस जागरूक कार्यक्रम में मनीष दीनानाथ सरवन महेंद्र पाल आदि उपस्थित थे।

## लायंस क्लब सिटी ने वितरित किए ग्राम वासियों को कंबल

**प्रयागराज।** लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी के अध्यक्ष एमजेएफ लायन अनूप सिंह की अध्यक्षता में एक विशाल कम्बल वितरण का कार्यक्रम एवं क्लब परिवार के लगभग 90 लायन्स सदस्यों की पिकनिक मीटिंग का कार्यक्रम घूरपुर इरादतगंज प्रयागराज में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में क्लब के संरक्षक पीआईडी लायन जगदीश गुलाटी, सचिव एमजेएफ लायन अचल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन रामजी केसरी, रीता वीर, जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल, प्रदीप वीर, अजय अवस्थी, डॉ0 अशोक श्रीवास्तव पीके श्रीवास्तव, संजीव तिवारी, सविता सिंह, सुमन अग्रवाल, सीमा केसरी, पीयूष रंजन अग्रवाल, कमलेश यादव, डी के केसरवानी, मनीष केसरवानी, विनय अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रागिनी चंदेल एवं फार्म हाउस के जमींदार दीपक जायसवाल एवं मंजू जायसवाल आदि सदस्यों का भरपूर योगदान रहा। सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद का लाभ प्राप्त किया।

## वार्षिकोत्सव में दिखी देश की झांकी

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संचेतना वार्षिकोत्सव के अंतर्गत वार्षिक कार्यक्रम तथा फन एण्ड ऐनुवल फिस्टा कम फेटे का भव्य आयोजन 22 दिसम्बर को किया गया। इस कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि के रूप में चिराग जैन (एस0पी0आर0ए0), आजमगढ़ तथा विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में विवेक शर्मा (सी0एफ0ओ0) आजमगढ़, राजेश कुमार (लेबर कमीशनर), डॉ कृष्ण मोहन त्रिपाठी (प्रबन्धक), डॉ कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, सर्वेश कुमार मिश्रा (दैनिक जागरण), श्री राजीव श्रीवास्तव (आज तक), सचिन श्रीवास्तव (ऐ0बी0सी0), वसीम अकरम (सी0आई0बी0 इण्डिया) ब्यूरो चिफकी उपस्थित ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा माँ सरस्वती जी प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर के किया गया।

# समाजवादियों की सरकार बनी तो अधिवक्ताओं के हीत में करेंगे काम: धर्मेंद्र

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** प्रदेश में जब जब समाजवादियों की सरकार बनी, तब तब श्रद्धेय नेता जी मुलायम सिंह यादव एवं अखिलेश यादव जी ने अधिवक्ता समाज के हितों के लिए नीतियां बनाने का काम किए थे। उक्त बाते आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव ने दीवानी बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आपके सहयोग एवं आशीर्वाद से जो ताकत अपने मुझे सांसद के रूप में प्रदान की है, उस ताकत के बल पर आपको विश्वाश दिलाना चाहता हूँ कि हम समाजवादियों कि आजमगढ़ से जो परंपरा एवं रिश्ते रहे है उसे और आगे ले जाने का काम करूंगा ये विश्वास दिलाता हूं। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ के विकास एवं तरक्की के लिए आजमगढ़ के नौजवानों, किसानों, अधिवक्ताओं के हित के लिए संसद में पूरी ताकत से आवाज उठाई है और आगे भी आवाज उठाता रहूंगा। उहोंने कहा कि इंतजार है उस दिन का जब प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादियों की सरकार बनेगी , तब आजमगढ़ के विकास की नई इबारत लिखने का काम हम समाजवादी करेंगे।तब आजमगढ़ की कोई समस्या होगी। वो समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने दीवानी परिसर में अधिवक्ता साथियों के बैठने के लिए निर्माण कार्य कराने की घोषणा करते हुए कहा कि की भाजपा नीत मोदी सरकार द्वारा लाए जा रहे एक देश एक चुनाव कानून का समाजवादी पार्टी पुरजोर विरोध करती है। शपथ ग्रहण समारोह में समाजवादी पार्टी के विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, नफीस अहमद, संग्राम यादव, जिला अध्यक्ष हवलदार यादव, जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह, अब्दुल्ला अलाउद्दीन, अखलाक अहमद, अशोक यादव, आशुतोष चौधरी, कुणाल मौर्य, राजेश यादव गेलवारा आदि लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ताईक्वांडो में मोहम्मद मुस्तफा, शफी व कुलसुम को मिला गोल्ड मेडल



**बलिया।** वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में छठवीं जिलास्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 12 विद्यालयों का छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सेंट थामस स्कूल अस्पताल रोड बलिया, द्वितीय स्थान पर सेंट जेवियर्स स्कूल बिल्थरारोड व तृतीय स्थान नोजा कांवेंट स्कूल छितौनी का रहा। सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने पर सूर्योदय पब्लिक स्कूल के मोहम्मद मुस्तफा नसीम खान, शफी खान व कुलसुम नसीम को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। प्रतियोगिता में मुन्ना यादव, विजय कुमार जायसवाल, विपिन कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

### ऑल इंडिया नेशनल रैंकिंग टेनिस चैंपियनशिप का शुभारंभ



**प्रयागराज।** नगर स्थित स्वर्गीय जी पी श्रीवास्तव मेमोरियल ऑल इंडिया नेशनल रैंकिंग टेनिस चैंपियनशिप का उद्घाटन के पी टेनिस टेनिस कोर्ट मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट कंपलेक्स में हुआ। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर इनकम टैक्स डॉक्टर कविता मीणा थी। जबकि कार्यक्रम के अध्यक्षता अध्यक्ष कायस्थ पाठशाला डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंकित राज अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी दीपक भार्गव, डॉक्टर केतन श्रीवास्तव डॉक्टर ऋतुराज श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव उपस्थित थे। सभी का स्वागत प्रतियोगिता निदेशक अंकित राज ने किया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश खरे तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव टेनिस संघ ऋषि शर्मा ने किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार बालक 16 वर्ष एकल में वैभव सरोज उत्तर प्रदेश ने वेदांत सिंह गुजरात को 6/0, एवं6/2 सेपराजित किया। रिशांत जायसवाल उत्तर प्रदेश ने अनुराग बाजपेई गुजरात को 6/,3 ,6/2 से पराजित किया।

### मंडल अध्यक्ष के परिणाम को लेकर कार्यकर्ताओं को बेसब्री से है इंतजार



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के द्वारा संगठन पर्व के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष चयन प्रक्रिया के नामांकन के बाद कार्यकर्ताओं के अंदर मंडल अध्यक्ष के परिणाम को लेकर उत्सुकता बढ़ी हुई है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी के बताया कि मंडल अध्यक्ष का नामांकन प्रयागराज महानगर का 17 दिसंबर को किया गया था। इसमें महानगर के कुल 15 मंडलों से 165 लोगों का नामांकन हुआ था। तब से अब तक मंडल अध्यक्ष के परिणाम को लेकर भाजपा कार्यकर्ता बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा है। राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रदेश संगठन के द्वारा मंडल अध्यक्ष का परिणाम 25 दिसंबर तक आने की संभावना है। उसके बाद जिला अध्यक्ष की चयन प्रक्रिया का शुभारंभ किया जाएगा। प्रयागराज महानगर से कई कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष के नामांकन को लेकर तैयारी में आंतरिक रूप से जुट गए हैं और मंडल अध्यक्ष की परिणाम को लेकर आपस में एक दूसरे से चर्चा भी कर रहे हैं।

# किसानों की खुशहाली से होगी देश की उन्नति: सीमा द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** कृषि विभाग द्वारा सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा में भारत रत्न, किसानों के मसीहा, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडेय द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे हितैषी एवं शुभचिंतक थे, किसानों के विकास के लिए मंडी अधिनियम में संशोधन कराया ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित लाभ मिल सके, उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के द्वारा कृषि यंत्रों पर छूट दिया जा रहा है। उन्होंने सभी किसानों से कहा कि परंपरागत खेती छोड़कर वैज्ञानिक आधारित खेती करना शुरू करें। युवाओं को भी खेती के क्षेत्र में आगे आने के अपील की और कहा कि अब खेती करना बहुत ही आसान हो गया है और लाभदायक भी है। उन्होंने मोटे अनाज की खेती करने की अपील की। किसान देश की अर्थव्यवस्था के रीढ़ है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा है कि देश के किसान की आय दोगुनी हो और किसान खुशहाल हो। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र ने कहा कि सरकार चाहती है कि किसानों की समस्या किसानों के द्वार पर खत्म हो। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जनपद में बीज, उर्वरक और सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उन्होंने सभी से कहा कि किसान का सम्मान करे,उन्नति खेती अवश्य करें। किसानों को सम्मानित करते हुए हर्ष की अनुभूति होती है। किसानों के द्वारा अतिथियों को अपने उत्पाद भेट स्वरूप प्रदान किया गया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा जनपद के उत्कृष्ट उत्पादकता प्राप्त करने वाले 40 किसानों को प्रशस्ति पत्र और प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को रुपये सात हजार एवं द्वितीय स्थान पाने वाले किसानों को रुपये पांच हजार सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि सलाहकार कृषि मंत्रालय भारत सरकार विजय कुमार ने कहा कि चौधरी साहब कहा करते थे कि जब तक किसानों में खुशहाली नही आएगी तब तक देश का सम्पूर्ण विकास संभव नही है, सरकार किसानों की खुशहाली के लिए तमाम योजनाएं संचालित कर किसानों का सहयोग कर रही है। कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डा.रमेश चंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेश कनौजिया, डा.सुरेंद्र सोनकर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ओपी श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह,देवराज पांडेय सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# सपा ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन आज समाजवादी पार्टी कार्यालय जार्जटाउन में मनाया गया। सपा जनों ने स्व चरण सिंह के चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने स्व चौधरी चरण सिंह को महान किसान नेता बताते हुए उनके संघर्षो की चर्चा की। महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने चौधरी साहब को दृढ़ राजनैतिक इक्षा शक्ति का धनी और कुशल शासक बताया। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके फैसलों को मिल का पत्थर बताया। यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने कहा कि स्व चौधरी चरण सिंह किसानों, कमजोर वर्गों के हितों को लेकर आजीवन संघर्ष करते रहे। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, पप्पू लाल निषाद, विधायक श्रीमती गीता शास्त्री, पंधारी यादव, संदीप यादव,कृष्ण मूर्ति सिंह, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव, नाटे चौधरी, संतोष यादव, कुलदीप यादव आर एन यादव, ओ पी पाल, वजीर खान, संतलाल वर्मा, सुधीर निषाद, सुशील कुशवाहा, रमाकांत पटेल, हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, सऊद, मो हसीब, शांति प्रकाश, शंकर लाल यादव, कमलेश यादव, मृत्युंजय पाण्डेय, ओ पी यादव, त्रिभुवन यादव, रंग बहादुर पटेल आदि मौजूद रहे।

## स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर सम्मानित हुए कृषक

**प्रयागराज।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर डॉ0 संजय सिंह निदेशक भारतीय वानकीय अनुसंधान शिक्षा परिषद पुर्नस्थापन केन्द्र प्रयागराज, की अध्यक्षता में आज गोविन्द वल्लभ पन्त संस्थान झूंसी प्रयागराज परिसर के सभागार में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 संजय सिंह निदेशक भारतीय वानकीय अनुसंधान शिक्षा परिषद पुर्नस्थापन केन्द्र प्रयागराज रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक एस0पी0 श्रीवास्तव द्वारा अतिथि को शोभागारका पौध प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। जनपद प्रयागराज के अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यान विभाग के 06-06 कृषकों को कुल 24 तथा कृषि विविधीकरण अपनाने वाले 01-01 पुरुष एवं महिला कृषकों को विशिष्ट पुरस्कार से डॉ0 संजय सिंह निदेशक भारतीय वानकीय अनुसंधान शिक्षा परिषद पुर्नस्थापन केन्द्र प्रयागराज द्वारा सम्मानित किया गया।

# वेदप्रकाश बने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष

**द्विवार्षिक अधिवेशन में नई जिला कार्यकारिणी का हुआ चुनाव**

अवधनामा संवाददाता



**बलिया।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के द्विवार्षिक अधिवेशन में कर्मचारी नेता वेदप्रकाश पाण्डेय सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुने गए। जबकि विनोद मिश्र मंत्री बनाए गए। सोमवार को गंगा सभागार में आयोजित अधिवेशन के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। गंगा सभागार में हजारों कर्मचारियों व शिक्षकों की मौजूदगी में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन दो सत्रों में आयोजित हुआ। पहले सत्र में संगठन के विकास और भविष्य के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। दूसरे सत्र में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जिला कार्यकारिणी का नए सिरे से गठन किया गया। चुनाव अधिकारी कौशल कुमार उपाध्याय ने चार नामों की घोषणा की तो खचाखच भरे हाल में गूंजती तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रधान सहायक वेदप्रकाश पाण्डेय को अध्यक्ष, विनोद मिश्र को मंत्री, ग्राम पंचायत संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सिंचाई संघ के अजीत कुमार को संप्रेक्षक चुना गया। इनके नाम का प्रस्ताव आते ही सभी कर्मचारियों व शिक्षकों ने एक स्वर से मुहर लगाई। इसके अलावा नवनिर्वाचित अध्यक्ष व मंत्री समेत सभी चारों पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी व अपर महामंत्री नरेश कुमार ने माला पहनाकर बधाई दी और मिठाई खिलाई। इसके बाद हरिकिशोर तिवारी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही सैकड़ों कर्मचारियों व शिक्षकों द्वारा फूल-माला से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को लाद दिया गया। इसके पहले अधिवेशन को विशिष्ट अतिथि पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र यादव, राजस्व अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष निखिल शुक्ला, उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय कान्हजी, मुर्तजा हुसैन, ब्रजेश सिंह, सुशील त्रिपाठी, चंद्रशेखर विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. अखिलेश राय, डा. अवनीश चन्द्र पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, डा. राजेश पाण्डेय, जेपी सिंह, निर्भयनारायन सिंह, वंशरोपण पाण्डेय, कौशल उपाध्यक्ष, राघवेंद्र मिश्रा, राजेश रावत, सुनील चौबे, आलोक मिश्र, नरेन्द्र सिंह, अरविंद राय आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डा. जैनेन्द्र पाण्डेय, राहुल सिंह, संजय भारती, धीरज राय, आशुतोष सिंह, अशोक केसरी, अरुण सिंह, अनूप सिंह, रामप्रताप सिंह, करुणानिधि तिवारी, अनिल पाण्डेय, तुषार राय, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, अजीत पाण्डेय, अजय पाण्डेय, ददन भारती, अनिल सिंह, आशुतोष राय व अभय मिश्र आदि उपस्थित थे।

### अधिवेशन में गूंजा एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे

बलिया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के शनिवार को गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में आयोजित द्विवार्षिक अधिवेशन में %बंटेंगे तो कटेंगे और %एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे का नारा बार-बार गूंजा। अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि हमने एकजुट रहकर कई मांगों को मनवाया है। हम एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने पुराने आंदोलनों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बहुत बड़ा संगठन है। इसमें करीब सौ से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों के संगठन हैं। कहा कि कर्मचारियों को राजनीतिक हलचल से दूर रहने चाहिए। हमें ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए सिर्फ हक के लिए लड़ना होगा। कहा कि कर्मचारियों को अपनी लड़ाई से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। बातचीत के टेबल पर सरकार जो दे रही है उसे ले कर आगे लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन के लिए लगातार लड़ते रहेंगे। पेंशन के लिए हम काफी हद तक आगे बढ़े भी हैं। सरकार से बातचीत चल रही है। आगे हमारी जीत होगी। संगठनों का आह्वान किया कि सबकी मांगों को लेकर बड़ी लड़ाई छेड़ी जाएगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि अपर महामंत्री नरेश कुमार ने कैशलेस चिकित्सा का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने अपने गठन के काल से ही सभी संगठनों को एकजुट करने में सफलता हासिल की है। आगे भी एकजुट रह कर हम सभी लड़ाइयां जीतेंगे। उन्होंने कर्मचारियों से अपने हक में आंदोलन के लिए हर समय तैयार रहने की अपील की। वरना सरकार कर्मचारियों का नुकसान करने के लिए तैयार बैठी है।

# किया सिरॉस का हुआ वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। किया इंडिया ने बहुप्रतीक्षित किया सिरॉस को लॉन्च कर दिया है, जो डिजाइन, टेक्नोलॉजी और स्पेस के मामले में नए मानक स्थापित करने वाली एक क्रांतिकारी




एसयूवी है। रेइन्फोर्स्ड K1 प्लेटफॉर्म पर निर्मित, सिरॉस को शहरी ड्राइवरों और तकनीक-प्रेमी एडवेंचर पसंद लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें अत्याधुनिक प्रगति के साथ वर्सेटिलिटी का संयोजन मिलेगा। यह मॉडल सेगमेंट में पहली बार रियर स्लाइडिंग, रिक्लाइनिंग और हवादार सीटों के साथ-साथ कई अन्य बेजोड़ फीचर्स को पेश करता है। इसमें डुअल-पेन पैनोरमिक सनरूफ और 16-ऑटोनॉमस सेफ्टी फीचर्स के साथ लेवल 2 ADAS और 20 रोबस्ट हाई स्टैंडर्ड सेफ्टी पैकेज दिया गया है।

**डिज़ाइन- बोल्ड सॉफिस्टिकेशन और फंक्शनल इनोवेशन का संगम**

सिरॉस का बाहरी हिस्सा किया के ऑपोजिट यूनाइटेड फिलॉसफी का प्रतीक है, जिसमें बोल्ड खूबसूरती का संयोजन कार की फंक्शनल वर्सेटिलिटी से किया जाता है। इसका आकर्षक डिज़ाइन ध्यान आकर्षित करता है, जिसे किया की सिग्नेचर स्टारमैप एलईडी लाइटिंग द्वारा हाइलाइट किया गया है, यह एक दूरदर्शी और सॉफिस्टिकेटेड लुक प्रदान करता है। विशिष्ट किया सिग्नेचर डिजिटल टाइगर फेस इसकी कमांडिंग रोड मौजूदगी को और बढ़ाता है, जबकि आर 17 (43.66 सेमी) क्रिस्टल कट एलॉय के पहिये, स्ट्रीमलाइन डोर हैंडल, किया लोगो प्रोजेक्शन के साथ पडल लैंप और मसकुलर कंटूर्स इस एसयूवी के गतिशील और बेजोड़ आकर्षण को नई ऊंचाई पर ले जाते हैं।

**इंटीरियर- कम्फर्ट और वर्सेटिलिटी का नया अंदाज**

2,550 एमएम व्हीलबेस के साथ, सिरॉस केबिन सेगमेंट में पहली स्लाइडिंग और रिक्लाइनिंग, 60:40 स्प्लिट रियर सीटों के साथ एक बेहतरीन इंटीरियर अनुभव प्रदान करता है। इससे गाड़ी में ज्यादा बूट स्पेस मिलता है। फ्रंट एवं रियर वेंटिलेटेड सीटें कम्फर्ट एवं वर्सेटिलिटी को नए अंदाज में पेश करती हैं। केबिन को 76.2 सेमी (30) ट्रिनिटी पैनोरमिक डिस्प्ले पैनल - कनेक्टेड कार नेविगेशन कॉकपिट, डुअल-पैन पैनोरमिक सनरूफ, स्पोर्टी अलॉय पैडल और 64 कलर एम्बिएंट मूड लाइटिंग, डबल डी-कट स्टीयरिंग व्हील, 4-वे पावर्ड ड्राइवर सीट के साथ और बेहतर बनाया गया है और ये फीचर्स आधुनिक लग्जरी का अहसास कराते हैं।

# प्रेस्टीज ने अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट्स से होम कुकिंग में बदलाव लाने के 75 साल पूरे किये

नई दिल्ली। किचन अप्लायंस बनाने वाली प्रमुख कंपनी प्रेस्टीज ने अपने मशहूर ब्रांड के 75 साल पूरे कर लिए हैं। प्रेस्टीज के प्रोडक्ट्स ने देशभर में होममेकर्स के खाना पकाने का तरीका बदल दिया है। इससे प्रेस्टीज हर घर का पसंदीदा नाम बन गया है और उसने खुद को इस उद्योग में लीडर के रूप में स्थापित किया है। प्रेस्टीज की शुरुआत बेहद साधारण थी, लेकिन आज यह प्रेशर कुकर, गैस स्टोव, इंडक्शन कुकटॉप, राइस कुकर और नाश्ते के उपकरण जैसी कई श्रेणियों में बाजार की अग्रणी कंपनी बन चुकी है। कुकवेयर में यह ब्रांड कैसरोल, डोसा तवा, रोटी तवा, ग्रिल पैन, सॉसपैन, कढ़ाई, फ्राई पैन और इडली कुकर जैसे उत्पादों की पेशकश करता है।

उपभोक्ताओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए, प्रेस्टीज ने किचन के जरूरी उपकरणों की एक शानदार रेंज तैयार की है। यह ब्रांड मिक्सर ग्राइंडर, कुकर की ट्राई-प्लाय रेंज और कुकवेयर में भी अग्रणी है। प्रेस्टीज का यह सफर नवाचार और गुणवत्ता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रेस्टीज की एक खासियत यह भी है कि यह दुनिया की एकमात्र कंपनी है, जो पूरी तरह ऑटोमैटिक फैक्ट्रियों में प्रेशर कुकर का उत्पादन करती है।

टीटीके प्रेस्टीज ने विभिन्न कैटेगरीज में उत्कृष्टता और नवाचार का प्रदर्शन कर कई सारे प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। इसे मिले सम्मानों में सबसे महत्वपूर्ण है सुपरब्रैंड्स इंडिया मीडिया प्राइवेट लिमिटेड का लगातार 18 वर्षों तक सुपरब्रैंड 2024 पुरस्कार। कंपनी को टीआरए ब्रैंड ट्रस्ट रिपोर्ट का इंडिया'ज़ मोस्ट ट्रस्टेड प्रेशर कुकर ब्रैंड अवार्ड- 2024 और इंडिया'ज़ मोस्ट डिज़ायर्ड प्रेशर कुकर ब्रैंड अवार्ड- 2024 भी मिल चुका है। अन्य उल्लेखनीय पुरस्कारों में शामिल हैं कम्युनिकॉन अवार्ड 2024 में बेस्ट यूज़ ऑफ पीआर फॉर क्राइसिस मैनेजमेंट (डिजाइन इफ्रिन्जमेंट) और ई4एम मार्केटिंग अवार्ड्स साउथ में पाइ प्रोडक्ट लॉन्च-कंज्यूमर ड्यूरेबल्स फॉर द इंडक्शन कुकटॉप विथ व्हिसल काउंटर कैम्पेन। इन उपलब्धियों के अलावा टीटीके प्रेस्टीज को एवरग्रीन ब्रैंड कैटेगरी में टॉप 50 ब्रैंड्स अवार्ड का सम्मान भी मिला है।

प्रेशर कुकर उद्योग में विकास का नेतृत्व करते हुए, प्रेस्टीज ने कई अभिनव समाधानों की पहल की है, जिन्होंने उपभोक्ता की तकलीफों को दूर किया है और कुकिंग करने के अनुभव को बदला है। इसकी शुरुआत 1959 में आउटर लिड प्रेशर कुकर्स से हुई थी और 1974 में इस ब्रैंड ने वैश्विक विस्तार किया और अधिक सुरक्षा के लिये 1982 में नया गास्केट रिलीज सिस्टम पेश किया। 1993 में प्रेस्टीज ने अपने स्टेनलेस स्टील प्रेशर कुकर्स से टिकाऊपन के नये मानक दिये और उसी साल हेवी तथा सुविधा के लिये नॉन-स्टिक कुकवेयर लॉन्च किया।

वर्ष 2002 में, प्रेस्टीज ने अपने दमदार मिक्सर ग्राइंडर्स पेश किये थे, जो रसोईघर की विभिन्न आवश्यकताएं पूरी करते हैं। 2005 तक इनर लिड हांडी प्रेशर कुकर्स ने कुकिंग के अनुभव को और भी बेहतर बना दिया। 2007 में प्रेस्टीज रसोईघर के लिये सारे समाधान देने वाला ब्रैंड बनकर उभरा और 2009 में उसने अनूठे इंडक्शन कुकटॉप लॉन्च किये, जो खासतौर से भारतीय कुकिंग के लिये डिजाइन किये गये थे। 2019 में आई स्वच्छ रेंज ने आधुनिक टेक्नोलॉजी तथा आकर्षक डिजाइन के साथ सुरक्षा एवं हाईजीन को और बेहतर बनाया।




वर्ष 2017 में जब बाय प्रेस्टीज किफायती उत्पाद चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिये प्रतिस्पर्द्धी मूल्यों पर रसोईघर के लिये गुणवत्तापूर्ण समाधान लेकर आया। प्रेस्टीज रसोईघर की आधुनिक टेक्नोलॉजी में भी सबसे आगे रहा है, जैसे कि साफ-सुथरे इस्तेमाल के लिये डिजाइन किये गये गैस स्टोव्स की स्वच्छ रेंज और ज्यादा सटीकता के लिये इंडक्शन कुकटॉप विथ कुकर व्हिसल-काउंटिंग कैपेबिलिटीज। चिमनियों में सेफ सेंस टेक्नोलॉजी ने सुरक्षा एवं क्षमता को और भी महत्व दिया और सुनिश्चित किया कि यूजर को इंटेलिजेंट हीट सेंसिंग तथा ऑटोमेटिक शटडाउन फीचर्स का फायदा मिले। 2023 में प्रेस्टीज ने ट्राई-प्लाय स्वच्छ फ्लिप-ऑन प्रेशर कुकर लॉन्च किया, जिसमें डीप, स्पिलेज-कंट्रोल लिड था। यह परेशानी से रहित कुकिंग और आसानी से सफाई को सुनिश्चित करता है। हाल ही में लॉन्च हुआ एफिशिया गैस स्टोव अपनी नई 75त्न थर्मल क्षमता के साथ बिजली बचाने और संवहनीयता के नये मानक तय करता है। परफॉर्मेंस के मामले में यह पारंपरिक स्टोव्स से आगे है। ब्रैंड के नवाचार लगातार उपभोक्ताओं की विभिन्न आवश्यकताएं पूरी कर रहे हैं और दुनियाभर के रसोईघरों को इस्तेमाल में आसान समाधान प्रदान कर रहे हैं।

अपनी 5 अत्याधुनिक फैक्ट्रियों, 60000 से ज्यादा रिटेल आउटलेट्स में उपस्थिति और अब मजबूत ऑनलाइन मौजूदगी के साथ प्रेस्टीज देशभर में उपभोक्ताओं तक पहुँच रहा है।

उसकी विशेष ऑफलाइन उपस्थिति में 28 राज्यों के 305 से ज्यादा शहरों में कंपनी के स्वामित्व वाले 700+ प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव स्टोर्स शामिल हैं।

## मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड ने कानपुर में एक उन्नत डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी शुरू किया



**कानपुर।** अमीरा शाह के नेतृत्व वाली मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर, भारत की दूसरी सबसे बड़ी और सबसे प्रतिष्ठित पैथोलॉजी प्रयोगशाला चेन, ने कानपुर, उत्तर प्रदेश (यूपी) में अपनी एडवांस डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी शुरू करने की घोषणा की है। यह राज्य की नौवीं प्रसंस्करण लैब है, जो स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और तकनीकी क्षमताओं को और बढ़ाती है। लगभग 1200 वर्गफुट में फैली यह लैब रोज 300 सेंपल को प्रोसेस करने में सक्षम है और बुनियादी पैथोलॉजी से लेकर एडवांस मॉलिक्यूलर डायग्नोरस्टिक्सै तक कई तरह के परीक्षण प्रदान करती है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (पश्चिम और उत्तर भारत) श्री भूपेंद्र सिंह राजावत ने कहा कानपुर में इस डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ टियर 2 और टियर 3 शहरों को हाई क्वालिटी डायग्नोस्टिक्स की सेवा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को साबित करता है। यह सुविधा उन्नत तकनीक और कुशल पेशेवरों के समर्थन से तेज़, सही डायग्नोस्टिक्स प्रदान करके स्थानीय स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। हम स्थानीय अस्पतालों, विशेषज्ञों, सामान्य चिकित्सकों और सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं, ताकि मरीजों को उनकी स्वास्थ्य सेवा यात्रा में सहायता मिल सके।

# किसान दिवस 2024: बदलाव की कहानियों से प्रेरित होती नई पीढ़ी

किसान दिवस हर साल उन किसानों को समर्पित है, जो अपने परिश्रम से हमारे लिए अन्?न उपजाते हैं और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देते हैं। किसानों की भूमिका केवल भोजन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है; वे हमारे गांवों और सामुदायिक जीवन को भी सशक्त बनाते हैं।यहाँ पांच ऐसे किसानों की कहानियाँ हैं, जिन्होंने परंपरागत खेती से आगे बढ़कर आधुनिक तकनीकों और नए तरीकों को अपनाया। इन बदलावों ने न सिर्फ उनकी जिंदगी बदली, बल्कि उन्हें सफल उद्यमी भी बना दिया। इनकी मेहनत और नवाचार ने यह साबित कर दिया कि अगर किसानों को सही जानकारी, साधन और सहयोग मिल जाए तो वे अद्भुत बदलाव ला सकते हैं।

इन किसानों कोआनंदनाकी पहल प्रोजेक्ट उन्नति से मार्गदर्शन और मदद मिली। इस प्रोजेक्ट ने उन्हें खेती की नई तकनीकों और उपकरणों से लैस किया, जिससे उनकी उत्पादकता बढ़ी और वे अधिक संवहनीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान दे सके। इन कहानियों से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने में किसानों का सहयोग और सशक्तिकरण कितना महत्वपूर्ण है।

यहाँ उन पाँच असाधारण यात्राओं के बारे में बताया जा रहा है, जो ऐसे प्रयासों की स्?थायी शक्ति दिखाती हैं-

1. **बंजर जमीन से हरे-भरे बाग तक** चेन्ना रेड्डी की कहानी ~

चेन्ना रेड्डी, जो कभी बेंगलुरु में प्लम्बर का काम करते थे, ने अपनी किस्मत बदलने का साहसिक कदम उठाया। वे आंध्र प्रदेश के जंगलापल्ली गांव लौटे, जहाँ उनकी पैतृक भूमि पानी की कमी के कारण बंजर पड़ी थी।आनंदना - द कोका-कोला फाउंडेशनकेप्रोजेक्ट उन्नति मैंगोके जरिए उन्होंनेअल्ट्रा हाई-डेंसिटी प्लांटिंग (यूएचडीपी)औरड्रिप इरिगेशनजैसी आधुनिक तकनीकें सीखीं।

इन तकनीकों ने उनकी जमीन को फिर से उपजाऊ बनाया। आमों की फसल की पैदावार और गुणवत्ता में वृद्धि हुई और उर्वरकों व कीटनाशकों की खपत कम हो गई। आज उनकी बंजर भूमि आमों के लहलहाते बाग में बदल चुकी है। उन्होंने न केवल अपनी किस्मत बदली, बल्कि दिखाया कि सही तकनीक और धैर्य के साथ कोई भी किसान अपनी ज़मीन को उपजाऊ बना सकता है।

2. **कॉफी से इको-टूरिज्म तक** तुलाबाती बडनायक की प्रेरक यात्रा

ओडिशा के जनजातीय गांव कोरापुट में रहने वाली तुलाबाती बडनायक ने अपनी सूझ-बूझ और मेहनत से न केवल अपनी जिंदगी बदली, बल्कि अपने समुदाय के लिए भी मिसाल बनीं। पहले कॉफी की खेती से उनके परिवार का गुजारा मुश्किल से हो पाता था। लेकिनप्रोजेक्ट उन्नतिसे मिली मदद ने उनकी किस्मत बदल दी।

संवहनीय खेती के तहत उन्होंने बेहतर गुणवत्ता वाली कॉफी के लिएफसल चुनने और धूप में सुखानेजैसे नए तरीके अपनाए। उनकी कॉफी को बाजार में ऊंचे दाम मिलने लगे। इसके साथ ही, उन्होंने अपने गांव की प्राकृतिक सुंदरता को इको-टूरिज्म में बदल दिया। आज तुलाबाती न केवल अपनी आय बढ़ा रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी सशक्त बना रही हैं, उन्हें अपनी सफलता का हिस्सा बना रही हैं। उनकी कहानी दृढ़ता और नवाचार का एक चमकदार उदाहरण है।

3. **जे.सी. पुनेथा** बागबानी के जरिए नई शुरुआत

जे.सी. पुनेथा, जो पहले एक टेक्सटाइल इंजीनियर थे, ने 70 साल की उम्र में अहमदाबाद का अपना सफल करियर छोड़कर उत्तराखंड के चंपावत में सेब की खेती शुरू की। यह फैसला सिर्फ पेशा बदलने का नहीं था, बल्कि प्रकृति से फिर से जुड़ने और अपनी जमीन को उपजाऊ बनाने का एक प्रयास था।प्रोजेक्ट उन्नति ऐपलके सहयोग से उन्होंने सेब के पौधे लगाए और ड्रिप इरिगेशन सिस्टम का इस्तेमाल किया।

## भारतीय निवेशकों का पोर्टफोलियो में 51.5 प्रतिशत बिटकॉइन और अल्टकॉइन, दीर्घकालिक रणनीतियों की ओर झुकाव बढ़ा



**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज, कॉइनडीसीएक्सने भारतीय क्रिप्टो बाजारों के बारे में अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय क्रिप्टो निवेशक तेजी से परिपक्व हो रहे हैं और अपनी परिसंपत्ति आवंटन रणनीतियों में अधिक समझदारी दिखा रहे हैं। इस रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से क्रिप्टो में निवेश करने वालों की संख्या बढ़ रही है। महिला निवेशकों की भागीदारी में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिससे क्रिप्टो निवेश के क्षेत्र में विविधता आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, आधे से अधिक निवेशकों ने अपने पोर्टफोलियो में बिटकॉइन और अल्टकॉइन शामिल किए हैं। यह दर्शाता है कि डिजिटल असेट्स के महत्व और दीर्घकालिक लाभ को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। वार्षिक रिपोर्ट 2024 की मुख्य विशेषताएं की बात करें तो 51.5 प्रतिशत निवेशकोंने अपने पोर्टफोलियो में बिटकॉइन और अल्टकॉइन शामिल किए, जो दीर्घकालिक निवेश रणनीति की ओर इशारा करता है। इसके साथ ही अल्टकॉइनको 34.5 प्रतिशत आवंटन मिला, जिसमें डेफी, लेयर 2 समाधान और विकेन्द्रीकृत ऐप्स जैसी परियोजनाओं में बढ़ता विश्वास दिखता है। वहीं एसआईपी अपनाने में 253.33 प्रतिशत की वृद्धि,अर्न ऑर्डर्स में 392.73 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है जो 50 प्रतिशत से अधिक निवेशक और व्यापारी मुनाफे में हैं, जो बाजार के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है। कॉइनडीसीएक्स के को-फाउंडर सुमित गुप्ता ने कहा, इस साल का अंत हमें एक स्पष्ट संदेश देता है निवेशकों और क्रिप्टो इंडस्ट्री की परिपक्वता। इस साल के आंकड़े न केवल क्रिप्टो बाजार की मजबूती को दिखाते हैं, बल्कि यह भी साबित करते हैं कि निवेशक अब लंबे समय के लक्ष्यों के लिए सोच-समझकर संतुलित पोर्टफोलियो बना रहे हैं।

# सच्चे एआई साथी की ओर से पहला कदम

**गुरुग्राम।** कल्पना कीजिए कि, आपका तनाव कम हो और आपके पास अपने काम के लिए ज़्यादा समय हो। और उससे भी बेहतर, अगर आपको अपनी ज़रूरत की मदद मांगने से पहले ही मिल जाए। यह सब अब सिर्फ कल्पना नहीं है। मोबाइल एआई की दुनिया में, यह सच हो सकता है, और सैमसंग गैलेक्सी इसे संभव बना रहा है।

कुछ हफ्ते पहले, सैमसंग नेवन I 7 बीटा प्रोग्राम लॉन्च किया था, जो एआई-इंटीग्रेटेड ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ एक नए युग की शुरुआत करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म यूजर्स को पहले से कहीं ज़्यादा पर्सनलाइज्ड अनुभव देता है, जिससे उनका मोबाइल इस्तेमाल और भी आसान और सुविधाजनक हो जाता है। गैलेक्सी का एआई के प्रति दृष्टिकोण हमेशा से एक बात पर केंद्रित रहा है–आपकीप्राइवेसी। चाहे यह पहले एआई फ़ोन का लॉन्च हो या ऑन-डिवाइस एआई के लिए किया गया नया इनोवेशन, सैमसंग ने यह सुनिश्चित किया है कि आपकी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहे।अब आपका फोन आपकी ज़िंदगी के हर पहलू को बेहतर बनाने के लिए तैयार है। यह आपकी आदतों और ज़रूरतों को समझता है, आपकी दिनचर्या के हिसाब से ढलता है, और आपका हर काम आसान बनाता है। सबसे अच्छी बात यह है कि यह सब आपकी प्राइवेसी के साथ किसी भी तरह का समझौता किए बिना किया जाता है।

सैमसंग गैलेक्सी एस सीरीज़ के आने वाले स्मार्टफोन का इंतजार अब और खास हो गया है। हम न सिर्फ गैलेक्सी यूजर्स को और ज्यादा पर्सनलाइजेशन दे रहे हैं, बल्कि उनकी प्राइवेसी और मानसिक सुकून का भी पूरा ध्यान रख रहे हैं। इसी सोच के साथ हमने पर्सनल डेटा इंजन तैयार किया है, जो आपके डेटा को सुरक्षित रखने का एक पावरफुल और एडवांस तरीका है।

यह इंजन आपके पर्सनल डेटा को ऑन-डिवाइस सुरक्षित रखता है और विभिन्न ऐप्स के बीच डेटा को सुरक्षित शेयर करता है। इसका सारा डेटानॉक्स वॉल्टकी मदद से एन्क्रिप्टेड और सुरक्षित रखा जाता है। नॉक्स वॉल्ट वही प्लेटफॉर्म है जो आपके फोन में बायोमेट्रिक जैसी सबसे संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा करता है।सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए, हमने पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी को भी शामिल किया है। यह आपके डेटा को भविष्य में क्वांटम कंप्यूटिंग से होने वाले खतरों से बचाने के लिए तैयार है।

आपकी प्राइवेसी को मजबूत करते हुए, सैमसंग गैलेक्सी अब आपके जीवन के हर पहलू को सहज और स्मार्ट बनाने के लिए नए दरवाजे खोल रहा है।

वन UI 7 का मुख्य आकर्षण नाउ बार है, जो आपके रोजमर्रा के कामों और सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले ऐप्स को आपकी लॉक स्क्रीन के साथ इंटीग्रेट करता है। यह एक पर्सनलाइज्ड हब की तरह काम करता है, जहां आप अपने मनोरंजन को नियंत्रित कर सकते हैं, अपने वर्कआउट का शेड्यूल बना सकते हैं, अपनी मीटिंग्स के लिए दिशानिर्देश पा सकते हैं या दूसरी भाषाओं में संवाद कर सकते हैं।

# टाटा मोटर्स ने बेंगलुरु में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा दिया

**बेंगलुरू।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स को बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (बीएमटीसी) से 148 इलेक्ट्रिक बसों के लिये एक अतिरिक्त ऑर्डर मिला है। टाटा मोटर्स के पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी टीएमएल स्मार्ट सिटी मोबिलिटी सॉल्यूशंस लि. 12 वर्षों की अवधि के लिये टाटा स्टारबस ईवी 12-मीटर लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति, परिचालन एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी निभाएगी। इससे पहले कंपनी को 921 इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर मिला था, जिनमें से ज्यादातर की डिलीवरी हो चुकी है और बीएमटीसी द्वारा 95त्न से अधिक अपटाइम के साथ इन्हें सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है।

टाटा स्टारबस ईवी बेहतरीन डिजाइन और आधुनिक सुविधाओं के साथ एक टिकाऊ और आरामदायक यात्रा प्रदान करती है। शून्य-उत्सर्जन वाली ये इलेक्ट्रिक बसें नई पीढ़ी के आर्किटेक्चर पर आधारित हैं। इनकी उन्नत बैटरी प्रणाली बेंगलुरु में सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक शहरी यात्रा को सुनिश्चित करती है। बीएमटीसी के एमडी, आईएएस रामाचंद्रन आर. ने कहा, ''इन 148 इलेक्ट्रिक बसों के लिये टाटा मोटर्स के साथ अपनी भागीदारी को और मजबूत करते हुए हम काफी खुश हैं। ये बसें हमारे फ्लीट को आधुनिक बनाएंगी और इनका प्रदर्शन बेजोड़ रहा है। टाटा की इलेक्ट्रिक बसें एक स्थायी और बेहतरीन सार्वजनिक परिवहन के लिये हमारी प्रतिबद्धता से मेल खाती हैं। हमारे पास ज्यादा ई-बसें होने से हमारी क्षमता काफी बढ़ जाएगी और हम बेंगलुरु के नागरिकों को पर्यावरण के अनुकूल, आरामदायक तथा भरोसेमंद सेवाएं प्रदान कर सकेंगे।''

टीएमएल स्मार्ट सिटी मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड के सीईओ एवं एमडी श्री असीम कुमार मुखोपाध्याय ने कहा, ''हमारे ई-यातायात समाधानों पर बीएमटीसी ने लगातार जो भरोसा रखा है, उससे हम सम्मानित हुए हैं।

## महाकुंभ के दौरान 45 करोड़ लोगों की सेवा के लिए बसें और ट्रेनें तैयार: रेडबस

**लखनऊ।** दुनिया का सबसे बड़ा बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म रेडबस, सबसे बड़े धार्मिक और यात्रा आयोजन, महाकुंभ को सुगम बनाने के लिए तैयार है, जो 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित होने जा रहा है। रेडबस का अनुमान है कि सामान्य दिनों की तुलना में उत्तर प्रदेश और प्रयागराज जाने वाली बसों और सीटों में लगभग 180% वृद्धि होगी, और इसके लिए निजी और सरकारी बस सेवाओं द्वारा इस बढ़ी हुई भीड़ को संभालने की तैयारी की जा रही है। इस बढ़ी हुई भीड़ को संभालने के लिए, रेडबस राज्य परिवहन निगमों (आरटीसी) और निजी ऑपरेटरों के साथ मिलकर प्रति दिन करीब 700 सेवाएं प्रदान करेगा। रेडबस हर दिन प्लेटफ़ॉर्म पर 30,000 से अधिक सीटों की उपलब्धता की उम्मीद कर रहा है। इसके अलावा, रेडबस को महाकुंभ में कुल यात्रियों में से लगभग 33त्न महिलाओं की उपस्थिति का भी अनुमान है और वह महिलाओं के लिए यात्रा को आरामदायक और सहज बनाने तरीकों पर विचार कर




रहा है। मनोज अग्रवाल, सीबीओ, रेडबस ने कहा कि, महाकुंभ एक जीवन भर का अनुभव है और इसका हिस्सा बनना हमारे लिए एक जिम्मेदारी है जिसे हम गंभीरता से लेते हैं। हमारा ध्यान यात्रा को सरल और सुलभ बनाने पर है, ताकि लोग बिना लॉजिस्टिक समस्याओं के अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर सकें। कुंभ के लिए रेडबस की इन्वेंट्री एसी, नॉन एसी और सीटर और स्लीपर विकल्पों सहित विभिन्न प्रकार की बसों में उपलब्ध होगी, ताकि सभी वर्गों के उपयोगकर्ताओं की ज़रूरतों को पूरा किया जा सके। रेडरेल के साथ, जो रेडबस का रेल टिकटिंग प्लेटफ़ॉर्म है, यह ऑनलाइन टिकटिंग सेवा जनवरी और फरवरी के महीने में भारत भर से यात्रा करने वाले 45 करोड़ लोगों की सेवा करेगी। सबसे अधिक यात्री यातायात दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड से होने की उम्मीद है, इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य से भी यात्री आएंगे। उत्तर प्रदेश राज्य के अलावा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड से बस और रेल द्वारा सबसे अधिक यात्री यातायात की उम्मीद है।

## डिज़्नी+ हॉटस्टार पर 25 दिसंबर से हिन्दी में देखिये 'बघीरा', जो केजीएफ और सालार के निर्माताओं की एक और शानदार पेशकश




**मुंबई।** केजीएफ, कांतारा और सालार जैसी जबर्दस्त फिल्में लाने के बाद होमबेल फिल्म्स ने बघीरा के साथ उत्कृष्टता में अपनी विरासत को जारी रखा है। यह फिल्म दिवाली के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और 2024 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म बनी। यह थ्रिलर मूवी अब दुनियाभर के दर्शकों तक पहुँचने के लिये तैयार है, क्योंकि 25 दिसंबर, 2024 को डिज़्नी+ हॉटस्टार पर इसका वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर होने जा रहा है, जिसकी स्ट्रीमिंग हिन्दी में होगी। बघीरा का निर्देशन डॉ. सूरी और लेखन प्रशांत नील ने किया है। यह एक गोल्ड मेडलिस्ट आईपीएस ऑफिसर वेदांत (श्रीमुरली) की कहानी है, जो न्याय व्यवस्था की सीमाओं से दुखी होकर खुद ही गलत काम करने वालों को सजा देने का फैसला कर लेता है। बघीरा का मास्क पहनकर वेदांत एक ताकतवर खलनायक (गुरुदा राम) और एक निर्दयी सीबीआई ऑफिसर (प्रकाश राज) के खिलाफ इंसाफ की लड़ाई लड़ता है। बघीरा में धमाकेदार एक्शन, भावनाओं की गहराई और शानदार कलाकार हैं। रुक्मणी वसंत, रंगयाना रघु और अच्युत कुमार के साथ यह फिल्म दमदार सिनेमा के लिये होमबेल फिल्म्स की प्रतिबद्धता दिखाती है। होमबेल फिल्म्स के प्रोड्यूसर विजय किरागंडूर ने कहा, ''केजीएफ से लेकर बघीरा तक होमबेल फिल्म्स का लक्ष्य हमेशा से दुनिया को पसंद आने वाली कहानियाँ लाने का रहा है। इन कहानियों की इंटेंसिटी गजब की होती है। हम बहुत खुश हैं कि बघीरा ना सिर्फ साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म बनी बल्कि अब डिज़्नी+ हॉटस्टार के जरिये यह हिन्दी में ज्यादा दर्शकों तक पहुँचेगी।

# टाटा एआईए ने लॉन्च किया मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स फंड, जो उपभोक्ताओं के लिए पेश करता है जीवन बीमा और धन सृजन का अनूठा संयोजन

भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स फंड पेश किया है। यह नया फंड ऑफर निफ्टी 500 मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स के अनुरूप स्टॉक के पोर्टफोलियो में निवेश कर दीर्घकालिक स्तर पर पूंजी वृद्धि दर्ज करने के लिए तैयार किया गया है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) विंडो 24 दिसंबर 2024 को खुलेगा और 31 दिसंबर 2024 को बंद होगा। गति और गुणवत्ता पर ज़ोर देने वाले व्यवस्थित, फैक्टर-आधारित दृष्टिकोण के ज़रिये, यह फंड लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप खंड के शेयरों में निवेश करेगा।

मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स फंड में उपभोक्ताओं को क्यों निवेश करना चाहिए-

यह मार्केट कैप खंड में निवेश करता है, लार्ज-कैप की स्थिरता और मिड और स्मॉल-कैप स्टॉक की उच्च विकास क्षमता से लाभान्वित होता है। पोर्टफोलियो की मौलिक मजबूती सुनिश्चित करते हुए रिटर्न को अनुकूलित करने के लिए गति-संचालित, गुणवत्ता वाले शेयरों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह इक्विटी और इक्विटी से जुड़े टूल में 80%-100% और नकद और मनी मार्केट टूल में 0%-20% निवेश करता है, जिससे वृद्धि और तरलता के बीच एक प्रभावी संतुलन सुनिश्चित होता है।

# एएससीआई एकेडमी ने शुरू किया एडवर्टाइजर्स और क्रिएटर्स के लिए हिंदी प्रमुख कोर्सेस

एएससीआई एकेडमी ने ई-लर्निंग के लिए अपने दो प्रमुख कोर्सेस के हिंदी संस्करण शुरू कर दिए हैं। यह कदम विज्ञापन क्षेत्र में प्रशिक्षण को ज्यादा सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। ये दो कोर्सेस हैं द एएससीआई गाइड टू रिस्पॉन्सिबल एडवर्टाइजिंग और द रिस्पॉन्सिबल इंफ्लूएंसिंग प्लेबुक। एएससीआई एकेडमी, एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया की एक प्रशिक्षण और वैचारिकरूप से नेतृत्व करने वाली इकाई है। इस कोर्स में असल जिंदगी के उदाहरण और प्रैक्टिकल लर्निंग पर खास ध्यान दिया गया है। इसका मकसद पेशेवरों को गलतियों से बचने और अपने ब्रांड की प्रतिष्ठा को सुरक्षित रखने की क्षमता देना है, ताकि उनके विज्ञापन भरोसेमंद और प्रभावशाली बन सकें। एएससीआई की सीईओ और सेक्रेटरी जनरल मनीषा कपूर ने कहा कि आज के समय में विज्ञापनों और एंडोर्समेंट्स को बहुत बारीकी से देखा जा रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा करना बेहद जरूरी हो जाता है। अक्सर कई नियमों का उल्लंघन जान-बूझकर नहीं किया जाता, बल्कि यह जागरूकता की कमी की वजह से होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए ये कोर्सेस पेश किए गए हैं। इन कोर्सेस को पूरा करने वाले लोग नियमों का पालन करते हुए अपने दर्शकों से बेहतर तरीके से जुड़ पाएंगे और भरोसेमंद ब्रांड बना सकेंगे। हिंदी भाषा में ये कोर्सेस उन प्रोफेशनल्स और इंफ्लूएंसर्स के लिए एक सकारात्मक कदम हैं, जो हिंदी में पढ़ना पसंद करते हैं। ये कोर्सेस सबसे पहले अप्रैल 2024 में अंग्रेजी भाषा में लॉन्च किए गए थे। इन्हें खासतौर पर एडवर्टाइजर्स, मार्केटर्स, इंफ्लूएंसर्स और अन्य प्रोफेशनल्स के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे विज्ञापन से जुड़े नियमों का पालन करते हुए भरोसेमंद ब्रांड बना सकें। आज के समय में विज्ञापनों और इंफ्लूएंसर कंटेंट का एक बड़ा हिस्सा हिंदी में तैयार किया जा रहा है या हिंदीभाषी दर्शकों के लिए बनाया जा रहा है।

## सुनील शेट्टी ने यू.एस. पोलो एसोसिएशन के दमदार ऑटम विंटर 24 कलेक्शन का किया अनावरण

यू.एस. पोलो एसोसिएशन इंडिया ने गर्व के साथ अपने बहुप्रतीक्षित ऑटम विंटर 24 कलेक्शन का अनावरण किया है, जिसमें प्रसिद्ध अभिनेता सुनील शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह विशेष अभियान uspoloassn.in के लिए तैयार किया गया है, जो समय से परे स्टाइल और आधुनिकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है।इस विशेष अभियान में सुनील शेट्टी ने मुख्य भूमिका निभाई है, जहां उन्होंने शीतकालीन फैशन को एक नई परिभाषा दी है। यह कलेक्शन आकर्षक, बहुमुखी और बोल्ड व्यक्तित्व का अद्वितीय मेल हैइस कैंपेन फिल्म में सुनील शेट्टी ने ब्रांड के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को साझा किया और दर्शकों को इस कलेक्शन को देखने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा, मैं पिछले कुछ वर्षों से यू.एस. पोलो एसोसिएशन पहन रहा हूं और यह ब्रांड मुझे बहुत पसंद है। इस छुट्टी के मौसम में मैं आप सभी को यू.एस.



पोलो एसोसिएशन में देखना चाहूंगा। ऑटम विंटर 24 कलेक्शन आधुनिक पुरुषत्व को समर्पित है, जिसमें ऐसे अनोखे परिधान हैं जो स्टाइल और व्यावहारिकता का मेल प्रस्तुत करते हैं।

इस कलेक्शन की विशेषताएं जैसे फॉक्स सूडे जैकेट, आरामदायक हाई-नेक स्वेटर्स, और बेहतरीन तरीके से डिजाइन की गई ट्राउज़र्स कलेक्शन की पहचान को दर्शाते हैं। यह कलेक्शन आराम और आकर्षकता को सहजता से जोड़ते हुए धरती से प्रेरित रंगों जैसे गहरे हरे, भूरे और न्यूट्रल शेड्स में उपलब्ध है, जो एक बहुमुखी और परिष्कृत लुक प्रदान करते हैं।

# हाटा मस्जिद विवाद : सरकारी जमीन के कुछ हिस्सों पर मस्जिद निर्माण का दावा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हाटा नगर के मदनी मस्जिद की जमीन और उसके निर्माण को लेकर चल रही जांच में राजस्व विभाग की रिपोर्ट रविवार को सौंप दी। इसमें राजस्व विभाग ने मस्जिद के कुछ हिस्से का निर्माण सरकारी जमीन पर होने का दावा किया गया है।



वहीं कुछ हिस्से पर टिनशेड का निर्माण अवैध तरीके से होने का भी जिक्र है।

बीते बुधवार को पैमाईश और जांच के दौरान मस्जिद पक्ष ने टिनशेड खुद हटा लिया था। अभी मस्जिद के नक्शे से जुड़ी जांच अभी जारी है। नगर पालिका की ओर से नक्शा निरस्त करने की बात कही जा रही है। जबकि, मस्जिद पक्ष का दावा है कि न्यायालय ने उस नक्शे को बहाल कर दिया था। हालांकि, इन दोनों बिंदुओं पर अभी प्रशासन की चुप्पी नहीं टूट रही है। हाटा के मदनी के निर्माण में सरकारी जमीन का इस्तेमाल करने और बगैर नक्शा पास कराए तीन मंजिला मस्जिद का निर्माण कराने की शिकायत हाटा नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 निवासी रामवचन सिंह ने सीएम योगी से की थी। इसके बाद बीते बुधवार को प्रशासन ने राजस्व विभाग और पुलिस की मौजूदगी में पूरे दिन मस्जिद और उसके आसपास की सरकारी जमीनों की पैमाईश की थी।

### आराजी संख्या 201 में बढ़कर बनाया गया है मस्जिद का कुछ हिस्सा

रिपोर्ट के आधार पर मस्जिद का कुछ हिस्सा आबादी के आराजी संख्या 201 में बढ़ कर बनाया गया है, जबकि शेष हिस्सा बैनामे की जमीन में निर्मित है। इस रिपोर्ट में मस्जिद के निर्माण और उसके कब्जे की भूमि का भी उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मस्जिद और नगर पालिका की जमीन से जुड़े न्यायालयों में लंबित दो मुकदमों का भी जिक्र किया गया है। बताया गया है कि एक मुकदमे में वर्ष 2008 से यथा स्थिति बनने का आदेश है। जबकि, दूसरे मुकदमे में वर्ष 2022 से यथास्थिति बनाने का आदेश पारित है। बताया जा रहा है कि अभी नगर पालिका से मस्जिद के पास और निरस्त नक्शे की जांच चल रही है।

- जिला प्रशासन ने सार्वजनिक की जांच आख्या
- सरकारी जमीन पर मस्जिद बनाने की शिकायत पर हो रही है जांच

चार दिनों तक चली जांच के बाद राजस्व विभाग ने रविवार को जो रिपोर्ट सार्वजनिक की है। डीएम विशाल भारद्वाज ने बताया कि हाटा एसडीएम से शिकायत के आधार पर जांच कराई गई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई चल रही है। अभी कई बिंदुओं पर जांच चल रही है। जो अभिलेख दिए गए है। उसकी जांच कराई जा रही है।

## सुशासन सप्ताह के तहत 127 गांवों में लगा शिविर

**अमेठी।** सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम 19 से 24 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत लोक शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील मुख्यालय ब्लॉक व पंचायत स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाना भारत सरकार की केंद्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली में लंबित लोक शिकायतों का निराकरण किया जाना स्टेट पोर्टल आईजीआरएस में प्राप्त लोक शिकायतों का निस्तारण ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी की सेवाओं में वृद्धि करना सर्विस डिलीवरी आवेदनों का निस्तारण करना सुशासन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों को फोटोग्राफ के साथ पोर्टल पर अपलोड किया जाना तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन सामान्य को उपलब्ध कराना आदि कार्यक्रम आयोजित कराएं जा रहे हैं। इसी क्रम में आज सोमवार को जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के मार्गदर्शन में जनपद के 127 गांवों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा

### 11 जनवरी को वर्तमान परिवेश में मीडिया की भूमिका विषयक गोष्ठी का होगा आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की जिला इकाई कुशीनगर की आवश्यक बैठक सोमवार को रवीन्द्रनगर स्थित जिला सूचना कार्यालय में हुई। संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई बैठक में 11 जनवरी को वर्तमान परिवेश में मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए रुपरेखा तैयार की गई। बैठक का संचालन महासचिव संजय चाणक्य ने किया।

बैठक में जिला महासचिव संजय चाणक्य ने पूर्व की कार्रवाई से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष सुभाष चंद श्रीवास्तव ने कहा कि 11 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर वर्तमान परिवेश में मीडिया की भूमिका विषयक गोष्ठी कार्यक्रम तय हुआ है। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेगें। कहा कि कार्यक्रम में प्रमुख सचिव के आगमन फाइनल हो गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हम सभी को अभी से अपनी तैयारी में शुरू कर देना चाहिए। बैठक में उपाध्यक्ष ज्योतिभान मिश्रा, अजय मिश्रा, अनिल पाण्डेय, कृष्ण पाण्डेय, संगठन मंत्री बीबी त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पवन मिश्रा, जिला सचिव आदित्य श्रीवास्तव, शम्भू मिश्र, अजय त्रिपाठी, आदि ने कार्यक्रम की सफलता के लिए रुपरेखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रतनेश तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, उमर फारुख, साजिद अली आदि मौके पर उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन

**देवरिया।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आज तहसील सलेमपुर के ग्राम पुरैना में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल में 08 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि हर व्यक्ति अपनी शिकायतें और समस्याएं प्रशासन तक आसानी से पहुँचा सके। इसके लिए कई माध्यम उपलब्ध हैं, लेकिन कभी-कभी कुछ लोग अपनी शिकायतें दर्ज कराने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों की सहायता के लिए, प्रशासन ने जन चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से गांव-गांव तक पहुँचने का संकल्प लिया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक की शिकायतें दर्ज हों और उनकी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें प्रदान किया जाए। उन्होंने अनुरोध किया कि लोग अपनी समस्याएँ अधिकारियों के पास दर्ज कराएं। उनकी समस्याओं का उचित समाधान किया जाएगा, और पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

# कप्तानगंज में निकली भगवान श्याम की निशान यात्रा


निशान यात्रा में शामिल भक्त

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** श्री श्याम सेवा समिति के संयोजन में श्याम झांकी के साथ निशान यात्रा श्याम भक्तो द्वारा सोमवार को निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकली इस यात्रा में भक्त भजनों पर थिरकते नजर आए मंगल बाजार से शुरू हुई यह यात्रा कस्बे के चांदनी चौक आजाद चौक, चकबंदी चौक धर्मशाला रोड से होते हुए मा दुर्गा मन्दिर में पहुंच पूजा पाठ कर समाप्त हुई। निशान यात्रा में सुबह दस बजे सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु पीला वस्त्र धारण किए मंगल बाजार में जुटे और मां दुर्गा मन्दिर मे पुजा अर्चना के बाद सजी झाकी के साथ जुलुस मे पैदल नाचते गाते थिरकते हुए नगर भ्रमण किया। गाजे बाजे के साथ निकली इस यात्रा में पुरे भक्ति भाव के साथ भजनों पर लोग थिरकते रहे यह यात्रा जिस गली मुहल्ले से निकल रही थी वह क्षेत्र पुरा भक्तिमय हो जा रहा था। निशान यात्रा को लेकर प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह के नेतृत्व मे भारी संख्या मे पुलिस बल तैनात रही। इस दौरान निक्कू खेतान, सीताराम बांका, प्रमोद सर्राफ, विपुल खेतान, सुनील सर्राफ, कन्हैया खेतान, नीरज सर्राफ, श्याम केजरीवाल, रानू अग्रहरी, निकेत खेतान, अनिल बंका, विवेक रुंगटा, प्रदीप केजरीवाल, किशन बंका समेत तमाम लोग रहे।

# 56 भोग छोड़ जब श्रीकृष्ण ने खाए थे केले के छिलके : व्यास भागवत

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 15 स्वामी विवेकानंद नगर में चल रहे अमृतमई भागवत कथा में सोमवार को

- वार्ड नंबर 15 में भागवत कथा का तीसरा दिन


श्रीकृष्ण कथा का रसपान कराते कथावाचक व्यास भागवत

कथावाचक व्यास भागवत आचार्य सच्चिदानंद ने धुंधकारी की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा श्री कृष्ण प्रेम में 56 भोग छोड़ केले के छिलके खाए। आचार्य सच्चिदानंद ने धुंधकारी कथा का वर्णन करते हुए कहा कि श्री कृष्ण को प्यार से जो भी खिलाया जाए वो सरलता से खा लेते हैं। ऐसा हो भी क्यों न, कृष्ण प्रेम भाव के भूखे हैं इसी कारण से उन्हें जो परोसा जाए वो खुश होकर पा ही लेते हैं। ऐसी कई कथाएं हैं जब श्री कृष्ण ने प्रेम भाव में डूबकर अपने भक्तों का मान रखा है और उनके सम्मान के खातिर कुछ ऐसा कर दिखाया है जो समस्त संसार के लिए उदाहरण स्थापित करता हो। ये कथा है विदुर और विदुरानी की। विदुर जी और उनकी पत्नी विदुरानी परम कृष्ण भक्त थे। एक दिन श्री कृष्ण (श्री कृष्ण की मृत्यु का रहस्य) महाभारत युद्ध से पहले विदुर जी के घर उनकी भक्ति के वशीभूत होकर पहुंचे। तब विदुर जी घर पर नहीं थे। वहीं, विदुर जी की पत्नी विदुरानी घर पर पूजा-पाठ में लीन थीं। जब श्री कृष्ण ने विदुर जी के द्वार पर खड़े होकर आवाज लगाई तो विदुरानी ने श्री कृष्ण की आवाज पहचान ली और दरवाजा खोलने के लिए भागी चली आई। श्री कृष्ण को अपने द्वार पर देख विदुरानी अपनी प्रसन्नता को व्यक्त करने में सक्षम न थी तब श्री कृष्ण ने उनकी भावना देखते हुए स्वयं ही उनसे अंदर आने के लिए पूछा। विदुरानी थोड़ी सुध में आई और श्री कृष्ण को भीतर सम्मान पूर्वक बैठाया। इस दौरान यजमान विमला देवी एवं गंगा पाठक इस दौरान पं. अभिषेक पाठक, दयानंद पाठक, महेंद्र पाठक, सदानंद पाठक सहित अन्य उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया के प्रति समुदाय का जागरूक होना जरूरी : पीएसपी

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य रामपुर शुक्ल में सोमवार को सीएचओ, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि , आशा, सहायिका, शिक्षक और फाइलेरिया मरीजों के सहयोग से बीपीएम व बीसीपीएम की मौजूदगी में पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) गठन किया गया। साथ ही पीएसपी के सहयोग से फाइलेरिया (हाथीपांव) के मरीजों को एमएमडीपी प्रशिक्षण व किट वितरित किया गया।

पीएसपी के माध्यम से मरीजों को फाइलेरिया बीमारी, उससे बचाव और फाइलेरिया बीमारी की गंभीरता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सीएचओ द्वारा डेमो देकर फाइलेरिया प्रभावित अंगों की साफ -सफाई व्यायाम के माध्यम से हाथीपांव की सूजन को कम करने और फाइलेरिया रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया मरीजों को फाइलेरिया मरीज कार्ड के साथ 12 दिन की खुराक भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व पीएसपी के सदस्य बृजभान कुशवाहा ने कहा कि पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के माध्यम से जन समुदाय में जन जागरूकता के माध्यम से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करें।


उन्होंने कहा कि फाइलेरिया बीमारी के प्रति समुदाय में व्याप्त भ्रान्तियों और एमडीए अभियान की महत्ता के प्रति जागरूक करना जरूरी। इस बीमारी से उन्मूलन में हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। सीएचओ सोनी यादव ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता। लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है।

## किसान सम्मान दिवस पर 36 प्रगतिशील किसान सम्मानित



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में सोमवार को भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस मिलट्स कार्यशाला एवं रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि जिलाधिकारी निशा अनंत व पूर्व जिलाधिकारी अमेठी राम मनोहर मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर जनपद के दूर दराज क्षेत्र से आए किसान बंधुओ ने भी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। किसान गोष्ठी में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए जिनका अधिकारियों व किसान भाइयों ने अवलोकन कर विभिन्न प्रकार की जानकारी हासिल किया। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जिलाधिकारी ने जनपद के 36 प्रगतिशील किसानों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिनमें 12 कृषि विभाग के 8 मत्स्य विभाग के 8 किसान सम्मान निधि के एवं 8 पशुपालन विभाग के शामिल हैं। इस अवसर पर मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के हित में अनेक कार्यक्रम संचालित किए हैं एवं किसानों की आर्थिक आय बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी कैसे दोगुनी हो इसके लिए बहुत सारे कदम उठाए गए हैं।

# किसी भी व्यक्ति को कोई कष्ट न हो वही सुशासन है : राम मनोहर मिश्र



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** किसी भी व्यक्ति को मानसिक शारीरिक व आर्थिक कोई कष्ट न हो वही सुशासन है। जैसा की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के शासनकाल में था। उक्त वक्तव्य पूर्व जिलाधिकारी राम मनोहर मिश्र ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए दिए। आज कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी निशा अनंत व पूर्व जिलाधिकारी सेवानिवृत्ति आईएएस राम मनोहर मिश्र की उपस्थिति में किया गया। जिला स्तरीय कार्यशाला में बेसिक शिक्षा विभाग जल निगम पंचायती राज स्वास्थ्य विभाग विद्युत कृषि समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में किए गए बेहतर कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाधिकारी अमेठी राम मनोहर मिश्र ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती के अवसर पर वर्तमान सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है सुशासन का अर्थ है पारदर्शी उत्तरदाई न्याय संगत शासन। प्रभु श्री राम के काल में भी सुशासन की व्यवस्था थी सुशासन में किसी भी व्यक्ति को शारीरिक कष्ट मानसिक कष्ट व आर्थिक कष्ट ना हो सभी लोग स्वस्थ रहें इसी को सुशासन कहा जाता है। वर्तमान सरकार इसी सपने को सार्थक करने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं जन सामान्य के लिए संचालित की हैं हम लोगों का उत्तरदायित्व है कि उन योजनाओं को पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से उन पात्र लोगों तक पहुंचाएं जो सही में इसके हकदार हैं। उन्होंने सुशासन को लेकर कहा कि नागरिकों के अधिकारों और उनके कर्तव्यों के बारे में उनको जागरूक करना भी सुशासन का ही पार्ट है।

## शिक्षा एवं विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा जनपदीय टास्क फोर्स की बैठक विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिले के विभिन्न स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा में यह पाया गया कि जिले में कुल 2120 विद्यालयों में से 1442 विद्यालयों में सीडब्ल्यूएसएन शौचालय की सुविधा उपलब्ध है, जबकि 678 विद्यालयों में यह कार्य अधूरा है। इनमें से 66 विद्यालयों में कार्य चल रहा है, और 63 विद्यालयों में भूमि विवाद की समस्या है। सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर सीडब्ल्यूएसएन शौचालय निर्माण की कार्ययोजना प्रस्तुत करें।

# सर्वांगीण विकास के लिए खेल अति आवश्यक है : मो. हसीब

अवधनामा संवाददाता


कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** दी क्रीसेंट स्कूल में चल रहे छः दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन सोमवार को बालिका वर्ग जूनियर कक्षा की कबड्डी मैच खेली गई जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य मोहम्मद हसीब ने हरी झंडी दिखाकर किया। पहला सेमी फाइनल ब्लू हाउस और ग्रीन हाउस के बिच खेला गया और दूसरा सेमी-फाइनल रेड हाउस और येलो हाउस के बीच खेला गया। जिसमें ग्रीन हाउस के कप्तान देवेन्द्र यादव तथा अन्य खिलाडी शिवम गोंड कृष्णा सिंह विवेक और रामेन्द्र के शानदार प्रदर्शन के कारण ग्रीन हाउस विजेता टीम रही और ब्लू हाउस रनर अप टीम रहा। दूसरा सेमी फाइनल रेड हाउस और येलो हाउस के बिच खेला गया। जिसमें रेड हाउस के कप्तान

- स्पून रेस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, कबड्डी में ग्रीन हाउस का दबदबा

अंकित गुप्ता तथा अन्य खिलाडी जैसे अखिलेश सिंह, नूर आलम, शिवम् सिंह और इर्शाद के शानदार प्रदर्शन के कारण रेड हाउस विजेता टीम रही और येलो हाउस रनर अप टीम रहा। प्राइमरी सेक्शन के बच्चों का स्पून रेस, रिले रेस और सैक रेस का खेल खेला गया जिसमें गर्ल्स के स्पून रेस में प्रथम पिंकी गुप्ता, द्वितीय जैनब खातून तृतीय अदिति कुशवाहा बॉयज के स्पून रेस में प्रथम उज्जवल कुमार, द्वितीय अरशद अहमद तृतीय अरमान अली रहे। इस दौरान सीएमडी शिफा फातिमा, मैनेजर शबीब अहमद, राकेश राय, पीतांबर यादव, अरविंद सिंह, आंचल उपाध्याय, दिव्या सिंह, संध्या पांडे, आख्या त्रिपाठी, मुकेश अग्रहरि, पुजारी गुप्ता, मज़हरुल हक आदि मौजूद रहे।

# पशुओं में खुरपका मुंहपका रोगों के टीकाकरण अभियान को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

### गठित टीमें घर-घर जाकर पशुपालकों की मौजूदगी में करेंगी टीकाकरण

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट से सचल वाहन को हरी झंडी दिखाते डीएम

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत खुरपका मुंहपका रोग टीकाकरण का पांचवा चरण सोमवार 23 दिसंबर से शुरू हो गया है जो 5 फरवरी 2024 तक चलेगा। इसको लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से बहुउद्देशीय सचल वाहनों को रवाना किया। उक्त अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा उक्त अभियान को सुचारू रूप से संचालन हेतु जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी डॉ विद्याराम वर्मा, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सदर पडरौना होगें। इसके साथ ही जनपद मे 14 विकास खण्ड स्तर पर विकास खण्ड स्तरीय पशुचिकित्साधिकारी विकास खण्ड के नोडल अधिकारी होगें। अभियान के दृष्टिगत विकास खण्ड स्तरीय टीमों का गठन किया गया है। जिसमे 01 पशुचिकित्साधिकारी 01 पशुधन प्रसार अधिकारी 01 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा 02 स्थानीय पैरावेट शामिल है। उपरोक्त गठित टीमें पशुपालकों के घर घर जाकर उनके पशुओं का रजिस्ट्रेशन कर निःशुल्क टीकाकरण करेगी तथा स्पॉट पर ही भारत पशुधन एप पर टीकाकरण की सूचना अपलोड करेगी। अभियान के तैयारियो के सम्बन्ध में उन्होंने बताया की 20वीं पशु गणना के अनुसार जनपद में 165224 गोवंश तथा 170194 महिष वंश कुल 335418 पशु है जिनका टीकाकरण किया जाना है। जनपद को तीन लाख एक हजार नौ सौ (301900) डोज वैक्सीन की आपूर्ति की जा चुकी है।

## बस स्टेशन निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक ने की सीएम से बात

अवधनामा संवाददाता

**रुद्रपुर देवरिया।** विधानसभा सत्र के समापन के उपरांत क्षेत्र आगमन पर सोमवार को पूर्व राज्य मंत्री व क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहा कि रुद्रपुर बस स्टेशन के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर जल्द से जल्द बसस्टेशन के निर्माण कराये जाने की मांग की है, उन्होंने कहा है कि कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिलने के बाद बस स्टेशन निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी इसके बाद बस स्टेशन का निर्माण शुरू हो जाएगा। श्री निषाद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह से संकल्पित हैं क्षेत्र में सड़कों के साथ बिजली घर पल और पुलियों का निर्माण हुआ है क्षेत्र में विद्युतीकरण और जर्जर पोल और तार बदलने की अनवरत रूप से चल रही है।

# एक वार्ड से दूसरे वार्ड में गिराया जा रहा कूड़ा, सरकारी धन का हो रहा दुरुपयोग

### वार्ड नंबर 8 में 35 लाख से बना कूड़ा निस्तारण केंद्र बना शो पीस


वार्ड नं. 12 में कूड़े की ढेर को जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर ट्राली पर लोड करते


वार्ड नं. 16 में सड़क के दोनों तरफ गिराया जा रहा कूड़ा

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के विभिन्न वार्डों में लगे कूड़े की ढेर को नगर पंचायत द्वारा उठवाकर एक वार्ड से दूसरे वार्ड में सड़क के किनारे वर्षो से गिराया जा रहा है। जबकि वार्ड नंबर 8 में बना कूड़ा निस्तारण केंद्र शो पीस बनकर रह गया है। केंद्र पर कूड़ा न गिराकर नगर में ही एक वार्ड से दूसरे वार्ड में गिरकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।

बता दें कि नगर के वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर में करीब 35 लाख रुपए की लागत से बनवाया गया कूड़ा निस्तारण केंद्र (आरआरसी सेंटर) वर्षो से शो पीस बनकर रह गया है। जबकि नगर के सभी वार्डो के घरों व नालियों से निकलने वाला कूड़ा सड़क के किनारे फेंक दिया जा रहा है जिससे वार्डो में कूड़े की ढेर लगा दी जा रही है। सोमवार को वार्ड नंबर 12 में लगे कूड़े की ढेर को जेसीबी मशीन से चार ट्रैक्टर ट्रालियों से कूड़ा उठाकर आरआरसी सेंटर न गिराकर वार्ड नंबर 16 सरदार बल्लभ भाई पटेल नगर में हाटा कप्तानगंज मार्ग पर पकड़ी मदरहां गांव से पहले सड़क के किनारे गिराया जा रहा है। एक वार्ड से कूड़ा उठाकर दूसरे वार्ड में गिराने पर लोग तरह तरह का चर्चा कर रहे है। उधर कूड़ा गिराने पर पकड़ी मदरहां के लोगों में आक्रोश है। इस तरह से एक वार्ड से दूसरे वार्ड में कूड़ा गिरकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उधर नगर के जिम्मेदारों का कहना है कि कहां कूड़ा गिराया जा रहा वहां एक व्यक्ति के आगे गड्ढा है, उस व्यक्ति के कहने पर ही गिराया जा रहा है।

# आयोजित हुआ किसान सम्मान दिवस मेला प्रदर्शनी

- राज्य स्तर पर सम्मानित हुए जिले के 01 एफपीओ तथा 02 किसान
- महसी विधायक एवं डीएम द्वारा जनपद स्तर पर सम्मानित हुए 45 किसान



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** कृषि विभाग बहराइच के तत्वावधान में हरियाली रिसार्ट लखनऊ रोड बहराइच में भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस के पावन अवसर पर आयोजित 01 दिवसीय जनपद स्तरीय सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेन्सन योजना अन्तर्गत किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी, रबी उत्पादकता गोष्ठी, मिलेट्स रेसिपी कार्यक्रम आयोजन का उद्घाटन मा. विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ भारत रत्न 'भूतपूर्व' प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम मा. विधायक एवं जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ लगायी गयी प्रदर्शनी एवं स्टालों का अवलोकन कर लगायी गयी प्रदर्शनी की सराहना की। प्रदर्शनी में विशेष रूप से जनपद के कृषक उत्पादक संगठनों ने बढ़चढ़कर अपने जैविक उत्पादों का प्रदर्शन किया तथा कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम विभाग तथा मिलेट्स रेसिपी तथा जैविक स्टाल कार्यक्रम की लगायी गयी प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जनपद के कृषि विभाग के 08, उद्यान विभाग के 08, रेशम के 04, मत्स्य के 04, दुग्ध विभाग के 02, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच व नानपारा के 02-02, मिलेट्स के अन्तर्गत सांवा एवं रागी के 02 तथा पराली प्रबन्धन के 01 तथा गौरया संरक्षण के मिथिलेश जायसवाल को किसान सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अनुदान पर उपलब्ध कराये गये कृषि यंत्रों से सम्बन्धित 08 कृषकों को जिसमें 02 कम्बाईन हार्वेस्टर, 06 कस्टम हायरिंग सेण्टर से लाभान्वित किसानों को तथा परम्परागत कृषि विकास योजना से जैविक उत्पादकों की ब्रांडिग/पैकेजिंग वाहन को मा. विधायक महसी श्री सिंह, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, डीडी एग्री टी.पी. शाही ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक महसी श्री सिंह ने कहा कि जनपद के किसानों द्वारा परम्परागत खेती तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। मा. विधायक ने भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस पर सभी उपस्थित किसानों, अधिकारियों, कर्मचारियों को किसान सम्मान दिवस के अवसर पर बधायी दी। उन्होनें कहा कि हम प्रतिवर्ष चौधरी चरण सिंह की जयन्ती बनाते है परन्तु चौधरी चरण सिंह जी का सम्मान हमारी सरकार द्वारा उन्हें भारत रत्न के सम्मान से सम्मानित किया है। हमारी सरकार द्वारा ही गांव-गांव से लोगों द्वारा दिये गये लोहे के दान से गुजरात में विश्व की सबसे बड़ी प्रमिता मा. सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्थापित करायी गयी।

## क्रिसमस से पर्व बेकरी प्रतिष्ठानों से संग्रहीत किये गये नमूने

**बहराइच।** सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन बहराइच डॉ. अमर सिंह ने बताया कि सुशासन सप्ताह अन्तर्गत प्रदेश के आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर में क्रिसमस पर्व के अवसर पर मिलावटी बेकरी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच द्वारा चलाये जा रहे अभियान अन्तर्गत क्वालिटी बेकर्स, हुजूरपुर रोड, कैसरगंज, बहराइच के प्रतिष्ठान से केक, रॉयल बेकर्स, घिसौना बाजार, बहराइच के प्रतिष्ठान से रस्क, फौजी बेकरी उद्योग के वाहन से नानपारा देहाती, नानपारा रोड, बहराइच से जीरा फैन, पाखी ट्रेडर्स, मिहींपुरवा रोड, नानपारा, बहराइच से मैदा, एन.आर. डिस्ट्रीब्यूटर्स के वाहन से बाबागंज बहराइच में पाई केक, जे.के. ब्रदर्स केक एण्ड कैफे, डिगिहा तिराहा, बहराइच के प्रतिष्ठान से केक, तौहिद आलम, नाजिरपुरा, पयागपुर, बहराइच के प्रतिष्ठान से प्रीमियम मिल्क रस्क का नमूना संग्रहीत किया गया।

# युवा रालोद ने मनाया जयंत चौधरी की जयंती

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** युवा राष्ट्रीय लोकदल फिरोजाबाद के जिला अध्यक्ष चौधरी अमर सिंह पचहरे के नेतृत्व में भारत रत्न, किसान मसीहा, कमेरे वर्ग के शशक्तीकरण हेतु आजीवन संकल्पित रहे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय चौ. चरण सिंह की 122 वीं जयन्ती पर उन्हें टूण्डला चौराहा पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमर सिंह पचहरे ने कहा कि श्रद्धेय चौ. साहब का विराट व्यक्तित्व राजनैति दृश्टता व सुचता और किसान कमेरे वर्ग के प्रति समर्पण सदैव रहा। हम सभी किसान मजदूर, युवाओं के लिये मार्गदर्शित करते रहेंगे और हम युवाओं को चौधरी साहब के बताये रास्ते पर सदैव चलना होगा। आज देश में जरूरत है कि किसान नौजवानों को एक सूत्र में बंधकर चौधरी साहब के पौत्र केन्द्रीय मंत्री राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा हृदय सम्राट चौधरी जयन्त सिंह की व वर्तमान सरकार की रीति-नीति एवं योजनाओं को व विचारधारा व नीतियों को गाँव-गाँव जाकर किसानों को और युवाओं को अवगत करायें। जब राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयन्त चौधरी के विचारों को आगे बढ़ायेंगे तो स्वतः ही हमारा दल राष्ट्रीय लोकदल मजबूत होगा। जब राष्ट्रीय लोकदल मजबूत होगा तो किसान व युवा मजबूत होगा। श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह कहा करते थे कि देश की तरक्की का रास्ता खेत और खलियान से होकर गुजरता है जब तक देश का किसान, मजदूर व युवा मजबूत नहीं होगा तब तक देश मजबूत नही हो सकता है। कुँवर सुधीर सिंह व डा. मुन्नेश कुमार राजौरिया ने विशेष जोर देकर कहा कि हम सब युवाओं को चौधरी साहब के बताये रास्तों पर चलने का संकल्प लेना चाहिये। महामंत्री जितेन्द्र पौनियां ने कहा कि हम गाँव-गाँव जाकर अपने नेता जयन्त चौधरी के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे। श्रद्धांजली में मुख्य नवीन शर्मा सचिव वृज क्षेत्र, विजय शर्मा, महामंत्री चौ. जितेन्द्र सिंह पौनियां, सचिन उपाध्याय, जिला सचिव मंजीत सिंह, भोला चौधरी आई.टी. सेल प्रभारी, धर्मवीर सिंह, रवेन्द्र सिंह, हर्ष राजौरिया, रक्षपाल सिंह जाटव, अमर सिंह, जिला सचिव बलजीत सिंह, डा. साहब सिंह, ऊधम सिंह, गोलू निषाद आदि मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** नारायण महाविद्यालय शिकोहाबाद में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी सप्ताह के अवसर पर इ18-25 दिसंबर 2024 तक मनाए जाने वाले शताब्दी समारोह कार्यक्रमों के तहत जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। महाविद्यालय स्तर पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में भाषण एवं एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता तथा माध्यमिक स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी प्रो कांति शर्मा, डीआईओएस प्रतिनिधि डॉ अशोक अनुरागी, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सोनवीर यादव एवं निर्णायक मंडल में डॉ मंजर उलवासे, डॉ अरविंद तिवारी, डॉ रामसनेही लाल शर्मा, डॉ श्यामसनेही लाल शर्मा, डॉ मोकम सिंह, डॉ दर्शना कुमारी, के के यादव, दीवान सिंह एवं राजकुमार ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष कुमार सिंह द्वारा किया गया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बाबा साहेब का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तानः अभिषेक

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** 18वीं वोकसभा के शीतकालीन सत्र में भारतीय जनता पाटी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है।उक्त बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही।आगे कहा कि बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के अतिधिस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। इस बार तो भाजपा नेता गृह मंत्री अमित शाह ने हद ही पार कर दी। संविधान के पचहतर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया बंधन ने संसद में सरकार से संविधान पर चचों की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद संविधान पर चचर्चा की मांग मान ली गई। इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई। समता, समानता और न्याय के हॉ. अंबेडकर के आदर्शो पर चलने की सलाह बीजेपी को कत्तई रास नहीं आई। सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दिया। अमित शाह ने कहा कि अभी ये एक फैशन हो गया है, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत बीजेपी की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बना कर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया था। लेकिन बीजेपी ये खीझ अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है।भाजपा नेता द्वारा बाबा साहेब का अपमान किया गया है। लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी।

कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। लेकिन मोदी सरकार डॉ. अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है। उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप्प रखी,यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई।पाटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया।बीजेपी द्वारा षड्यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई।बीजेपी और उसकी मातृसंस्था हमेशा से डॉ. आबेडकर और संविधान विरोधी रही है। इन्होंने न सिर्फ संविधान के निर्माण के समय से ही विरोध किया, बल्कि इससे पहले डा. आंबेडकर को चुनाव हरवाया था।कांग्रेस डॉ. आंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है। जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेगे।उक्त मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश त्रिपाठी,नगर अध्यक्ष शकील अंसारी,आवेश अहमद,सुब्रत सिंह सन्नी,पवन मिश्रा कटावा,शाहनवाज खान,राजदेव शुक्ला बेनू सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## बीएसए ने निरीक्षण कर रेसिपीज को चखा

**फिरोजाबाद।** कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं के द्वारा इस मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रदान की। साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे ने इस मौके पर विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया एवं श्री अन्न की विभिन्न रेसिपीज को भी चखा। इसके साथ कृषि प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसके विजेताओं को मिलेट्स के उत्पाद दिए गए। कार्यक्रम में स्टॉल लगाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी शैलेंद्र कुमार, वरिष्ठ तकनीकी सहायक तनुश्री पांडे, बृजेश कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रमन देव शर्मा, राजेश यादव, सर्वेश कुमार सिंह, एनएफएसएम योजना सलाहकार राकेश कुमार एवं अखिलेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसानों एवं महिलाओं के द्वारा भाग लिया गया।

## सलमान अहमद को अयोध्या में विज्ञान प्रदर्शनी में एनसीईआरटी द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया



**शिकोहाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश सरकार की सहायता से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 52 वीं राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी के चार दिवसीय कार्यक्रम का समापन एस. एस. वी. इंटर कॉलेज, अयोध्या में हुआ। राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में आगरा मंडल की ओर से प्राकृतिक खेती वर्ग में प्रतिभाग करने पर आज वर्तमान सीनियर पार्षद वाहिद भाई वार्ड न 67 हाजीपुरा फ़िरोज़ाबाद के होनहार बेटे सलमान अहमद ग्रेजुएट एंड डीएलएड को अयोध्या में डॉ ममता द्विवेदी द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शाहिद अंसारी सहित सभी फ़िरोज़ाबाद के अवाम ने इस होनहार बच्चे को बहुत बहुत बधाई दी।

## किशोर के साथी युवक ने किया अप्राकृतिक कृत्य

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** किशोर के साथ युवक ने अप्राकृतिक दुष्कर्म किया।थाना क्षेत्र के ककरहवा कोटिया गांव का मामला बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा बोले पीड़ित भाई की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

## बिजली विभाग की लापरवाही से लाइनमैन की मौत

**दोस्तपुर,सुल्तानपुर।** करंट लगने से लाइनमैन इंदल की मौत, हो गई। बिरसिंहपुर सब स्टेशन के अंतर्गत बनी में लाइन फाल्ट ठीक करते समय उक्त घटना हो गई। लाइन मैन दोस्तपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद का स्थानीय निवासी था। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## लाल मूली की खेती किसानों के लिए है लाभदायक



**सुल्तानपुर।** प्रगतिशील युवा किसान समाजसेवी दिलीप पाण्डेय ने ग्राम सभा हमज़ाबाद तहसील जयसिंहपुर में लाल मूली की खेती करके जनपद में नया इतिहास काम किया है। यह इनका पहला प्रयोग है।ये प्रयोग इन्होंने लाल मूली की खेती पर किया है।लाल मूली के बारे में तो सब सुनते हैं,लेकिन लाल मूली हम भी पहली बार देख रहे हैं। ये मूली बहुत ही स्वास्थ्यवर्धक है। प्रमुख रूप से इसमें आयरन की मात्रा अधिक पाई जाती है और यह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। इसकी पैदावार भी सामान्य मूली से अधिक है।

## ट्रेन में भूसे की तरह भरकर लौटे परीक्षार्थी



**सुल्तानपुर।** राजधानी लखनऊ में हजारों अभ्यर्थियों ने पीसीएस की परीक्षा दी। लखनऊ आने जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में अभ्यर्थियों ने कब्जा कर लिया था। देर शाम ट्रेन के अधिकांस बोगी यहां तक की शौचालय में भी बेरोजगार अभ्यर्थी किसी तरह सफर करके अपने गंतव्य की ओर लौट रहे थे।रेलवे स्टेशन सुल्तानपुर में जब सटल ट्रेन रुकी तो ट्रेन काफी हद तक यात्रियों से खाली हो गई। इस दौरान रेलवे स्टेशन सुल्तानपुर पर हजारों की भीड़ मौजूद रही। इतना ही नहीं रेलवे स्टेशन पर इस दरमियान गुप्प अंधेरा भी छाया रहा। जिसको लेकर यात्रियों में को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेन से उतरने के बाद यात्रियों की भीड़ से गेट का मुहाना संकरा हो गया। जिससे तमाम महिला यात्री भी भीड़ के दबाव में काफी देर तक फंसी रही।

## दो अधिकारियों का वेतन बाधित

**बहराइच।** आई.जी.आर.एस. संदर्भ संख्या 30092224001875 दिनांक 16 नवम्बर 2024 का अधि.अभि. विद्युत तृतीय खण्ड कैसरगंज द्वारा नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न किये जाने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित हुआ है।

इसी प्रकार आई.जी.आर.एस. संदर्भ संख्या 924180000 49384 दिनांक 02 दिसम्बर 2024 का सहायक विकास अधिकारी (पं.) मिहींपुरवा द्वारा नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न किये जाने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित हुआ है। जिससे जनपद की रैकिंग प्रभावित हुई। इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा अग्रिम आदेशों तक सम्बन्धित अधिकारियों का वेतन बाधित किया गया है।

## सुशासन सप्ताह अन्तर्गत गुड गवर्नेन्स की थीम पर आयोजित हुई कार्यशाला

**बहराइच।** भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर शासन की मंशानुरूप जिले में संचालित किये जा रहे 'सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर' अभियान अन्तर्गत जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर गुड गवर्नेन्स की थीम पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि सुशासन नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रस्तुत की गई डॉक्यूमेंट्री से हमें यह सीखने को मिलता है कि कैसे नवाचार और प्रभावी रणनीतियों के माध्यम से जनपद ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। सभागार में प्रदर्शित की गई डॉक्यूमेंट्री में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल पहल और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में किए गए सराहनीय कार्यों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा जनपद स्तर पर सुशासन सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों पर चर्चा की।

# उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर (अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध) की मासिक बैठक अध्यापक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने की। इस अवसर पर संगठन की मजबूती और शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मांडलिक मंत्री शमीम अहमद ने संगठन में निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर जोर देते हुए पारदर्शिता बनाए रखने की बात कही। जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय ने एरियर, ग्रेच्युटी, रिटायरमेंट और शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि अगले माह से चयन वेतनमान पोर्टल लागू होने जा रहा है और प्रोन्नत वेतनमान की प्रक्रिया गतिशील है। कोटा मनी और डेलीगेट सूची पर भी गहन चर्चा हुई। संयुक्त जिला मंत्री डॉ. विनय प्रजापति ने एसीपी, एरियर और जीपीएफ से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। जिला कोषाध्यक्ष रामाशीष मौर्य ने रिटायरमेंट सत्यापन पर जोर दिया और कहा कि जिन शिक्षकों का सत्यापन लंबित है, उसे शीघ्र पूरा कराया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष दूबेपुर एवं जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने वेतन भुगतान से जुड़ी समस्याओं को उठाया तथा जनपद में एक दिन अनुपस्थिति पर शिक्षकों द्वारा दिए गए मेडिकल के आधार पर अवरुद्ध वेतन अविलंब बहाल कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता की बात कही क्योंकि कुछ शिक्षकों के चयन वेतनमान भी ड्यू हैं। लंबित चयन वेतनमान एरियर आनलाइन पोर्टल पर, को वित्त एवं लेखाधिकारी से अविलंब भुगतान कराया जाए। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखे और अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों को साझा किया। इस अवसर पर मंत्री द्वारिका प्रसाद यादव,डॉश हीरालाल यादव, वैभव भटनागर शिव सहाय पाण्डेय,संगठन मंत्री महताब हुसैन, चन्द्रपाल राजभर ब्लॉक अध्यक्ष कादीपुर अरुण कुमार सिंह, मंत्री दोस्तपुर शिवकुमार मौर्य, प्रचार मंत्री सुरेश सिंह एवं विनोद शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने बैठक के अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों के हित में संगठन को और सशक्त बनाने के संकल्प दोहराया।

## न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग से प्रतिवादिनी को मिला निःशुल्क न्याय

**बहराइच।** कुशला मिश्रा पत्नी दिनेश कुमार मिश्र, निवासिनी ग्राम पंडित पुरवा चौसार, पो. गगवल, पयागपुर, बहराइच द्वारा न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक, एरिया मैनेजर व प्रोपराइटर, आशुतोष इण्डेन, विशेश्वरगंज, बहराइच के विरूद्ध योजित परिवाद सं. 71/2022 में जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती व सदस्य डॉ. मोनिका प्रियदर्शिनी द्वारा एक पक्षीय निर्णय पारित करते हुए परिवादिनी कुशला मिश्रा को इलाज खर्च की प्रतिपूर्ति हेतु रू. 1,48,756=00 व सम्पत्ति की क्षतिपूर्ति हेतु 1,25,000=00 कुल रू. 2,73,756=00 (रू. दो लाख तिहत्तर हजार सात सौ छप्पन) मात्र तथा शारीरिक मानसिक पीड़ा के क्षतिपूर्ति के रूप में रू. 50,000=00 (रू. पचास हजार) मात्र व वाद व्यय के रूप में रू. 15,000=00 (रू. पन्द्रह हजार) मात्र निर्णय की तिथि से एक माह के अन्दर अदा करने के आदेश दिये गये हैं।

# नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में मॉम्स क्लब का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** नारायणा ई-टेक्नो स्कूल फिरोजाबाद ने एक भव्य कार्यक्रम में मॉम्स क्लब का शुभारंभ किस्या। इस पहल का उद्देश्य माताओं को सशक्त बनाया जाएगा बनाना और उन्हें एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां वे आपस में जुड़ सकें, अपने विचार साझा कर सकें और बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम की खास बात फिटनेस ट्रेनर हरशिता यादव का प्रेरणादायक संबोधन था। उन्होंने माताओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व को समझाया। हरशिता यादव ने कहा, ष्स्वस्थ माँ ही खुशहाल परिवार की नींव होती है। फिटनेस को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर आप अपने बच्चों के लिए प्रेरणा बन सकती हैं।ष् उनके द्वारा दिए गए व्यावहारिक सुझाव और सरल फिटनेस टिप्स को माताओं ने खूब सराहा। प्रधानाचार्या रति शर्मा ने माताओं को इस पहल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह क्लब स्कूल और माता-पिता के बीच एक मजबूत रिश्ता बनाएगा। शिवम सिंह, शाखा प्रबंधक, ने आयोजन टीम की प्रशंसा की और इस पहल को सामुदायिक विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया। मॉम्स क्लब नियमित रूप से कार्यशालाओं और गतिविधियों का आयोजन करेगा, जिससे माताएँ एक सशक्त और सहयोगपूर्ण समुदाय का निर्माण कर सकेंगी। हम सभी माताओं को इस पहल का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# श्री अन्न महोत्सव कार्यक्रम को हरी झण्डी दिखाकर किया समापन

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** श्री अन्न महोत्सव का समापन उद्यान नर्सरी सिविल लाइंस दबरई में मिलेट्स रोड शो के साथ किया गया। मिलेट्स रोड शो को उप कृषि निदेशक सत्येंद्र प्रताप सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मिलेट्स रोड शो में आंगनवाड़ी महिलाओं के साथ किसानों एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों ने मिलेट्स जागरूकता रथ के साथ बाइक रैली एवं पैदल मार्च निकालकर पुलिस लाइंस से आशाबाद, जैन मंदिर होते हुए बाईपास से आकर विकास भवन में समाप्त किया। उप कृषि निदेशक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री अन्न भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहा है जिसे आज की आधुनिक जीवन शैली में शामिल करने के लिए मिलेट्स मेला, मिलेट्स रेसिपी विकास कार्यक्रम एवं मिलेट्स जागरूकता हेतु रोड शो का आयोजन कृषि विभाग के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाजों में गेहूं एवं चावल से अधिक फाइबर, विटामिन बी 12, आयरन, जिंक एवं कैल्शियम होते हैं जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान ने इस मौके पर किसानों को विभागीय योजनाओं के साथ फसल बीमा योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री अभियान की जानकारी प्रदान की। कृषि विज्ञान केंद्र फिरोजाबाद के प्रभारी डॉक्टर ओंकार सिंह के द्वारा पशुओं को होने वाले खुरपका एवं मुंहपका रोग से बचाव के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र फिरोजाबाद के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर तेज प्रकाश सिंह ने ज्वार, बाजरा रागी, सवा, कोदो की खेती के बारे में बताया। डॉ जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि डायबिटीज, मोटापा कोलेस्ट्रॉल, सीलियक रोग जैसी बीमारियों का इलाज ज्वार, बाजरा रागी, सावा को खाने से हो सकता है। आगरा से आए जेसी शर्मा के द्वारा मिलेट्स उत्पादों की जांच हेतु स्थापित लैब के बारे में जानकारी दी।

# नूवी इंफ्रा प्रोजेक्ट का भव्यता के साथ शुभारंभ, साक्षी कृपाल जी ने किया दीप प्रज्ज्वलित

अवधनामा संवाददाता



**कूरेभार,सुलतानपुर।** जनपद के अयोध्या- प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कूरेभार बाजार में नूवी इंफ्रा प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। जनपद के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों के मौजूदगी में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साक्षी कृपाल जी महराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत उपाध्याय एंव उनकी पत्नी ने फीता काटा।

अवगत कराते चले कूरेभार क्षेत्र से निकलकर गाजियाबाद में अपना आशियाना बनाने वाले हेमंत उपाध्याय आज किसी नाम के मोहताज नहीं हैं 2023 में नोएडा से नूवी इंफ्रा कंपनी की शुरुआत करने वाले हेमंत निरंतर ऊंचाइयों को छूते चले गए गाजियाबाद नोएडा क्षेत्र में अपना परचम लहराने के बाद अयोध्या के मध्य में स्थित कूरेभार बाजार में लोगों के लिए नया आशियाना बनाने के लिए को आरंभ प्रोजेक्ट का रंगारंग कार्यक्रम के बीच शुभारंभ किया गया हेमंत उपाध्याय ने बताया कि अयोध्या राम मंदिर से आरंभ आशियाना की दूरी अयोध्या से मात्र 40 मिनट में तय की जा सकती हैं साथ ही यह जिले की पहली ग्रेटेड सोसायटी होगी जहां क्लब हाउस, जिम, सिक्योरिटी, चौड़ी सड़कें, मार्डन स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं अयोध्या में एक तरफ जहां विश्व स्तरीय सुविधाओं और अत्यधिक बुनियादी ढांचे के विकास के साथ अयोध्या मास्टर प्लान 2031 स्थाई और सुनियोजित विकास का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा हैं वहीं अयोध्या का नाम विश्व पटल पर स्थापित होने के चलते कूरेभार बाजार में निवेश का सुनहरा अवसर हैं।

# डीपीएस में राज्यस्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन शिविर का आयोजन

वहाज अली निहाल

**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में भारत के सबसे बड़े डिजिटल विज्ञान प्रतिभा खोज कार्यक्रम विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)2024-25 के राज्य स्तरीय एक दिवसीय शिविर(एसएलसी) का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की स्तुति के मध्य मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। डीपीएस परिवार ने कार्यक्रम में पधारे सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत तिलक वंदन और बुके देकर किया। विद्यालय के बच्चों ने भी मधुर स्वागत गीत के साथ सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के 27 जिलों से 8000 से अधिक प्रतिभागियों में से चुने गए उन 141 छात्रों ने प्रतिभाग किया जिन्होंने अक्टूबर 2024 में आयोजित प्रथम-स्तरीय परीक्षा में अपनी वैज्ञानिक योग्यता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय शिविर के लिए शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। इसी क्रम में मंच से प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी अतिथियों का विद्यालय आगमन पर स्वागत के साथ आभार प्रकट किया। विद्यार्थी विज्ञान मंथन स्टेट लेवल कैंप के मुख्य अतिथि रहे पद्मश्री प्रोफेसर मणिंद्र अग्रवाल ने कहा कि, हमारे भारत में टेलेंट की कोई कमी नहीं और आप सभी बच्चे ही राष्ट्र की अमूल्य धरोहर भी है साथ ही मुझे पूर्ण विश्वास है कि, आप सभी की आज की विज्ञान की इसी सक्रिय प्रतिभागिता के साथ ही हमारा भारत एक दिन विश्वगुरु भी अवश्य बनेगा। गेस्ट ऑफ ऑनर रहे कुलपति यूपीयूएमएस प्रो0पी के जैन ने अपने संबोधन में कहा कि, विज्ञान मंथन से जुड़े आप सभी विद्यार्थी ही देश के असली साइंस फाइटर्स भी है इसलिए कभी भी कम अंक आने पर निराश मत होना बस लगातार प्रयास कीजिए क्यों कि, जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है और आपको एक दिन पूर्ण सफलता भी अवश्य मिलेगी। विज्ञान भारती, इटावा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) प्रभात कुमार सिंह पूर्व कुलपति उत्तर प्रदेश चिकित्सा विश्वविद्यालय सैफई ने अपने भेजे गए संदेश में कहा कि, वीवीएम के



विज्ञान मंथन कैंप में 27 जिलों के 141 छात्रों ने किया प्रतिभाग

आयोजन का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना और भारत के वैज्ञानिक भविष्य को मजबूत करने के लिए युवाओं में वैज्ञानिक अभिरुचि को विकसित करना है। विभाग सचिव कुलदीप अवस्थी ने बताया कि, इस शिविर में एप्लिकेशन ओरिएंटेड स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एओएसएटी), प्रायोगिक कौशल परीक्षण (ईएसटी) और विश्लेषणात्मक वैज्ञानिक फिल्म (एएसएफ) सहित विभिन्न राउंड के माध्यम से छात्रों की वैज्ञानिक दक्षता का परीक्षण किया जायेगा। इस शिविर से 12 छात्रों का चयन 2025 में होने वाले राष्ट्रीय शिविर में उत्तर प्रदेश रीजन 2 का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा, चयनित छात्रों को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह से भी सम्मानित किया जायेगा। दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा की प्रधानाचार्या भावना सिंह एवं वीवीएम के संयोजक मनोज कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभा खोज परीक्षा है, जो कि राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, विज्ञान भारती और एनसीईआरटी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और देश भर से प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करने और उनका पोषण करने के लिए आयोजित की जाती है इसके राज्य स्तरीय शिविर का आयोजन हमारे विद्यालय में होना विद्यालय की एक गौरवशाली उपलब्धि है। दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव, चेयरपर्सन डॉ प्रीति यादव ने विज्ञान भारती के संयोजक सहित सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए सभी प्रतिभागी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दीं। द्वितीय सत्र की समापन बेला में द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो0 अजीत कुमार शाशने डायरेक्टर, सीएसआईआर, एनबीआरआई लखनऊ, डॉ रजनीश कुमार चतुर्वेदी सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट सीएसआईआर, आई आई टी आर, लखनऊ उपस्थित रहे जिन्होंने विजेता बच्चों को और सभी वोलिंटियर्स और डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर को सम्मानित किया। अतिथियों द्वारा कंपोजिट विद्यालय सिलायता, ब्लॉक बढ़पुरा की शिक्षिका प्रियंका तिवारी के निर्देशन में पहुंचने वाली मेधावी छात्राअनुरागिनी को मंच से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जूनियर सीनियर वर्ग में विभिन्न छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग से कक्षा 6 से प्रांजल गुप्ता प्रथम, एलोरा मुखर्जी द्वितीय, समयक वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 से मिशिता तिवारी प्रथम, अर्जुन मिश्रा द्वितीय, अथर्व पोरवाल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 से हर्ष दीप सिंह प्रथम, वेदांश द्वितीय, श्रेष्टि त्रिवेदी तृतीय रहीं। सीनियर वर्ग से कक्षा 9 से जेहरा मजार प्रथम, हर्षित तिवारी द्वितीय, हर्ष सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 10 से प्रखर गुप्ता प्रथम, आर्यन राज द्वितीय, श्रेयन वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11 से प्रथम स्थान पर ओजस्वित पसरीचा, द्वितीय स्थान पर शिवांश पाठक और सूर्य प्रताप सिंह तृतीय स्थान पर रहे। भव्य राज्य स्तरीय शिविर को सफल बनाने में सभी जिला कोर्डिनेटर सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और समस्त विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सभी कोर्डिनेटर को प्रमाण पत्र देकर मंच से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन शिक्षिका रुचि और श्रष्टि ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ के नबाव वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान से 3 नये मेहमानों को इटावा सफारी पार्क लाया गया



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** लखनऊ के नबाव वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान से 03 नये मेहमानों को इटावा सफारी पार्क में लाया गया है। ये मेहमान क्रिसमस से पूर्व इटावा सफारी पार्क में लाये गये है। इटावा सफारी पार्क में 03 बारहसिंघा (Swamp Deer) लखनऊ के नबाव वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान से लाये गये हैं। नबाव वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान से 04 नर व 06 मादा बारहसिंघा के लाये जाने के प्रस्ताव की सहमति होने की दशा में, प्रस्ताव केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को अनुमति हेतु भेजा गया था। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने बारहसिंघा के स्थानान्तरण पर अपनी सहमति की मुहर लगा दी थी। फिलहाल प्रारम्भिक चरण में 02 नर व 01 मादा बारहसिंघा को इटावा सफारी पार्क के क्षेत्रीय वन अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव, बायोलॉजिस्ट बीएन सिंह, पशु चिकित्सक डा. शैलेन्द्र सिंह एवं कीपरों विनोद कुमार, सुधीर कुमार की देखरेख में सोमवार को लाया गया। इन बारहसिंघा को अभी हिरण सफारी के एनिमल हाउस में बने क्वारेंटाइन हाउस में रखा गया है।

### विधायक खेल महाकुंभ 2024-25 की तैयारी पूर्ण



**सोनभद्र।** 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती से राबर्ट्सगंज के हाइडिल मैदान पर शुरू होने वाले विधायक खेल महाकुंभ की तैयारी बैठक सदर विधायक भूपेश चौबे के आवास/कार्यालय पर संपन्न हुयी। व साथ ही तैयार का जायजा लेने हाइडिल मैदान पहुंचे एक एक तैयारी के बारे में समीक्षा किया। विधायक खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करने के लिये क्षेत्र के खिलाड़ियों में ग़ज़ब का उत्साह है। सदर विधायक भूपेश चौबे को अपने विधानसभा के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक शानदार अवसर प्रदान करने के लिये लगातार प्रेरित कर है। साथ में पुर्व विधायक तीर्थ राज पुर्व जिला अध्यक्ष रमेश मिश्रा पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल ज़िला मंत्री सन्तोष शुक्ला नगवा प्रमुख आलोक सिंह जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी अजय कुमार पाण्डेय रजनीश रघुवंशी गौरव शुक्ल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### नगर पालिका नगर निकायों में सुनी गई की समस्या



**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2. नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 5. नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 3, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

## एनटीपीसी सिंगरौली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर द्वारा बीते 22 दिसम्बर 2024 की शाम क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एल के बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), एनटीपीसी सिंगरौली एवं अन्य वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों द्वारा कैंडल प्रज्ज्वलन एवं केक कटिंग के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान संत जोसेफ स्कूल के विद्यार्थियों ने क्रिसमस कैरोल का सुंदर गायन प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण में त्यौहार की खुशियाँ छा गई। फादर विंसेंट पेरेरा, प्रधानाचार्य, संत जोसेफ स्कूल ने अपने प्रेरणादायक भाषण में सभी को क्रिसमस पर्व और शांति के प्रतीक येशु मसीह के जीवन के बारे में बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत संत जोसेफ स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ईसा मसीह के जन्म पर नाट्य मंचन किया गया।

## हमीरपुर में खंड संख्या 10/06 में उड़ाई जा रहीं हैं कानून की धज्जियां

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद के कुरारा थाना क्षेत्र के इन्द्र पुरी ग्राम (बेरी) में जम कर हो रहा है अवैध खनन। जिला प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद उक्त खंड संख्या में नही रुक रहा अवैध खनन जिस से बड़ा सवाल पैदा होता है कि आखिर क्यों नही रुक पा रहा है अवैध खनन? प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जब पूरे प्रदेश में माफियाओं, गुंडों मावालियों व अवैध कारोबार करनें वालों पर बुल्डोजर चला कर शतप्रतिशत कानून का राज स्थापित करनें की बात कह रहे हैं तो फिर जनपद हमीरपुर की खंड संख्या 10/06 में अवैध खनन कर सरकार को करोड़ों की चपत लगाई जा रही है अवैध खनन माफिया पर अकुंश क्यो नही लग पा रहा है यह अपनें आप में बहुत बड़ा सवाल है। बेतवा नदी के किनारे संचालित मौरंग खदान खंड संख्या 10/6 बेरी में एनजीटी के आदेशों का खुलकर उल्लंघन किया जा रहा है जहाँ प्रतिबंधित भारी





मशीनों से बेतवा नदी में मानक से कई गुना अधिक गहराई में मौरंग का खनन किए जाने से नदी की जलधारा भी प्रभावित हो रही है इतना ही नहीं मौरंग खदान से निर्धारित क्षमता से कई गुना मौरंग ट्रकों व डंपरों में लोड की जा रही है जिस से सड़कें भी टूट रही हैं। मौरंग के अवैध खनन और परिवहन के खेल में माफियाओं के गुर्गे भी शामिल है। अवैध खनन को लेकर जिला हमीरपुर सदैव सुर्खियों में रहता है यहां खनन माफिया बालू व मौरंग का अवैध खनन बेखौफ होकर धड़ल्ले से करते हैं अवैध खनन करते हुए पकड़े जाने पर जिला प्रशासन बड़ी कार्यवाही करता है लेकिन इन खनन माफियाओं के फर्क नही पड़ता जिस दिन मशीनें सीज होती हैं अगले ही दिन दूसरी मशीनें साईट में पहुंचे जाती हैं।

## सचान ने विभागीय अधिकारियों के आथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम ,खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा तथा वस्त्र उद्योग विभाग उत्तर प्रदेश राकेश सचान ने मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में पहुंचकर विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं के बारे में समीक्षा बैठक कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने विभाग में संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं यथा एक जिला एक उत्पाद, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना ,प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना ,विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, टूलकिट वितरण योजना आदि की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र ,गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक योजनाओं को तेजी से पहुंचाया जाए। विभागीय योजनाओं में किसी भी दशा में शिथिलता न बरती जाए। मंत्री ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान उत्तर प्रदेश में कुल 40 लाख करोड़ से



भी अधिक के एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं। बताया कि 40 लाख करोड़ का एमओयू उत्तर प्रदेश में आने से यूपी के विकास में मील का पत्थर साबित होगा , इससे रोजगार भी बढ़ेगा। कहा कि जनपद में इंफ्रास्ट्रक्चर सड़क एक्सप्रेसवे डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर एयरपोर्ट आदि का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने बताया बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन से बुंदेलखंड के विकास को नई गति मिलेगी तथा यहां पर बड़ी-बड़ी इंडस्ट्री स्थापित होने से यहां पर बड़ी मात्रा में रोजगार सृजित होगा तथा क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि जनपद हमीरपुर में 5600 करोड रुपए का एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है जिसमें से 3000 करोड रुपए के प्रस्ताव ग्राउंड पर उतारा गया है। कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रारंभ किया जा रहा इसके लिए 1000 करोड रुपए के बजट की व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत एक लाख युवाओं को आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है इसके अंतर्गत 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि अब ओडीओपी योजना के तहत जनपद में दो से तीन उत्पादों का चयन करने पर विचार विमर्श प्रदेश स्तर पर हो रहा है। इसके लिए हमीरपुर जिले से आयरन फैब्रिकेशन का प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। इस मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना, मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, जीएमडी आईसी रवि वर्मा तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## किसान मेला/प्रदर्शनी का आयोजन

**चौधरी चरण सिंह की जयंती**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** भारत रत्न स्व0 चौधरी चरण सिंह भूतपूर्व प्रधानमंत्री (भारत सरकार) की जयंती के शुभ अवसर पर जनपद स्तरीय किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेला/ प्रदर्शनी/ गोष्ठी, फल/शाक भाजी-शो का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय हमीरपुर में किया गया, जिसमें सदर विधायक डा0 मनोज कुमार प्रजापति के साथ विधायिका राठ मनीषा अनुरागी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने कार्यक्रम का उद्घाटन कर स्टालों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्जवल कर सदर विधायक, राठ विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि एवं जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने संयुक्त रूप किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डा0 मनोज कुमार प्रजापति ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह ने जमीदारी उन्नमूलन, विचौलियों से बचाने के लिए कृषि विपणन एक्ट के माध्यम से मण्डी परिषदों का गठन आदि के माध्यम से किसानों के हित में कम समय में महत्वपूर्ण कार्य किये। आज हम सब मिलकर कृषि एवं उसके अनुसांगिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने कृषकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देते हुए सम्मानित किया। जिला कृषि अधिकारी डा0 हरिशंकर ने कार्यकम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि एवं मंचासीन सभी गणमान्य अतिथियों तथा सभी कृषकों का स्वागत करते हुए उन्होने कहा कि किसानों के मसीहा स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के द्वारा किये गये कृषक हित में कार्यों का तिथिवार जानकारी दी। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 एन0के0 यादव, जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा किसानों को तकनीकी जानकारी के साथ-साथ विभाग में संचालित योजनाओं से कृषकों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर राठ विधायिका मनीषा अनुरागी द्वारा बताया गया कि स्व0 चौधरी चरण सिंह के कृषकों के लिए प्रधानमंत्री द्वारा जिसके हकदार वह पहले के हित में किये गये योगदान से थे भारत रत्न से सम्मानित कर सभी किसानों का सम्मान किया। कार्यक्रम में ही उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करने तथा आय के अन्य श्रोत बढ़ाने हेतु सभी किसानों को अपने खेती के कुछ भाग में बागवानी किये जाने हेतु अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में किसानों को सिचाई से सम्बन्धित किसी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए नहरों के टेल तक पानी पहुंचाने के साथ ही नलकूपों के 250 ट्रान्सफार्मर में से 230 समय से सही करा दिये गये है, शेष 20 को जल्द ठीक करा दिया जाने का आश्वासन कृषकों को दिया गया। उन्होने जनपद में मुसम्मी उत्पादन के क्षेत्र को बढ़ाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जिससे जनपद मुसम्मी उत्पादक के रूप में अपनी पहचान बना सके। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर प्रत्येक विकास खण्ड में 5-5 कृषकों को शाल, प्रमाण पत्र एवं 2000-2000 रू0 कार्यक्रम आयोजित कर वितरित किये गये तथा जनपद मुख्यालय पर 17 प्रथम एवं 17 द्वितीय कुल 34 विभिन्न कृषकों को प्रथम, द्वितीय पुरूस्कार के रूप में शाल, प्रमाण पत्र के साथ कमशः रू0 7000 एवं 5000 रू0 का वितरण किया गया।

## एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में आनंद मेला-2024 का आयोजन प्रस्तावित

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में दिनांक 28.12.2024 एवं 29.12.2024 को आनंद मेले का भव्य आयोजन होने जा रहा है। आनंद मेला-2024 में एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित वनिता समाज द्वारा संचालित बाल भवन स्कूल, टाइनी टोट्स स्कूल, कौशल विकास प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओं, तथा संत जोसेफ स्कूल, विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएँगे। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली परिसर में स्थित सेंट जोसेफ स्कूल, विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय इंटर कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न कला, शिल्प, विज्ञान की अनुपम प्रदर्शनियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आनंद मेले में वनिता समाज की सदस्याओं एवं आस-पास के विक्रेताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल्स, गेम्स, इलेक्ट्रॉनिक, फैंसी आइटम, कपड़े, हस्तकला आदि के स्टॉल्स लगाए जाएँगे।

## देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गई बीजेपी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** नि. कांग्रेस जिला अध्यक्ष राम राज गोड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है. बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोडती. इस बार तो हद ही पार कर दी. संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की माग रखी अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई. इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई. समता, समानता और न्याय के डॉ अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई. सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की. यही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। अमित शाह ने कहा कि ÷अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत बीजेपी की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और वैसाखी सरकार बना कर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया था. लेकिन बीजेपी ये खीज अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है और बाबा साहेब का अपमान किया गया है. लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी। कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है. लेकिन मोदी सरकार डॉ. अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है. उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप्प रखी. यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई।

## बिरखेरा में गोवंश की मौत पर पहुंची जांच टीम

**दोनों चरवाहों को हटाने के साथ प्रधान पर लापरवाही का आरोप लगाकर एसडीएम को भेजी गयी रिपोर्ट**

अवधनामा संवाददाता



**भरुआ सुमेरपुर।** बिरखेरा की अस्थाई गौशाला में दो गोवंशों की मौत के मामले में सोमवार को खंड विकास अधिकारी ने नायब तहसीलदार के साथ मिलकर गौशाला का निरीक्षण किया और लापरवाही बरतने वाले चौकीदार चरवाहे की सेवा समाप्त कर दी। साथ ही प्रधान द्वारा लापरवाही बरतने पर एसडीएम सदर को कार्यवाही के लिए जांच रिपोर्ट भेजी गई है। इस मामले में अधिकारियों ने पशुपालन विभाग को क्लीन चिट थमायी है। रविवार को सुबह बिरखेरा की अस्थाई गौशाला में भूख एवं ठंड से दो गोवंशों की मौत होने का आरोप लगाकर गांव के अतुल यादव ने दो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किये थे। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेकर सोमवार को खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार, नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार निगम, पशुधन प्रसार अधिकारी आरबी यादव के साथ गौशाला पहुंचे और निरीक्षण व ग्रामीणों से वार्ता के बाद चरवाहा पवन कुमार एवं रमेश को लापरवाही बरतने के आरोप में गौशाला से हटा दिया गया। साथ ही प्रधान अशोक यादव पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्यवाही के लिए जांच आख्या एसडीएम सदर को भेजी गई है। उन्होंने भूख और ठंड से गोवंशों के मरने के आरोपों को नकारकर गोवंशों के घायल होने पर इलाज के बाद हुई मौत की पुष्टि की है।

## वक्त तुम्हारा है उतना जुल्म करो, बाद में जितना सहने में आसानी हो: नदीम

वहाज अली निहाल

**जो लोग लोन बैंक से लेके हुए फरार लंदन में जिंदगी के मज़े लूट रहे हैं प्रदर्शनी पंडाल में हुआ कुल हिन्द मुशायरे का आयोजन**

**इटावा।** प्रदर्शनी पंडाल में बीती रात्रि अखिल भारतीय मुशायरे का शानदार आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ प्रदर्शनी कमेटी के सदस्य व वरिष्ठ अधिवक्ता शांति स्वरूप पाठक ने मंच पर शमा रोशन करके किया। मुशायरे की अध्यक्षता मशहूर शायर मंज़र भोपाली और संचालन अमरावती महाराष्ट्र से आये देश के विख्यात शायर अबरार काशिब ने किया। मुशायरे के संयोजक सईद नक़वी सदस्य प्रदर्शनी कमेटी एवं सह संयोजक गुफरान अहमद प्रिंसिपल इस्लामिया कालेज ने शायरों सहित एसडीएम सदर विक्रम राघव व सीडीओ अजय गौतम का स्वागत किया। स्वागत समिति मुशायरा के सदस्य शायर रौनक इटावी, डा.शमसुद्दीन सईदी, वहाज अली खान निहाल, शावेज़ नक़वी, नदीम एड., फरहान शकील, राहत हुसैन रिज़वी, कौकब नक़वी, इफ्तिखार मिर्ज़ा, दानिश मिर्जा, कामरान खान, सुहेल अहमद, आरिफ सिद्दीकी नूर, तनवीर अंसारी, आमिर हुसैन आदि ने देश भर से आये शायरों का बैज लगाकर स्वागत किया। देवबंद से आये डा.नदीम शाद ने मुशायरे का नात शरीफ से आगाज़ करते हुए कहा दोजख की आग कैसे जला पाएगी उसे, जिस दिल मे बसी हो मोहब्बत रसूल की। दूसरे दौर में उन्होंने कहा वक्त तुम्हारा है उतना जुल्म करो, बाद में जितना सहने में आसानी हो। सबा बलरामपुरी ने कहा ऐसा मुझे लगता है गर्दिश में सितारा है, फहरिस्त में झूठों की एक नाम तुम्हारा है, तुम आग लगाओगे हम आग बुझऊँगी, वो काम तुम्हारा था ये काम हमारा है। चांदनी



शबनम जलालपुरी ने कहा मुझे छोड़कर न जाओ मेरी है यही गुजारिश, मेरे पास आओ बैठो अभी दिल भरा नही। सीवान बिहार के हास्य शायर सुनील कुमार तंज ने कहा जो लोग लोन बैंक से लेके हुए फरार, लंदन में जिंदगी के मजे लूट रहे हैं। कोटा राजस्थान से आये शायर कुंवर जावेद ने कहा सूरज हूं मुझे डर किसी साये का नही है, ये देश मेरा घर है किराए का नहीं है, मुश्किल घड़ी है आओ उठो देश बचाएं, ये वक्त यार अपने पराए का नहीं है। वसीम सहारनपुरी ने कहा मेरे ख्याल से जीने का हक नहीं उनको, अपनी बहनों से कैसे नजर मिलाते हैं, खुद लड़कियों पर जो तेजाब डालते हैं।

असर नसीराबादी ने बताओ किस तरह हम तुमपे एतबार करें, जो मेरे साथ मोहब्बत का कारोबार करें, सुना है प्यार में मिलता है आजकल धोखा, इसीलिए तो हम इश्क बार-बार करें। ग्वालियर मध्य प्रदेश से आये अतुल अजनबी ने कहा हमने जब एतबार किया सर्द रात पर, सूरज उदास हो गया इतनी सी बात पर। मेहताब आलम भोपाली ने कहा तुम जाओ कहीं भी हम इसी जन्नत में रहेंगे, हम भारत के हैं भारत मे हैं भारत मे रहेंगे। आसिम मखनपुर कानपुर ने कहा तेरी खुशी के लिए हर खुशी को हार गया, मैं जिंदगी के लिए जिंदगी को हार गया। दिल्ली से आये आदिल रशीद ने कहा कैमरे का तो तसव्वर भी नहीं था उस वक्त, इश्क जब आंखों से तस्वीर लिया करता था। शायरा अना देहलवी, इकबाल अशर दिल्ली, हास्य शायर, सुंदर मालेगांव महाराष्ट्र, मीसम गोपालपुरी ने कलाम पेश किए। इस्लामिया कालेज के शिक्षक समी उद्दीन जुबैरी ने बेदम शाह वारसी की गजल पेश करते हुए कहा जिसपे मरता हूँ उसको देख तो लूं जी भरके, इतनी जल्दी तू मेरे कत्ल में जल्लाद न बन। इस्लामिया कालेज के छात्र हाफिज अफ्फान ने निसार सीमावी की गजल पेश करते हुए कहा जामे शराबे इश्क की लज्जत न पूछिये, आंसू मिला लिए हैं नए खुशगवार ने। मुशायरे में प्रेम शंकर शर्मा, रमा शंकर चौधरी, धर्मेंद्र बंसल, सुरेश अरोरा, विजय नारायण सिंघल, इदरीस अंसारी, काजी आफताब हुसैन, हाफिज़ मोहम्मद अहमद, शावेज़ नक़वी, सलीम अंसारी, मैराज अली एड, धीरेंद्र यादव, मास्टर यूसुफ, मास्टर आफताब, नासिर जलील, ज़ैनुल, कासिम फारूकी, हाफिज़ कैफ़, मास्टर सुहेल, मोहम्मद अनीस, गुलज़ार अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महाकुंभ की तैयारियां देख नाराज़ हुए मुख्यमंत्री



## आठ दिन में काम पूरा हो : योगी आदित्यनाथ

अवधनामा ब्यूरो

**प्रयागराज/लखनऊ।** महाकुंभ के कामों का जायजा लेने के लिए सोमवार दोपहर करीब 1 बजे प्रयागराज पहुंचे सीएम योगी ने सबसे पहले अरैल में बन रही टेंट सिटी का निरीक्षण किया। काम में देरी को लेकर अफसरों से नाराजगी जाहिर की। आठ दिन के अंदर यानी 1 जनवरी 2025 से पहले काम पूरा करने का निर्देश दिया।

अरैल से योगी दारागंज में दशाश्वमेध घाट पहुंचे। यहां गंगा की पूजा कर आरती की। दूध से गंगा का अभिषेक किया। इसके बाद मेला कार्यालय पहुंचे। यहां अधिकारियों के साथ महाकुंभ के कामों की समीक्षा बैठक की।

योगी ने मेला कार्यालय में मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि यहां पर पहली बार मां गंगा का रिवर फ्रंट लोगों को देखने को मिलेगा। अभी मैंने दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजा की। जेटी के निर्माण का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने 100 बेड का अस्थायी हॉस्पिटल बनाया है। इसके अलावा 25 बेड के हॉस्पिटल अलग-अलग जगहों पर बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पहली बार प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं को कॉरिडोर के माध्यम से झांकी देखने को मिलेगी। लोग पहली बार अक्षयवट कॉरिडोर और लेटे हनुमान जी मंदिर कॉरिडोर देखेंगे। इसके साथ ही सरस्वती कूप कॉरिडोर, पातालपुरी कॉरिडोर, श्रृंगवेरपुर में भगवान राम और निषादराज कॉरिडोर विकसित हुए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री मंडल के सबसे बड़े स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल का निरीक्षण करने पहुंचे। योगी खुद महाकुंभ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पिछले 17 दिन में उनका प्रयागराज का यह चौथा दौरा है।

## आतिथ्य सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करने का अवसर है महाकुम्भः सीएम योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान पत्रकारों से भी वार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाकुम्भ की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। केंद्र और राज्य सरकार के विभागों के साथ ही राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों के बीच बेहतरीन कोऑर्डिनेशन के साथ महाकुम्भ पर्व की तैयारी आगे बढ़ रही है। यहां हर संस्था का सहयोग लिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ एक महापर्व के साथ-साथ प्रयागराज के लिए एक अवसर भी है कि वह अपने आतिथ्य सेवा का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करे। सीएम योगी ने प्रयागराज के लोगों से इस अवसर को एक सक्सेस स्टोरी में बदलने और प्रयागराज की ब्रांडिंग के लिए सहयोग का भी आह्वान किया।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सनातन गौरव के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ की तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है। अब तक 20 हजार से अधिक संतों और संगठनों के साथ ही अन्य संस्थाओं को यहां पर रजिस्ट्रेशन करते हुए भूमि आवंटन के साथ जोड़ा गया है। इसमें सभी 13 अखाड़े, दंडीवाड़ा, आचार्य वाड़ा के साथ-साथ प्रयागवाल सभा और खाक चौक आदि को भूमि आवंटन की कार्रवाई की जा चुकी है। शेष अन्य लोगों को भी भूमि आवंटन की प्रक्रिया से जोड़ा जा रहा है। अन्य संस्थाओं के साथ ही नई संस्थाएं भी हैं, जिनको 5 जनवरी तक भूमि आवंटन किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। भूमि और अन्य प्रकार की सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था डबल इंजन की सरकार द्वारा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पहली बार महाकुम्भ में पांटून ब्रिज 22 से बढ़कर के 30 हो रहे हैं, जिसमें 20 अब तक तैयार हो चुके हैं और हर हाल में प्रयास है कि 30 तक सब सभी 30 के 30 पांटून ब्रिज बनकर तैयार हो जाएं। चेकर्ड प्लेट यहां पर कुल 651 किलोमीटर की बिछनी थी, जिसमें 330 किलोमीटर की चेकर्ड प्लेट्स अब तक बिछाई जा चुकी हैं। इसका कार्य भी युद्धस्तर पर चल रहा है और यह भी समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। साइनेजेस लगाने का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। अब तक मेला क्षेत्र में 250 साइनेजेस लगाए जा चुके हैं, जबकि सिटी के अंदर भी 661 स्थानों पर साइनेजेज लगाने का कार्य किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश जल निगम के द्वारा भी यहां पर व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। खासतौर पर यह प्रयास है कि सिंचाई विभाग के द्वारा अविरल और निर्मल गंगा के दर्शन हों, पर्याप्त मात्रा में संगम पर जल उपलब्ध होता रहे। आप देख रहे होंगे कि अन्य वर्षों की तुलना में इस बार मां गंगा और मां यमुना ने बड़ी कृपा की है और काफी पर्याप्त मात्रा में जल मौजूद है।

### 30 दिसंबर तक तैयार हो जाएंगे रिवर फ्रंट और घाट

सीएम योगी ने कहा कि यहां पर पावर कारपोरेशन के द्वारा 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए 400 केवीए के 85 सब स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं, जिसमें से 77 स्थापित हो चुके हैं। ढाई सौ केवीए के 14 सबस्टेशनों में से 12 स्थापित किए जा चुके हैं। 100 केवीए के 128 सब स्टेशनों में से 94 स्थापित हो चुके हैं। एलटी लाइन 1160 किलोमीटर, एचटी लाइन 160 किलोमीटर और एलइडी स्ट्रीट लाइट अब तक लगभग 48000 स्थापित की जा चुकी हैं। यहां पर पहली बार मां गंगा का रिवर फ्रंट लोगों को देखने को मिलेगा। प्रयागराज में पहली बार रिवर फ्रंट और पक्के घाट बने हैं। ऐसे ही अरैल में भी एक घाट बन रहा है और प्रयास है कि 30 दिसंबर तक हर हाल में वह घाट बनाकर तैयार हो जाए। सीएम ने कहा कि जितने भी स्थाई और अस्थाई कार्य होने थे, इन पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। जेटी के निर्माण का कार्य का युद्ध स्तर पर चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने भी 100 बेड का एक अस्थाई अस्पताल स्थापित कर दिया है। इसके अलावा 25 बेड के हॉस्पिटल अलग-अलग स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बनाए जा रहे हैं। फर्स्ट एड बॉक्स की सुविधा यहां पर प्रदान की जा रही है।

### कॉरिडोर दिखाएंगे श्रद्धालुओं को प्रयागराज की झांकी

महाकुम्भ के दौरान पहली बार प्रयागराज आने वाले श्रद्धालु जनों को कॉरिडोर के माध्यम से भी प्रयागराज की झांकी देखने को मिलेगी। अक्षय वट कॉरिडोर का प्रधानमंत्री जी के कर कमल से उद्घाटन हो चुका है। बड़े हनुमान जी यानी लेटे हुए हनुमान जी कॉरिडोर भी श्रद्धालु जनों को देखने का अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही सरस्वती कूप कॉरिडोर, पातालपुरी कॉरिडोर, महर्षि भारद्वाज कॉरिडोर के अलावा श्रृंगवेरपुर में भगवान राम और निषाद राज कॉरिडोर तो विकसित हुए ही हैं, साथ ही द्वादश ज्योतिर्लिंग, नागवासुकि मंदिर और अन्य महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के सुंदरीकरण और फसाड लाइटिंग के कार्य भी पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने यहां पर द्वादश ज्योतिर्लिंग की बहुत अच्छी रेप्लिका बनाई है। साथ ही, त्रिवेणी पुष्प जो पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी जी की परिकल्पना थी, आज उसका एक भव्य रूप उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और परमार्थ आश्रम मिलकर तैयार कर रहे हैं। इसके अलावा टेंट सिटी के निर्माण का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। 20,000 श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण के द्वारा टेंट सिटी स्थापित की जा रही है। इसके अलावा अन्य विशिष्ट जनों के लिए भी लगभग 5 से 6 हजार क्षमता वाले टेंटेज अलग-अलग स्थान पर बनाए जा रहे हैं।

# एलडीए ने अवैध निर्माणों के खिलाफ की कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को प्रवर्तन जोन-3 और 4 में अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान अलीगंज, मड़ियांव और पारा में कुल 5 अवैध निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि पारा के सरोसा-भरोसा में पतौरा मोड़ पर सिंगारी विहार कॉलोनी में लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर कृष्ण स्टील की ओर से व्यवसायिक निर्माण व 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर फौजी काका ट्रेडर्स की ओर से कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किये जा रहे दोनों निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता अनूप श्रीवास्तव ने अवर अभियंता एस.के. सिंह व राम चौहान के सहयोग से सीलिंग की कार्रवाई कराई। वहीं प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि सोनाली गुप्ता व अन्य की ओर से अलीगंज के त्रिवेणी नगर-तृतीय में स्टीफन स्कूल के सामने लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर चार मंजिला इमारत का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह विजय कुमार की ओर से अलीगंज के सेक्टर-एल में भूखण्ड संख्या-बी-1/15 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में भवन निर्माण कराया जा रहा था।

## युवा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन 24 दिसम्बर को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी की 100 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर युवा साहित्य प्रतिभा सम्मान के तहत युवा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन 24 दिसंबर 2024 को प्रातः 10:00 बजे से तथा 'सामाजिक एकता में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी का योगदान' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन सायं 03:00 बजे से न्यू हैदराबाद स्थित उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के आडिटोरियम में किया जाएगा। उक्त कार्यकम में 14 वर्ष से 40 वर्ष तक के 100 से अधिक प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। काव्य पाठ में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 10 विजेताओं को सांत्वना पुरुस्कार के साथ प्रतीक चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव जी ने दी।

# जनाबे फातिमा जहरा की विलादत पर जगह-जगह महफिलों का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सोमवार को दुख्तरे रसूल जनाबे फातिमा जहरा की विलादत 20 जमादिस्सानी (जन्मदिन) की खुशी में शहर में महफिल-मीलाद और नज्र-नियाज का आयोजन किया गया। जगह-जगह महफिलों का आयोजन हुआ, जिसमें उलमा व जाकिरों ने दुख्तरे रसूल जनाबे फातिमा की सीरत, अजमत और फजीलत बयान की वहीं शायरों ने अपने कलाम पेश किये। अकीदतमंदों ने अपने घर, इमामबाड़ों, रौजों और मस्जिदों में नज्र-नियाज का आयोजन किया और एक-दूसरे को दुख्तरे रसूल के जन्मदिन की मुबारकबाद दी। महिलाओं ने भी घरों, इमामबाड़ों और रौजों में महफिलें आयोजित कर दुख्तरे रसूल के जन्मदिन की खुशी मनायी। सआदतगंज के रुस्तम नगर स्थित रौजए फातमैन में इदारए आलिया तब्लीग व इशाअत की ओर से हुई तरही महफिल को मौलाना जाफर अब्बास ने खिताब किया। महफिल में मिस्रे तरह फातिमा जहरा का रुतबा पूछिए कुर्आन से पर शायरों ने अपने कलाम पेश किये। नक्खास स्थित मस्जिद हैदरी में नेशनल हुसैनी कांफ्रेंस की ओर से हुई महफिल को मौलाना दानिश जैदी ने खिताब किया। महफिल के बाद शायरों ने अपने कलामों का नजराना पेश किया। सआदतगंज के हसनपुरिया स्थित मस्जिद अब्बासिया में हुई महफिल को मौलाना जमन हैदर जैदी ने खिताब किया। वहीं हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित रौजए हजरत अली में सोमवार सुबह महफिल आयोजित हुई, जिसमें उलमा के खिताब के बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किये। अन्जुमन हाए मातमी के संयोजक मौलाना यासूब अब्बास की ओर से दुख्तरे रसूल जनाबे फातिमा की विलादत की खुशी में नक्खास चौराहा स्थित अवध प्वाइंट पर नज्र दिलाई गयी। इस मौके पर मौलाना साएम मेहदी, मौलाना जाहिद अहमद, मौलाना सैफ अब्बास नकवी सहित अन्य उलमा ने दस्तरख्वान पर दुख्तरे रसूल की नज्र दी। हजरत अली के बेटे और दूसरे इमाम हजरत इमामे हसन के दस्तरख्वान की नज्र बुधवार को कराई जाएगी। बुधवार को मगरिब की नमाज के बाद अकीदतमंद अपने घरों में तमाम तरह के फल, मेवे, पकवानों और व्यंजनों पर इमाम की नज्र दिलाएंगे। नज्र के बाद लोग एक-दूसरे के घरों में जाकर नज्र चख अपनी दुआएं मांगेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा नियंत्रक ने दिए सफल संचालन का निर्देश





**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। विदित है कि ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 दिसम्बर से प्रारंभ हो गई हैं विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के केन्द्र अध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि आज दोनों पालियों में कुल 2262 विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तो वहीं 30 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दूसरे दिन निरीक्षण के दौरान परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने केन्द्र का निरीक्षण कर दुरुस्त व्यवस्थाओं के साथ परीक्षाओ के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दिगेश पांडेय और उड़ाका दल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### राजभर मदारिसे अरबिया की मांगों पर आज करेंगे चर्चा



**लखनऊ।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण और पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर मंगलवार को आल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया की मांगों पर संगठन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। बीती 11 दिसम्बर को एसोसिएशन की ओर से आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए मंत्री को 30 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था। मांग पत्र में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त कामिल-फाजिल मदरसों को ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि से सम्बद्ध करने, छठा वेतन समिति की सिफारिशों को लागू करने, शिक्षक-कर्मचारियों की सेवा-सुरक्षा को विश्वनीय बनाने आदि सहित अन्य मांगें की गयी थीं। मंत्री कल संगठन के पदाधिकारियों के साथ विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैठक कर समस्याओं के समुचित समाधान का प्रयास करेंगे।

### 'कृषकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना' हेतु 136.45 लाख रूपये स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दुग्ध विकास के अंतर्गत आच्छादित संस्थाओं के माध्यम से कृषकों को प्रशिक्षण दिए जाने हेतु कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 136.45 लाख रुपये (एक करोड़ छत्तीस लाख पैतालीस हजार मात्र) की धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत की है। यह धनराशि 31 जनपदों के लिए जिला योजना एस0सी0पी0 के तहत स्वीकृत की गई है। दुग्ध विकास विभाग द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए एस0सी0पी0/टी0एस0पी0 मानक के अनुरूप व्यय की जाएगी। जारी आदेशानुसार योजना के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन एवं स्वीकृत धनराशि के नियामानुसार व्यय के संबंध में जनपद मैनपुरी, आगरा, मेरठ, झांसी, जालौन (उरई) हमीरपुर, बांदा, महोबा, लखनऊ, लखीमपुरखीरी, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज. प्रतापगढ़, कानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, गोण्डा एवं बहराइच के दुग्धशाला विकास अधिकारी/उप दुग्धशाला विकास अधिकारी /आहरण वितरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# रक्षा मंत्री का लखनऊ एयरपोर्ट पर स्वागत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार अपराह्न 03 बजे लखनऊ पहुंचें। एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला, एमएलसी लालजी निर्मल, रामचंद्र प्रधान, पूर्व मंत्री स्वाति सिंह पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, दिवाकर त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष मनोहर सिंह, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी, पुष्कर शुक्ला सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारीयों ने अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर रक्षा मंत्री का स्वागत किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एयरपोर्ट से सीधे कालिदास मार्ग आवास पहुंचे जहां देर रात तक विभिन्न सामाजिक संगठनों और पार्टी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं से भेंट की।

# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी: केशव मौर्य

- जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाये, जवाबदेही
- हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान
- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन में लगभग 3 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।

# अजय राय ने हुसैनगंज कोतवाली में बयान दर्ज कराया

**प्रभात पाण्डेय मौत मामला**

- परिजनों को 10 लाख रुपये का चेक सौंपा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस की ओर से बीते बुधवार को विधानसभा घेराव के दौरान प्रभात पाण्डेय की मौत मामले में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय हुसैनगंज कोतवाली में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे। श्री राय के साथ अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा, सीतापुर से सांसद राकेश राठौर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू और निवर्तमान प्रदेश महासचिव व संगठन प्रभारी अनिल यादव भी कोतवाली पहुंचे। लगभग दो घण्टे की पूछताछ के बाद कोतवाली से बाहर निकले श्री राय ने मीडिया से बात करते हुए पुलिस पर दबाव में कार्रवाई करने का आरोप लगाया। श्री राय ने कहा कि मृतक के परिवार के साथ मैं खुद और कांग्रेस पार्टी भी न्याय की मांग करती है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पुलिस दबाव में एकतरफा कार्रवाई कर रही है। विधानसभा घेराव के दौरान मुझे भी चोटें आई थीं और मैं बेहोश भी हो गया था। पार्टी की ओर से भी पुलिस को तहरीर दी गयी थी लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं दूसरी ओर स्वर्गीय प्रभात पाण्डेय के परिजनों को सोमवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की घोषित आर्थिक सहायता के रूप में 10 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। स्वर्गीय पाण्डेय के पिता दीपक पाण्डेय को पार्टी की ओर से चेक दिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्वर्गीय प्रभात पाण्डेय के परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी रहेगी। स्वर्गीय पाण्डेय की बहन हमारी बेटी की तरह है और उसकी पढ़ाई से लेकर कन्यादान तक की जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी की है। कांग्रेस इस बात के लिए संकल्पित है कि स्वर्गीय पाण्डेय का परिवार कांग्रेस का परिवार है और हम उनकी हर एक जरूरत पर उनके साथ हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद मोहम्मद मुकीम, पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, आलोक प्रसाद, केशवचन्द्र यादव, गोरखपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्मला पासवान, महिला अध्यक्ष शहला अहरारी, बस्ती और सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

## चौधरी चरण सिंह व पूर्व प्रधानमंत्री की कांग्रेस ने मनाई पुण्यतिथि

## चौधरी चरण सिंह देश के किसानों के नेता थेः अजय राय

पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के नेता रहे स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की पुण्यतिथि सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। इस मौके पर दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के किसानों के नेता थे और कृषि अर्थशास्त्र के बड़े ज्ञाता थे। वह जिंदगी भर किसानों की लड़ाई लड़ते रहे। श्री राय ने कहा कि स्वर्गीय नरसिम्हा राव बहुत विद्वान और दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने देश में नई नीतियां लागू की और खुली अर्थव्यवस्था लाए, जिसके परिणामस्वरूप देश ने निरंतर विकास किया। आज उसी नींव पर देश आगे बढ़ रहा है। श्री राय ने कहा कि देश आज दोनों महापुरुषों को याद कर रहा है। हमारा कर्तव्य है कि इन दोनों महापुरुषों ने जो मार्ग दिखाया है हम उसे याद कर उस पर चलने का प्रयास करें। इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ. सी.पी. राय, दिनेश सिंह, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, बृजेन्द्र सिंह, मुन्ना राय, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, नुसरत अली, नरेन्द्र त्रिपाठी, विनोद राय, तनवीर फातिमा, आशीष दीक्षित, सुशीला शर्मा, अय्यूब सिद्दीकी, आशुतोष मिश्रा, विजय पाण्डेय, अजहर फैज सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने शुरू किया डिजिटल रुपी एप्लीकेशन में एक्सेसिबिलिटी फीचर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपने सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एप्लीकेशन में एक्सेसिबिलिटी फीचर का आरंभ किया गया है, जिसे व्यापक रूप से डिजिटल रुपी के रूप में जाना जाता है। यूनियन बैंक इस तरह की समावेशी पहल प्रदान करने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक है, जिसके माध्यम से वित्तीय समावेशन और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बैंक अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी और विनियमित डिजिटल रुपी, फ़िएट करेंसी का एक डिजिटल रूप है जो वॉलेट-आधारित लेनदेन, यूपीआई क्यूआर कोड के साथ अंतर-संचालन, ऑटो-लोड कार्यक्षमता और रीयल-टाइम निपटान को सुलभ बनाता है।

नए एक्सेसिबिलिटी फीचर इस क्रांतिकारी उत्पाद की पहुँच को दिवयांगजनों तक बढ़ाते हैं, जिससे उपयोगकर्ता को इसे अपनाने में सरलता होती है।

इसे अधिक एक्सेसिबल और इसके माध्यम से दृष्टिबाधित व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए, यह सुविधा उन्हें सीबीडीसी वॉलेट को सरलता से डाउनलोड करने और नेविगेट करने में सहायता करेगी। प्रमुख संवर्द्धन में शामिल हैं वॉयस-ओवर संगतता जो उचित रूप से लेबल किए गए एप्लिकेशन एलिमेंट के साथ सूचनात्मक स्क्रीन रीडिंग एक सहज अनुभव सुनिश्चित करती है। साथ ही इसमें जेस्चर-आधारित नेविगेशन है जो स्वाइप-टू-नेविगेट और डबल-टैप-टू-सिलेक्ट जैसे सरल जेस्चर करेंसी चयन सहित ऐप के साथ कुशल इंटरैक्शन को सक्षम करते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद है प्लेटफ़ॉर्म संगतता जो आईओएस और एंड्रोइड दोनों डिवाइस पर पूरी तरह कार्यशील है।

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलै ने बतायाः यूनियन बैंक ऑफ इंडिया वित्तीय समावेशन और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे डिजिटल रुपी एप्लिकेशन में एक्सेसिबिलिटी सुविधाएँ पेश करके, हम बाधाओं को तोड़ रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अत्याधुनिक तकनीक के लाभ सभी के लिए उपलब्ध हों।